धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, गुरुवार

27.02.2025

* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 226



12 प्रीति जिंटा ने तीसरी बार लगायी संगम में डुबकी

## देवघर आस्था का केंद्र, इसे आगे बढ़ायेगी राज्य सरकार : सीएम

### देवघर में महाशिवरात्रि महोत्सव में शामिल हुए सीएम हेमंत सोरेन, वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिव बारात को किया रवाना

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर देवघर में आयोजित महाशिवरात्रि महोत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर केएनएन स्टेडियम में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भव्य एवं आकर्षक झांकियों के साथ शिव बारात को रवाना किया। उन्होंने कहा कि यहां हम एक ऐसे समूह के साथ खड़े हैं। इसमें इंसान के साथ जीव जंतु भी शामिल हैं। ऐसे महोत्सव में इतनी बड़ी संख्या में लोगों का एकत्र होना यह दर्शाता है कि इससे ऊपर और कोई ताकत नहीं है।

उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि का महापर्व बाबा नगरी देवघर के लिए विशेष है। आज यह महोत्सव निरंतर बड़ा आयाम लेने की तैयारी में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि देवघर की पावन धरती असीम आस्था का केंद्र है। इस पवित्र स्थल को और बेहतर करने के लिए सरकार मंथन करेगी और इसमें आपका सहयोग काफी मायने रखेगा। आने वाले समय में आस्था के इस केंद्र को और मजबूती के साथ आगे ले जाना है। इस अवसर पर राज्य सरकार के कई मंत्री और नेता समेत अधिकारीगण मौजूद रहे। उधर राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में शिवमंदिरों में आस्था की भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया और अपनी अपनी मन्नतें मांगी।





बाबा वैद्यनाथ धाम, देवघर में महाशिवरात्रि के मौके पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

## न्यूज डायरी

### केदारनाथ धाम के कपाट 2 मई से खुलेंगे

**रूद्रप्रयाग।** महाशिवरात्रि के अवसर पर बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने घोषणा की कि केदारनाथ धाम के कपाट 2 मई को सुबह 7 बजे भक्तों के लिए खोल दिए जाएंगे। घोषणा हुई कि बाबा केदार की पंचमुखी डोली 28 अप्रैल को ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ से केदारनाथ के लिए प्रस्थान करेगी।

### कुंभ से लौट रांची-रामगढ़ के चार युवकों की मौत

**रामगढ़।** प्रयागराज कुंभ से स्नान कर लौट रहे सात दोस्तों की कार प्रतापगढ़ (उत्तर प्रदेश) के पास हादसे का शिकार हो गयी। हादसे में रामगढ़ और रांची के चार युवकों की मौत हो गयी जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हैं। हादसे में घायल रोहित, आकाश और रूपेश को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### स्कूटी में ब्लास्ट हुआ, घर में लगी आग

**जामताड़ा।** इलेक्ट्रिक स्कूटी में अचानक ब्लास्ट होने से सदर थाना क्षेत्र के बेना गांव में लगी आग में पूरा घर जल कर राख हो गया। परिवार वालों ने कहा कि आग की लपटें इतनी तेज थी कि देखते ही सारा सामान जलने लगा। लोग कुछ समझते तब तक घर में पूरी तरह आग फैल गयी। अग्निशामन की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग को बुझाया।

### कोडरमा : नदी गिरी बाइक, महिला की मौत

**कोडरमा।** रांची पटना मुख्य मार्ग पर कोडरमा में गौरी पुल से नदी में गिरकर एक महिला की मौत हो गयी। इस घटना में उसका पति घायल हो गया। पति की हालत गंभीर है। दोनों मोटरसाइकिल से बरही की ओर जा रहे थे, इसी दौरान गौरी नदी पुल पर बने डिवाइडर से उनकी बाइक टकरा गयी और नदी में जा गिरी।

### 13 लाख का इनामी मोस्ट वांटेड नक्सली मारा गया

**पटना।** झारखंड-बिहार का मोस्टवांटेड 13 लाख इनामी नक्सली विवेक यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। हत्या के पीछे का कारण नक्सलियों की आपसी वर्चस्व की लड़ाई मानी जा रही है। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए गया के मगध मेडिकल कॉलेज भेज दिया। झारखंड में कई नक्सली घटनाओं में शामिल था। झारखंड पुलिस ने उस पर दस लाख का इनाम रखा था।

### सीसीएल के गिद्दी सी प्रोजेक्ट में सीबीआई छापा

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के सीसीएल अरगड्डा के रेलीगढ़ा गिद्दी 'सी' परियोजना में सीबीआई के अधिकारियों ने बुधवार को छापेमारी की। सीबीआई की 15 सदस्यीय टीम रेलीगढ़ा गिद्दी सी पहुंची और चार स्थानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की। जानकारी के अनुसार लोकल सेल, रोड सेल, कोयला डिस्पैच, कांटा उठाव में व्यापक भ्रष्टाचार को लेकर टीम जांच कर रही है।

**प्रयागराज महाकुंभ : अंतिम दिन 2 करोड़ श्रद्धालु पहुंचे, वायुसेना ने फूल बरसाये**

# महाकुंभ ने बनाया महारिकार्ड 67 करोड़ ने लगायी डुबकी

**पवित्र स्नान**

एजेंसी

**महाकुम्भ नगर।** महाशिवरात्रि पर अंतिम स्नान के साथ ही प्रयागराज महाकुंभ मेले का समापन हो गया। 45 दिन चले इस मेले में देश और दुनिया से करीब 67 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगायी, जो एक महारिकार्ड बन गया। ये आंकड़ा अमेरिका की कुल आबादी से दोगुना है। कुम्भ मेला प्रशासन के मुताबिक अंतिम दिन बुधवार देर रात तक 2 से 3 करोड़ श्रद्धालुओं के पवित्र स्नान करने का अनुमान है। महाकुंभ मेला 13 जनवरी पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ शुरू हुआ था। इसी के साथ दिव्य, भव्य और सुरक्षित महाकुंभ अगले कुम्भ के लिए विदा हो गया। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, फिल्म सितारों, उद्योगपतियों से लेकर आमजन तक ने सनातन के इस भव्य और दिव्य आयोजन में सहभागिता निभायी। अंतिम दिन फिल्म स्टार प्रीति जिंटा ने भी पवित्र स्नान किया।



**आधी रात से ही लगने लगी डुबकी :** बता दें कि आखिरी दिन पुण्यकाल और मुहूर्त का इंतजार किए बिना मंगलवार आधी रात से ही आस्था की डुबकी लगने लगी। इस बार भी आठ से 10 किमी पहले ही बैरीकेडिंग लगाकर वाहनों का प्रवेश रोक दिए जाने से श्रद्धालुओं को पैदल लंबी दूरी तय करनी पड़ी। हर मन में संगम में डुबकी लगाकर जीवन धन्य बनाने की आतुरता थी। महाशिवरात्रि पर ग्रहों के उत्तम संयोग की वजह से संगम पर स्नान के साथ ही दीपदान, पूजा, अर्घ्य और आरती की भी होड़ मची रही।

**विमान से पुष्पवर्षा :** महाशिवरात्रि के पवित्र स्नान पर्व पर एयरशो में सुखोई विमान भी उड़े। श्रद्धालुओं पर फूलों की बारिश भी की गयी।

**इन विशेष तिथियों में इतने श्रद्धालुओं ने संगम में लगायी डुबकी**

| | |
|---|---|
| 13 जनवरी ( पौष पूर्णिमा ) | 1.70 करोड़ |
| 14 जनवरी (मकर संक्रांति) | 3.50 करोड़ |
| 29 जनवरी (मौनी अमवस्या) | 7.64 करोड़ |
| 03 फरवरी (वसंत पंचमी ) | 2.57 करोड़ |
| 12 फरवरी ( माघ पूर्णिमा ) | 2 करोड़ |
| 26 फरवरी ( महाशिवरात्रि ) | 2.50 करोड़ |

**केंद्र ने कोर्ट में कहा- छह साल का बैन काफी**

## दागी नेताओं को ताउम्र बैन करना उचित नहीं

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्र ने दोषी राजनेताओं पर सुप्रीम कोर्ट में अपना पक्ष रखते हुए कहा कि आजीवन अयोग्यता अत्यधिक कठोर होगा। केंद्र ने आजीवन प्रतिबंध लगाने की याचिका का सुप्रीम कोर्ट में विरोध किया। केंद्र ने कहा कि आजीवन प्रतिबंध की मांग 'संसद को एक खास तरीके से कानून बनाने का निर्देश देने के बराबर है, जो न्यायिक समीक्षा की शक्तियों से पूरी तरह परे है। छह साल तक चुनाव लड़ने पर बैन ही काफी है।

**यह संसद का क्षेत्राधिकार :** सुप्रीम कोर्ट में अपना पक्ष रखते हुए केंद्र ने कहा, दोषी राजनेताओं पर आजीवन प्रतिबंध उचित होगा या नहीं, यह मुद्दा संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है। केंद्र ने सर्वोच्च न्यायालय में हलफनामा दायर कर कहा कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत प्रावधान संवैधानिक रूप से सुदृढ़ हैं। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि उनकी अयोग्यता को छह साल तक सीमित करने में कुछ भी असंवैधानिक नहीं है। हलफनामे में कहा गया है, यह एक सामान्य कानून है कि अदालतें संसद को कानून बनाने या किसी खास तरीके से कानून बनाने का निर्देश नहीं दे सकतीं। केंद्र की ओर से यह हलफनामा अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा दायर जनहित याचिका पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर आयी है। अश्विनी कुमार ने याचिका में देश में सांसदों और विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामलों के शीघ्र निपटारे के अलावा दोषी ठहराये गये राजनेताओं पर आजीवन प्रतिबंध लगाने की मांग की थी।



**झारखंड में ट्राइबल एडवाइजरी कमेटी का हुआ गठन**

## सीएम टीएसी अध्यक्ष, चमरा लिंडा उपाध्यक्ष और बाबूलाल समेत 15 विधायक बने मेंबर

खबर मन्त्र ब्यूरो







**रांची।** झारखंड में ट्राइबल एडवाईजरी कमेटी का गठन कर लिया गया है। नयी कमेटी में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अध्यक्ष होंगे, जबकि समाज कल्याण मंत्री चमरा लिंडा पदेन उपाध्यक्ष होंगे। इससे संबंधित अधिसूचना एससी, एसटी, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के मुताबिक इस कमेटी में 15 विधायकों को कमेटी का सदस्य बनाया गया है।

**बाबूलाल और चंपई बने मेंबर :** ट्राइबल एडबाइजरी कमेटी का जिन विधायकों को सदस्य बनाया गया है, उनमें पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और चंपाई सोरेन का नाम भी शामिल है। इनके अलावा कमेटी में विधायक पूर्व मंत्री स्टीफन मरांडी, विधायक आलोक सोरेन, लुईस मरांडी, संजीव सरदार, सोनाराम सिंकु, जगत मांझी, दशरथ गगराई, सुदीप गुड़िया, राम सूर्य मुंडा, राजेश कच्छप, जिगा सुसारन होरो, नमन विक्सल कोंगाडी और रामचंद्र सिंह को भी सदस्य बनाया गया है।

## हजारीबाग में महाशिवरात्रि पर लाउडस्पीकर लगाने पर झड़प

एजेंसी

**हजारीबाग।** महाविशवरात्रि के दिन लाउडस्पीकर लगाने के दौरान हिंदुस्तान चौक पर दो समुदायों के बीच झड़प हो गयी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शिवरात्रि पर गाना बजाने के लिए लाउडस्पीकर लगाने के दौरान यह घटना घटी। उपद्रवियों ने तीन बाइक, एक दुकान और एक कार को आग के हवाले कर दिया। एक ऑटो में भी तोड़ फोड़ की गयी है। वहीं, पूरी सड़क पर पत्थर के टुकड़े पड़े नजर आए। प्रशासन ने हल्का बल प्रयोग कर सभी को शांत करवाया। प्रशिक्षु आईएएस सह सदर अनुमंडल पदाधिकारी लोकेश बारंगे, प्रशिक्षु आईपीएस श्रुति अग्रवाल सहित पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी समेत पुलिस बल घटनास्थल पर मौजूद हैं। समाचार लिखे जाने तक स्थिति नियंत्रण में थी। जिला प्रशासन ने आमलोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा शांति बनाए रखने की अपील की है। एसपी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि दोषियों को चिन्हित कर पुलिस कार्रवाई करेगी।



**भ्रष्टाचार : झारखंड में अबुआ आवास आवंटन घोटाला**

## गिरिडीह जिले में संपन्न लोगों को आवंटित किया गया अबुआ आवास, जांच के आदेश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग ने गिरिडीह जिले के सभी प्रखंडों में अबुआ आवास योजना की गड़बड़ी की शिकायत की जांच का आदेश गिरिडीह जिले के उपायुक्त को दिया है। इस संबंध में मुख्य सचिव को एक परिवाद मिला था, जिस पर अब जांच कराने का निर्णय लिया गया है। शिकायत में यह बात सामने आयी है कि गिरिडीह जिले के सभी प्रखंडों में अबुआ आवास योजना में भारी अनियमितता बरती गयी है। वैसे लोगों को योजना का लाभ दिया गया है, जो संपन्न हैं और अबुआ आवास योजना लेने की अर्हता पूरी नहीं करते हैं।

### गरीब लोग लाभ से वंचित





यह बात भी सामने आयी कि इससे गरीब तबके के लोग आवास लेने से वंचित हो गये हैं। आवास आवंटन में पैसे का लेन-देन हुआ जिसमें मुखिया से लेकर पदाधिकारी की भी भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है। ऐसे में विभाग ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अबुआ आवास योजना से आवंटित आवास, निर्माण कार्य, लाभुकों की सूची इत्यादि की जांच कराने को कहा है। जांच रिपोर्ट भी मांगी गयी है।

**गहना आभूषण**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 79700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 97000 रु./प्रति किलो |

**तीसरी आंख**





**केंद्र ने फ्यूचर स्किल्स प्रोग्राम के तहत 20,000 इंजीनियरों को प्रशिक्षित करने की बनायी योजना**

# भारत की पहली स्वदेशी सेमीकंडक्टर चिप 2025 तक उत्पादन के लिए हो जायेगी तैयार : अश्विनी वैष्णव

**तकनीकी आत्मनिर्भरता**

एजेंसी

**भोपाल।** भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 के दूसरे दिन केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कई अहम घोषणाएं की। उन्होंने बताया कि भारत की पहली स्वदेशी सेमीकंडक्टर चिप 2025 तक उत्पादन के लिए तैयार हो जायेगी। उन्होंने इस बड़ी उपलब्धि के लिए पीएम मोदी और मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव को बधाई दी। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य में दो बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण केंद्र एक भोपाल में और दूसरा जबलपुर में विकसित किए जा रहे हैं। तकनीकी क्षेत्र में युवाओं को अवसर देने के लिए केंद्र सरकार ने फ्यूचर स्किल्स प्रोग्राम के तहत मध्यप्रदेश में 20,000 इंजीनियरों को प्रशिक्षित करने की योजना बनायी है।



गौरतलब है कि पिछले 10 वर्षों में भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग में जबरदस्त उछाल आया है और इसकी कीमत 10 लाख करोड़ तक पहुंच गयी है। भारत अब 5 लाख करोड़ के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों का निर्यात कर रहा है, जिसमें मोबाइल फोन (4 लाख करोड़), लैपटॉप, सर्वर और टेलीकॉम उपकरण (75,000 करोड़) शामिल हैं।

भारत अब सेमीकंडक्टर निर्माण में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। वर्तमान में, देश में पांच सेमीकंडक्टर निर्माण इकाइयां बन रही हैं और 2025 तक भारत की पहली स्वदेशी चिप बाजार में आ जाएगी। इस क्षेत्र में प्रतिभा को और विकसित करने के लिए सरकार 85,000 इंजीनियरों को सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण में प्रशिक्षित कर रही है।

वहीं भोपाल में एक नया आईटी कैंपस खोला गया है जो 1 लाख वर्ग फुट में फैला हुआ है। इसमें सर्वर, डेस्कटॉप, मदरबोर्ड, लैपटॉप, टैबलेट, मॉनिटर, ड्रोन और रोबोट जैसे इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद बनाए जाएंगे। अगले छह वर्षों में इस कैंपस में 150 करोड़ का निवेश होगा और लगभग 1,200 लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है।

इस मौके पर अश्विनी वैष्णव ने एचएलबीएस नामक टेक्नोलॉजी कंपनी की भी सराहना की। यह कंपनी भोपाल में एक अत्याधुनिक निर्माण और अनुसंधान केंद्र स्थापित कर रही है।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के पहले दिन, भारतीय रेलवे और मध्य प्रदेश सरकार ने अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं पर समझौते किए जिससे राज्य में विकास को और गति मिलेगी।

## सांसद महुआ माजी की हालत स्थिर, आर्किड में इलाज जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सड़क हादसे में घायल झामुमो की राज्यसभा सांसद महुआ माजी की हालत स्थित बतायी जा रही है। रांची के ऑर्किड अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। बुधवार को सीएम हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ उनसे मिलने अस्पताल पहुंचे। जल्द स्वस्थ होने की कामना की। चिकित्सकों ने सीएम को बताया कि उनकी हालत स्थिर है। बता दें कि महुआ माजी अपने पुत्र सोमवित माजी और पुत्रवधु के साथ महाकुंभ में स्नान कर वापस रांची लौट रही थीं। तड़के लातेहार के होटवाग गांव के पास उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। पुलिस ने लातेहार में प्राथमिक उपचार कराया। बाद में उन्हें रांची लाया गया।



आर्किड अस्पताल के पीआरओ के अनुसार महुआ माजी की बाई हाथ की कलाई में फ्रैक्चर आया है। लेफ्ट चेस्ट के रिब में भी तीन फ्रैक्चर है। कलाई में आये फ्रैक्चर को सर्जरी से ठीक किया जायेगा। डॉ ध्रुव पॉल और डॉ निशित कुमार उनका इलाज कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कार में सवार महुआ माजी के पुत्र, पुत्रवधु और चालक बिल्कुल ठीक हैं। उनको अस्पताल में भर्ती करने की जरुरत नहीं पड़ी। राहत की बात रही कि टक्कर होते ही कार का एयरबैग खुल गया। आशंका है कि चालक को झपकी आने के कारण यह हादसा हुआ।

### राज्यपाल संतोष गंगवार ने नमो ई-लाइब्रेरी का किया लोकार्पण

# शोधार्थियों के लिये बहुउपयोगी होगी यह लाइब्रेरी : संजय सेठ

- **केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि दुनिया की सभी पुस्तकों का ऑनलाइन सब्सक्रिप्शन उपलब्ध होगा**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्यपाल संतोष गंगवार ने बुधवार को नमो ई लाइब्रेरी सह साइबर कम्युनिटी सेंटर का लोकार्पण किया। यह आयोजन सांसद संजय सेठ के अरगोड़ा स्थित कार्यालय में किया गया। राज्यपाल ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के रिसर्च और इनोवेशन के मंत्र का प्रमुख माध्यम यह केंद्र बनेगा। यहां शोध से जुड़े लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने संजय सेठ के इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि संजय सेठ के द्वारा सामाजिक और शैक्षणिक क्षेत्र में भी किया जा रहे पहल सराहनीय है। यह केंद्र युवाओं शोधार्थियों के लिये बहुत सहयोगी साबित होगा। समाज के अधिक से अधिक युवा, शोधार्थी और महिलाएं इस केंद्र का लाभ उठायेंगे। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को पूर्ण करने में टेक्नोलॉजी का महत्वपूर्ण योगदान होगा। इसी सोच के तहत यह सेंटर काम करेगा। राजनीति समाज सेवा का बड़ा माध्यम है। पीएम की प्रेरणा से पहले बुक बैंक, फिर टॉय बैंक और अब नमो ई लाइब्रेरी का शुभारंभ कर जनता को समर्पित कर रहा हूं। तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ साइबर शिक्षा के क्षेत्र में भी लोग स्किल्ड हों, रोजगार के अवसर सृजित हों, इस उद्देश्य से भी इस लाइब्रेरी का योगदान महत्वपूर्ण होगा। इस अवसर पर विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, साइबर पीस फाउंडेशन के प्रमुख मेजर विनीत, अजय मारू, वरुण साहू, धीरज महतो सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

#### ई-लाइब्रेरी की विशेषतायें

यहां पर पुस्तक, ऑडियो बुक, रिसर्च पेपर, एजुकेशनल पत्रिकायें और जर्नल उपलब्ध होंगी। दुनिया की सभी पुस्तकों को ऑनलाइन सब्सक्रिप्शन उपलब्ध होगा। इस लाइब्रेरी में साइबर स्किल और साइबर सुरक्षा से जुड़े कई कार्यक्रम चलाये जायेंगे। इसमें इंडिया नेशनल क्वांटम मिशन, ड्रोन दीदी जैसे कार्यक्रम शामिल रहेंगे। इसके साथ ही महीने में एक बार परिचर्चा सत्र आयोजित किया जायेगा।

# वर्ष 2026 से अब साल में दो बार होगी सीबीएसई 10वीं की बोर्ड परीक्षा

- **बोर्ड परीक्षा के रिस्क को खत्म करने की योजना**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**परीक्षा का पहला-दूसरा चरण कब होगा**

बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड 10वीं परीक्षा का पहला चरण 17 फरवरी से 6 मार्च तक आयोजित किया जाएगा, जबकि दूसरा चरण 5 से 20 मई तक आयोजित किया जाएगा।

**सिलेबस पर आधारित होंगी दोनों परीक्षायें**

बोर्ड के अधिकारी ने बताया कि दोनों परीक्षायें पूरी तरह सिलेबस के अनुसार आयोजित की जाएंगी और उम्मीदवारों को दोनों चरणों में एक ही परीक्षा केंद्र आवंटित किए जाएंगे। आवेदन दाखिल करने के समय दोनों परीक्षाओं के लिए परीक्षा शुल्क बढ़ाया जाएगा।

**रांची।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से पढ़ाई कर बच्चों के लिए अच्छी खबर है। सीबीएसई ने अगले वर्ष 2026 से साल में दो बार कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा आयोजित करने का फैसला किया है। नये नियम के ड्राफ्ट को सीबीएसई ने मंजूरी दे दी है। इसके तहत सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा का पहला चरण चरण फरवरी-मार्च में आयोजित की जीयेगी, जबकि दूसरा चरण मई 2026 में आयोजित किया जाएगा।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने अपनी परीक्षा प्रणाली में बड़े बदलाव की घोषणा की है। इसके तहत वर्ष 2026 से 10वीं के लिए साल में दो बार बोर्ड की परीक्षाएं होंगी। सीबीएसई 2026-27 के सत्र के लिए 260 विदेशी स्कूलों के लिए एक वैश्विक पाठ्यक्रम भी तैयार करेगा। बताते चलें कि हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक में इस निर्णय पर चर्चा की गई थी।

**सप्लीमेंट्री परीक्षा का रोल :** अधिकारी ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं का पहला और दूसरा चरण सप्लीमेंट्री परीक्षा के रूप में भी काम करेगा और किसी भी परिस्थिति में कोई विशेष परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी। नई प्रणाली के तहत छात्रों के पास वर्ष में दो बार बोर्ड परीक्षा देने और अपने सर्वश्रेष्ठ स्कोर को बनाए रखने का विकल्प होगा।

**तनाव को कम करने का उद्देश्य :** सीबीएसई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ये योजना विद्यार्थियों में परीक्षा के दबाव को कम करने और छात्रों को अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने का अवसर देगी। इसका उद्देश्य परीक्षा से संबंधित तनाव को कम करना है, साथ ही अधिक समग्र मूल्यांकन प्रणाली सुनिश्चित करना है। इसमें रटने की बजाय समझ और कौशल आधारित मूल्यांकन पर जोर देना है।

**नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार निर्णय :** नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में सिफारिश की गई थी कि बोर्ड परीक्षा के रिस्क को खत्म करने के लिए सभी छात्रों को अधिकतम दो अवसरों पर परीक्षा देने की अनुमति दी जाएगी।

# हाईकोर्ट से राज्य सरकार को झटका, सरकार पर लगाया 2 लाख का जुर्माना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने अत्यधिक टैक्स वसूली मामले में मेसर्स कैस्ट्रोल इंडिया लिमिटेड की याचिका पर बड़ा आदेश सुनाया है। कोर्ट ने एसेसमेंट ऑर्डर के खिलाफ अपीलेट अथॉरिटी के पास अपील कार्यवाही के दौरान प्रार्थी द्वारा 2 एसेसमेंट वर्षों ( 2013-14 एवं 2014-15 ) के टैक्स के मद में कुल डिमांड राशि का 15% जमा कराए गए राशि की वापसी प्रार्थी को नहीं किए जाने पर झारखंड सरकार पर 2 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया है। जुमार्ना की यह राशि प्रार्थी के पैसे को सरकार द्वारा 4 वर्षों तक अपने पास रखने के कारण प्रार्थी को देने का निर्देश दिया है। साथ ही कोर्ट ने राज्य सरकार को 9 जनवरी 2021 की तिथि से उक्त दोनों असेसमेंट वर्षों की बकाया राशि की वापसी प्रार्थी को 9% प्रतिवर्ष ब्याज दर के साथ 6 सप्ताह के भीतर करने का निर्देश दिया है।

दरअसल, प्रार्थी ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर अपीलीय अथॉरिटी के पास दो एसेसमेंट वर्षों के एसेसमेंट ऑर्डर की कुल डिमांड राशि का 15% यानी वर्ष 2013-14 के लिए 26 लाख रुपए एवं वर्ष 2014-15 के लिए 24 लाख रुपए की वापसी का आग्रह किया था। उक्त दोनों असेसमेंट वर्षों के टैक्स के एसेसमेंट ऑर्डर को प्रार्थी द्वारा अपील दाखिल चुनौती दी थी। जिसमें अपीलेट अथॉरिटी ने 13 फरवरी 2019 को एसेसमेंट ऑर्डर एवं डिमांड नोटिस की कार्यवाही पर रोक के लिए कुल डिमांड राशि का 15% अपीलकर्ता को जमा करने को कहा था। जिसके आलोक में अपीलकर्ता ने दो असेसमेंट वर्ष के लिए 24 लाख एवं 26 लाख रुपए की राशि जमा की थी।

हालांकि बाद में अपीलेट अथॉरिटी ने इस मामले की सुनवाई पूरी कर इसे वापस फ्रेश एसेसमेंट के लिए एसेसिंग ऑफिसर के पास वापस भेज दिया था। लेकिन एसेसिंग ऑफिसर ने प्रार्थी द्वारा अपीलेट अथॉरिटी के पास जमा कराए गए 24 लाख एवं 26 लाख रुपए को नजर नजर अंदाज करते हुए एसेसमेंट ऑर्डर पास किया। अपीलेट अथॉरिटी के पास जमा कराए गए 24 लाख एवं 26 लाख रुपए भी प्रार्थी को वापस नहीं किए गए। जिसे वापस करने को लेकर प्रार्थी ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

# रातू के पूर्व सीओ प्रदीप कुमार पर चलेगी विभागीय कार्यवाही

- **भ्रष्टाचार के आरोप में जेल की हवा खा चुके हैं तत्कालीन सीओ**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रातू के तत्कालीन अंचल अधिकारी प्रदीप कुमार पर अब, विभागीय कार्यवाही चलेगी। उनके उपर भ्रष्टाचार निवारण संशोधित अधिनियम के तहत अपराधों के लिए आरोप पत्र गठित किया गया है। इसी आलोक में सम्यक विचार के बाद प्रदीप कुमार पर विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया गया है। राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के मुताबिक विभागीय कार्यवाही के संचालन का जिम्मा सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी इकबाल आलम अंसारी को दिया गया है।

वहीं, अपर समाहर्ता रांची राम नारायण सिंह को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। बताते चलें कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा प्रदीप कुमार को 10 नवंबर 2023 को हिरासत में लिया गया था। बाद में हाइकोर्ट के आदेश के आलोक में उन्हें जमानत दी गयी थी। विभाग ने हिरासत में जाने की अवधि से उन्हें 18 फरवरी 2024 की तिथि तक निलंबित किया था और इसके बाद पुनः 19 फरवरी की तिथि से निलंबित किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मामले की गंभीरता को देखते उनके खिलाफ अभियोजन चलाने की भी मंजूरी दी गयी है। अब डीसी रांची के रिपोर्ट पर विभागीय कार्यवाही चलाने का आदेश दिया गया है।

# वक्फ के मुद्दे पर नीतीश, चन्द्रबाबू और चिराग के नाम गुजारिश नामा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** वक्फ अधिनियम 1995 में केन्द्र सरकार द्वारा लाये गए गैर जरूरी संशोधन, वक्फ संशोधन बिल 2024 को वापस लेने की मांग को लेकर बुधवार को अंजुमन इस्लामिया सभागार में आमया संगठन के द्वारा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, आन्ध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान के नाम गुजारिश नामा जारी किया गया। गुजारिश नामा में केन्द्र सरकार द्वारा लाये गये वक्फ संशोधन बिल को संविधान की मूल भावना के साथ समानता के अधिकार और धार्मिक स्वतंत्रता के खिलाफ बताते हुए आमया संगठन के केन्द्रीय अध्यक्ष एस अली ने बताया कि देश में जो वक्फ की सम्पति है अधिकतर मुस्लिमों द्वारा दान की गयी है, जिसमें मस्जिद, मदरसा, ईदगाह, मजार, मकबरा, दरगाह, खानकाह, कब्रिस्तान, मुसाफिरखाना, शैक्षणिक संस्थान आदि हैं जो वर्षों से स्थापित है। वहीं बहुत सी वक्फ सम्पत्ति राजा, नवाब, जमींदार, ओहदार द्वारा भी दी गयी हैं। कार्यक्रम में आमया संगठन के पदाधिकारी जियाउद्दीन अंसारी, नौशाद आलम, मौलाना फजलूल कदीर, इमरान अंसारी, शाहिद अफरोज, एकराम हुसैन, अब्दुल गफ्फार, जावेद अख्तर, अंजुमन खान, सईद अंसारी, इमरोज अंसारी, अफसर आलम, इमरान जिलानी, फिरोज अंसारी, जुबैर अंसारी आदि शामिल थे।

### हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन का आग्रह, पासओवर और एडजर्नमेंट की प्रकिया सुचारू रूप से लागू हो

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन ने हाईकोर्ट से यह आग्रह किया है कि अदालतों में मुकदमों की सुनवाई के दौरान पासओवर और एडजर्नमेंट की प्रकिया सुचारू रूप से लागू की जाये। दरअसल झारखंड अधिवक्ता संघ की आम सभा 21 फरवरी को हुई थी, जिसमें पासओवर और एडजर्नमेंट एक बड़ा मुद्दा रहा। इस सभा में अधिवक्ताओं ने न्यायिक प्रथा से जुड़ी चिंताओं को देखते हुए दो प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किये। विस्तृत चर्चा के बाद, अधिवक्ताओं और वादियों को जिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, उन्हें ध्यान में रखते हुए यह प्रस्ताव पारित किया गया। आम सभा में वकीलों की ओर से यहां मुद्दा रखा गया कि उच्च न्यायालय के कुछ माननीय न्यायाधीश जल्द पासओवर नहीं देते हैं, जिससे उन्हें और उनके क्लाइंट को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जबकि सुप्रीम कोर्ट में वकीलों को पूरे दिन के दौरान कम से कम एक पासओवर दिया जाता है। इसलिए, अधिवक्ताओं ने उच्च न्यायालय से इस प्रथा को अपनाने की मांग की है, ताकि सभी के लिए सुनवाई का काम आसान हो सके।

### कोर्ट के आदेश पर झारक्राफ्ट ने किया भुगतान

**रांची।** झारक्राफ्ट ने जसीडीह देवघर स्थित निरंजन टैक्सटाइल्स लिमिटेड की बकाया राशि 95.93 लाख रुपये का भुगतान कर दिया है। कोर्ट के आदेश पर 1 फरवरी को झारक्राफ्ट के बैंक खाते को फ्रीज कर दिया गया था। मंगलवार को निरंजन टेक्सटाइल्स के सभी बकाया राशि लगभग 95.93 लाख रुपये का भुगतान झारक्राफ्ट ने कर दिया। यह कार्रवाई कमर्शियल कोर्ट के आदेश पर सिविल कोर्ट रांची की टीम ने झारक्राफ्ट के नेपाल हाउस डोरंडा स्थित बैंक खाते को अटैच कर दिया था। इससे पूर्व निरंजन टेक्सटाइल्स की ओर से कमर्शियल कोर्ट के विशेष न्यायाधीश चंद्रभानु कुमार की अदालत में बैंक खाता का अटैचमेंट करने का अनुरोध करते हुये आवेदन दिया गया था। मालूम हो कि झारखंड सिल्क टैक्सटाइल्स और हैंडीक्राफ्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, झारक्राफ्ट के साथ निरंजन टेक्सटाइल्स लिमिटेड का वर्ष 2010 में आपस में एकरारनामा हुआ था। एकरारनामा के अनुसार 6 वर्षों तक निरंजन टेक्सटाइल्स लिमिटेड को झारक्राफ्ट द्वारा कपड़े की रंगाई और डिजाइन का वर्क देना था। साथ ही, समय पर किये गये वर्क की राशि का भुगतान भी करना था। इसी बीच झारक्राफ्ट द्वारा एग्रीमेंट को निरस्त कर दिया। निरंजन टेक्सटाइल्स लिमिटेड की लंबित राशि का भुगतान भी बंद कर दिया। कंपनी ने अपनी लंबित राशि 63 लाख की मांग करते हुये आर्बिट्रेटर के समक्ष आवेदन दायर किया था। ब्याज के साथ 95.93 लाख रुपये हुआ था।

### अफीम की खेती सरकार प्रायोजित संगठित अपराध : रमाकांत महतो

रांची। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने झारखंड में अफीम की खेती को लेकर हेमंत सरकार पर गंभीर आरोप लगाये हैं। उन्होंने सरकार द्वारा बुलडोजर और ट्रैक्टर से अफीम की फसलों को नष्ट करने की कार्रवाई को महज आईवॉश करार दिया है। उनका कहना है कि राज्य में संगठित गिरोह बनाकर सरकार खुद अफीम की खेती करा रही है और उगाही का पैसा सीधे सीएम तक पहुंच रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस महकमा और सरकारी तंत्र इस अवैध खेती को बढ़ावा देने में शामिल है। उन्होंने खुफिया विभाग पर भी सवाल उठाते हुये पूछा कि जब लाखों एकड़ जमीन पर अफीम की खेती हो रही थी, तब सरकार का यह विभाग क्या कर रहा था। उनका दावा है कि अफीम की फसल तैयार होने के बाद माल पंजाब, राजस्थान समेत अन्य राज्यों में भेज दिया जाता है। इसके बाद सरकार जागती है और पुलिस से खेतों को नष्ट करा दिया जाता है, जो केवल दिखावे की कार्रवाई है। उन्होंने कहा कि सरकार के इशारे पर पुलिस ग्रामीण इलाकों में गिरोह बनाकर भोले-भाले किसानों को अफीम की खेती के लिये उकसाती है और प्रति डिसमिल के हिसाब से उगाही करती है। उन्होंने सवाल किया कि यदि यह खेती सरकार प्रायोजित नहीं है तो अब तक दोषियों पर कड़ी कार्रवाई क्यों नहीं हुई।

# सीएम हेमंत सोरेन ने आर्किड में घायल महुआ माजी से की मुलाकात, शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने एचबी रोड स्थित ऑर्किड अस्पताल पहुंचकर सड़क दुर्घटना में घायल राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी से मुलाकात की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान अस्पताल के चिकित्सकों से महुआ माजी के स्वास्थ्य में सुधार और उनके उपचार से संबंधित जानकारी ली।

गौरतलब है कि महुआ माजी और उनके परिजन महाकुंभ स्नान कर लौटते समय दुर्घटना का शिकार हो गये थे। बुधवार की सुबह लातेहार जिले के होटवाग गांव के पास उनका वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें वे और उनके परिजन घायल हो गये थे। मुख्यमंत्री और विधायक कल्पना सोरेन ने अस्पताल पहुंचकर न केवल सांसद के स्वास्थ्य की जानकारी ली। बल्कि उनके परिवार को हरसंभव सहायता का भरोसा भी दिलाया।

**महुआ माजी का बायां हाथ टूट गया :** महुआ माजी के बेटे सोमवित माजी ने बताया कि महाकुंभ से लौटने के दौरान यह दुर्घटना हुई। कार मैं खुद चला रहा था। नींद आने के कारण कार खड़ी गाड़ी से टकरा गयी। बताया कि डॉक्टरों का कहना है कि महुआ माजी का बायां हाथ टूट गया है और उनकी पसलियां हल्की क्षतिग्रस्त हैं। उनके हाथों की सर्जरी करनी होगी। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने एक्स पर लिखा कि महुआ माजी के सड़क हादसे में घायल होने की खबर दुखद है। पूरा झारखंड उनके जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहा है।

### संजय सेठ ने महुआ माजी का हाल-चाल जाना



**रांची।** राज्यसभा सांसद डॉक्टर महुआ मांझी की प्रयागराज से आने के क्रम में लातेहार में एक्सीडेंट होने की सूचना पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने ऑर्किड हॉस्पिटल में जाकर उनसे मुलाकात की एवं उनका हाल जाना। उन्होंने डॉक्टर से बात कर उन्हें बेहतर इलाज की बात कही। उन्होंने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। मिलने वालों में उनके साथ पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू भी उपस्थित थे। इधर, विधायक सीपी सिंह ने भी डॉ महुआ माजी से मिलकर उनका हाल-चाल जाना। उनके जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की।

### सुबोधकांत मिले डॉ महुआ माजी से, हाल-चाल पूछा



**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने आर्किड अस्पताल में भर्ती राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी से मुलाकात कर उनका कुशल क्षेम जाना और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

### आरोपी अभिषेक सिंह को नहीं मिली जमानत

**रांची।** रंगदारी मांगने के आरोप में जेल में बंद पलामू के चैनपुर लिधकी गांव निवासी अभिषेक राज उर्फ अभिषेक सिंह को अदालत ने जमानत देने से इनकार किया है। एटीएस के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने उसकी ओर से दाखिल जमानत याचिका सुनवाई पश्चात खारिज कर दी है। वह उक्त आरोप में 20 जनवरी से जेल में है। आरोपी पर पलामू के चैनपुर थाना के करसो गांव में क्रशर चलानेवाला शशिकांत गुप्ता से खनन और क्रशर के काम के लिये 50 लाख रुपये रंगदारी मांगने का आरोप है। इसके अलावा उक्त आरोपी ने काम जारी रहने तक 1 लाख रुपए प्रति माह सुरक्षा राशि की भी मांग की और मांग पूरी नहीं करने पर सूचक को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। इस घटना को लेकर 28 नवंबर 2024 को टाउन थाना कांड संख्या 424/2024 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी। बाद में इस घटना को एटीएस ने टेक ओवर किया है।

### देश में गिरता पढ़ाई का स्तर, लोगों के लिए बना चिंता का विषय

# मेडिकल-इंजीनियरिंग ही नहीं, स्टेट बोर्ड में भी मिलने लगे मुन्ना भाई

- **मुन्ना भाई की मदद से अब झारखंड के अभ्यर्थी भी बोर्ड की बैतरनी पार करने की फिराक में लगे रहते हैं**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** एक समय था, जब मेडिकल-इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिला लेना विद्यार्थियों के लिए सपना होता था। तब, उनके लिए उन्हें काफी मेहनत करनी होती थी। रात-दिन प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में बच्चे लगे रहते थे। परंतु अब तो उनके सपने को साकार करने में उनके अभिभावकों की भूमिका उनसे ज्यादा हो गयी है। अभ्यर्थियों से ज्यादा उनके अभिभावक उनके प्रति चिंतित होते हैं और मुन्ना भाई जैसे लोग उनकी परीक्षा को निकालने में उन्हें मदद करते हैं। हद तो तब हो गयी, जब मेडिकल-इंजीनियरिंग की तर्ज पर अब, स्टेट बोर्ड की परीक्षा में भी मुन्ना भाई दिखने लगे। मुन्ना भाई की मदद से अब झारखंड के अभ्यर्थी भी बोर्ड की बैतरनी पार करने की फिराक में लगे रहते हैं।

इस संबंधित राज्य के बुद्धिजीवियों ने चिंता जाहिर की है। शिक्षकों का कहना है कि इसका मूल कारण बच्चों से ज्यादा अभिभावकों को उनके लिए चिंतित होना है। आज के अभिभावक अपने बच्चों को लेकर इतने तनाव में रहते हैं, कि उनकी सफलता के लिए आसान राह तलाशने लगते हैं। इसी कड़ी में मुन्ना भाई मिल जाते हैं। इसका प्रचलन अब बढ़ने लगा है। अगर समय रहते इस पर रोक नहीं लगायी गयी तो आने वाले दिनों में मेरिट खोजने पर भी नहीं मिलेगा।

# शिक्षकों के 22 लाख कहां गये : सावरमल अग्रवाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पूर्व सिंडिकेट सदस्य सावरमल अग्रवाल ने कहा है कि विनोबा भावे विश्वविद्यालय के 2010.11 में अवकाश प्राप्त विश्वविद्यालय शिक्षक के पेंशन राशि से काटे गये 22 लख रुपये इनकम टैक्स के कार्यालय में अब तक जमा नहीं किये गये हैं। उन्होंने कहा कि आखिर 22 लाख रुपये कहां चले गये। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। इतना ही नहीं वित्त विभाग झारखंड सरकार की एक रिपोर्ट के अनुसार विश्वविद्यालय में 44 लाख रुपए से अधिक की राशि की हेरा-फेरी कर गबन करने का एक मामला भी काफी चर्चा में है। उन्होंने राज्यपाल सह कुलाधिपति से आग्रह किया है कि विनोबा भावे विश्वविद्यालय के वित्तीय मामलों की जांच पिछले 15 वर्षों का कराया जाना चाहिये। ताकि राज्य सरकार यूजीसी आदि संस्थाओं से मिलने वाली राशि कहां खर्च हुई और किस मद में हुई इसकी स्थिति स्पष्ट हो सके। यहां यह उल्लेखनीय है कि सिंडिकेट विश्वविद्यालय की वित्तीय मामलों के मुख्य रूप से संरक्षक समिति है और किसी भी प्रकार की खरीदारी या कार्यों के लिए वित्त समिति द्वारा उनके संबंध में प्राप्त सूचना के अनुसार पहले ऐसे खरीदारी पर स्पष्ट आदेश और उनकी आवश्यकताओं पर जांच कर कोई निर्णय देती है।

## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...



जनजातीय संस्कृति केंद्र (ट्राइबल कल्चरल सेंटर) जमशेदपुर में एक लोकप्रिय पर्यटक आकर्षण है जो संथाल, हो, ओरांव, मुंडा और अन्य जनजातियों की समृद्ध संस्कृति को संरक्षित करता है। केंद्र में लगी बाबा तिलका मांझी की प्रतिमा। तिलका माँझी, तिलका मांझी उर्फ जबरा पहाड़िया जिन्होंने राजमहल, झारखंड की पहाड़ियों पर 1784 ई. में मांझी विद्रोह का नेतृत्व करते हुए ब्रिटिश हुकूमत से लोहा लिया। बाबा तिलका माझी के जन्म की तारीख और समय: 11 फरवरी 1750, सुल्तानगंज जबकि 13 जनवरी 1785, भागलपुर में अंग्रेजों ने उन्हें फांसी दे दी।

# आम बजट मध्यम वर्ग, किसानों, युवाओं और उद्यमियों के सशक्तिकरण का दस्तावेज है : राजीव प्रताप रुडी

■ भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सह सांसद ने गिनायी एनडीए सरकार के बजट की खुबियां

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सह सारण लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजीव प्रताप रूडी ने बुधवार को कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 का केंद्रीय बजट समावेशी विकास, आर्थिक मजबूती और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार जनता के हितों के लिए समर्पित है और यह बजट उसी का प्रमाण है।

राजीव प्रताप रूडी बुधवार को झारखंड प्रदेश भाजपा के आर्थिक प्रकोष्ठ के तत्वावधान में जमशेदपुर महानगर अंतर्गत बिष्टुपुर में केंद्रीय बजट पर आधारित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।




संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते राजीव प्रताप रुडी।

बिस्टुपुर स्थित चैंबर भवन के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि यह बजट मध्यम वर्ग, किसानों, युवाओं और उद्यमियों के सशक्तिकरण का दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह बजट विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को पूरा करने के लिए आर्थिक मजबूती और समावेशी विकास पर केंद्रित है। रूडी ने बताया कि मध्यम वर्ग को इस बजट में ऐतिहासिक कर राहत दी गई है। अब 12 लाख रुपये तक की आय टैक्स-फ्री होगी, जिससे 1 लाख मासिक कमाने वालों को कोई कर नहीं देना होगा। वरिष्ठ नागरिकों के लिए ब्याज पर कर कटौती सीमा 1 लाख रुपये कर दी गई है, और किराए पर टीडीएस की सीमा 6 लाख रुपये कर दी गई है। उन्होंने बताया कि 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' शुरू की गई है, जिससे 100 जिलों के किसानों को लाभ मिलेगा। किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की सीमा 5 लाख रुपये कर दी गई है। रूडी ने बताया कि युवाओं के कौशल विकास के लिए अगले पांच वर्षों में 50,000 अटल टिंकरिंग लैब स्थापित होंगी। आईआईटी और मेडिकल कॉलेजों में क्रमशः 6,500 और 75,000 नई सीटें जोड़ी जाएंगी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) शिक्षा के लिए 500 करोड़ रुपये का निवेश किया जायेगा। एमएसएमई क्रेडिट गारंटी को बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये कर दिया गया है। स्टार्टअप्स के लिए फंड ऑफ फंड्स योजना लॉन्च की गई है, जिससे नई कंपनियों को वित्तीय सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्यों को 1.5 लाख करोड़ रुपये का ब्याज-मुक्त ऋण दिया जाएगा, जिससे इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को बढ़ावा मिलेगा। 10 लाख करोड़ रुपये का एसेट मोनेटाइजेशन प्लान भी इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

राजीव प्रताप रूडी रूडी ने बताया कि सौर ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी और परमाणु ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए नेशनल मैन्युफैक्चरिंग मिशन शुरू किया गया है। सरकार 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। शहरी गरीबों और श्रमिकों के लिए नई योजना लाई गई है, जिससे सतत आजीविका के अवसर मिलेंगे। शहरों को विकास केंद्र बनाने के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का 'अबिन चैलेंज फंड' स्थापित किया गया है।

## स्पीड न्यूज

### अधिवक्ता विनोद शाह पर बागबेड़ा में हमला



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर सिविल कोर्ट के अधिवक्ता विनोद कुमार शाह मंगलवार को कोर्ट से घर जा रहे थे। उनके साथ उनकी पत्नी भी थी, तब बागबेड़ा डीबी रोड चौक पर स्कूटी (जेएच 05 डी 6209) सवार दो अज्ञात लोगों ने उनकी गाड़ी में धक्का मार दिया। अधिवक्ता के विरोध करने पर उन्होंने उनपर जानलेवा हमला कर दिया। उनकी पत्नी जब बीच बचाव में आयी तो उनके कपड़े भी फाड़ दिये और उन्हें धक्का दे दिया। जिसके चलते अधिवक्ता घायल हो गये हैं। अधिवक्ता ने बागबेड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया है और उनकी गिरफ्तारी की मांग की है और इलाज के लिए अधिवक्ता सदर अस्पताल गए है।

### डॉ जे एन दास बने विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष



**आदित्यपुर।** आदित्यपुर निवासी हिंदूवादी नेता से वरिष्ठ चिकित्सक डॉ जे एन दास को विश्व हिंदू परिषद सरायकेला खरसावां का जिला अध्यक्ष मनोनीत गया। रामगढ़ में आयोजित विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय सम्मेलन में विधिवत घोषणा होने के उपरांत लौट के बाद गाजे बाजे के साथ नए जिला अध्यक्ष का अभिनंदन किया गया। आदित्यपुर के टीचर ट्रेनिंग मोड पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल से जुड़े कार्यकर्ताओं ने ए पूर्व टीचर ट्रेंनिंग मॉड के पास ढोल नगाड़े के साथ उनका अभिनंदन किया। डॉ जे एन दास ने कहा कि जो दायित्व मिला है उसकी पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे।

### भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत गीता कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ



**गम्हरिया।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया के वार्ड-दो के धिराजगंज महावीर नगर मंदिर में बुधवार से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। इससे पूर्व प्रथम दिन प्रात:काल में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान काफी संख्या में शामिल महिलाओं ने शहरबेड़ा स्थित दोमुहानी नदी तट से कलश में जल लेकर गाजे-बाजे के साथ भ्रमण करते हुए मंदिर परिसर में संकल्प लेकर वहां स्थापित किया। मौके पर कथावाचक वृंदावन के महाराज श्रद्धेय अनूपानंद को आमंत्रित किया गया है। उनके द्वारा दोपहर में पूजा अर्चना के बाद भागवत कथा का श्रवण कराया गया जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इसके आयोजन में कमेटी के सतीश कुमार सिंह, चितरंजन कुमार, सत्येंद्र झा, पवन कुमार, धर्मेंद्र कुमार, रीता कुमारी समेत सभी ग्रामवासियों का योगदान रहा।

# दोमुहानी घाट पर भव्य आरती देख लोग मुग्ध

## मेजबान बन्ना गुप्ता ने कहा, मैं एक्स नहीं नेक्स्ट हूं, शिव भक्त हार नहीं मानता...

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता की अगुवाई में सोनारी दोमुहानी संगम घाट में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम से पूरा लौहनगरी कुंभमय हो गया। बनारस के अस्सी घाट के प्रसिद्ध आचार्य मोहित के नेतृत्व में पंडितो के समूह ने स्वर्णरिखा आरती के माध्यम से अद्भुत और भक्तिमय माहौल का निर्माण कर दिया, इससे पहले पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने पत्नी सुधा गुप्ता एवं पुत्र मयंक गुप्ता के साथ नदी पूजन कर मां स्वर्णरिखा की आराधना की।

इस अवसर पर राकेशवर पाण्डेय, आनंद बिहारी दुबे, रामाश्रय प्रसाद, बबन राय, कमल अग्रवाल, मनोज झा, प्रभात ठाकुर, ईश्वर सिंह, बबुआ झा, बबन शुक्ला, अजय मिश्रा समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



स्वर्णरिखा आरती का भव्य दृश्य, शिव भक्तों पर फूलों की पंखुड़ियां बिखेरते पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता।

इस अवसर पर अपने उद्गार व्यक्त करते हुए झारखंड के पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि लोग कहते हैं कि वे एक्स मंत्री हैं लेकिन, मैं बता देना चाहता हूं कि मैं एक्स नहीं नेक्सट हूं। महादेव का भक्त कभी हार नहीं मानता लोगों की बेहतरी का उनका प्रयास सदैव जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि दो मोहानी को दिव्यता और भव्यता प्रदान करने का उनका प्रयास आखरी सांस तक चलता रहेगा।

इस मौके पर बनारस के पंडितों के नेतृत्व में बन्ना ने पत्नी सुधा गुप्ता के साथ गंगा की तर्ज पर विधि विधान से स्वर्णरिखा नदी की आरती की। मंच पर भगवान शंकर की भव्य आकृति बनी हुई थी। दो मोहानी का पूरा क्षेत्र शिव की भक्ति से सराबोर था। भारी तादाद में पुरुषों और महिलाओं ने इससे भव्य आयोजन में भाग लिया। श्रद्धालु अनुशासित और भक्ति भाव से ओत-प्रोत दिखे. आयोजकों की व्यवस्था सराहनीय थी।

## एनपीएस बाय प्रोटीयन ऐप में बड़ा सुधार

# युवा निवेशकों के लिए और भी आसान होगी रिटायरमेंट प्लानिंग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** प्रोटीयन ईगव टेक्नोलॉजिस लिमिटेड, (पूर्व में : एनएसडीएल ई-गवर्नेंस इंफ्रास्ट्रक्चर) नेशनल पेंशन स्कीम और अटल पेंशन योजना के खातों को संचालित करने वाली सबसे बड़ी सेंट्रल रिकॉर्डकीपिंग एजेंसी (सीआरए) ने अपने पेंशन मैनेजमेंट ऐप - ह्यएनपीएस बाय प्रोटीयनह्न को एक नया स्वरूप देते हुए इसमें कई नई विशेषताएं जोड़ी हैं, खास तौर पर आज की डिजिटली जागरूक नयी पीढ़ी के लिए जिसमें कई नए फीचर भी हैं। चाहे आप पहले से एनपीएस से जुड़े हैं या अपना रिटायरमेंट प्लानिंग का सफर एनपीएस के साथ अभी शुरू कर रहे हों, यह नया ऐप आपको एक स्थान पर सभी समाधान देगा। दोनों एंड्राइड और आईओएस ग्राहकों के लिए उपलब्ध उए नया आप बेहद यूजर फ्रेंडली इंटरफेस देने के साथ ही इंट्युइटिव नेविगेशन और बेहतर सुरक्षा फीचर्स देगा। आज की पीढ़ी के युवाओं के लिए खास तौर पर बनाया गया ये ऐप उनके लिए नया एनपीएस खाते बनाने, उसमें कॉन्ट्रिब्यूशन देने और उसका प्रबंधन करने की प्रक्रिया को पहले से कई गुना आसान बनायेगा।

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ी भीड़, हर-हर महादेव के नारे गूंजे

**खबर मन्त्र टीम**

**जमशेदपुर/ गम्हरिया।** महाशिवरात्रि के अवसर बुधवार को जमशेदपुरख कांड्रा, गम्हरिया समेत कोल्हान प्रमंडल के आस-पास के क्षेत्रों में स्थित शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। खासकर महिला श्रद्धालुओं का हुजूम सभी मंदिरों में उमड़ पड़ी। उपस्थित महिला श्रद्धालुओं ने विधि विधान से भगवान शिव व पार्वती की पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया। कई मंदिरों में जल चढाने को लेकर श्रद्धालुओं की लंबी कतार देखी गई। गम्हरिया के एसकेजी कॉलोनी, कांड्रा थाना परिसर, प्रखंड परिसर, सतवाहिनी, बड़ा गम्हरिया बस्ती में स्थित मंदिरों में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ लगी रही। मौके पर बड़ा गम्हरिया के शिवपुरी कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में प्रातःकाल में पूजा अर्चना के बाद संध्या में बाबा भोलेनाथ की पालकी लेकर गाजे-बाजे के साथ भव्य बारात निकाली गई जो पूरे क्षेत्र का भ्रमण कर पुनः मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुआ। इस दौरान कई स्थानों पर महिला श्रद्धालुओं द्वारा शिव बारात की आरती उतारकर स्वागत किया गया।



कदमा रंकिनी मंदिर शिवालय में उमड़े भक्त।

# मिथिला विकस मंच, गम्हरिया ने किया सवा लाख पार्थिव शिवलिंग का पूजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गम्हरिया।** मिथिला विकास मंच की ओर से महाशिवरात्रि के अवसर पर छोटा गम्हरिया स्थित दूगार्पूजा मैदान में सवा लाख पार्थिव शिवलिंग पूजनोत्सव सह विद्यापति स्मृति पर्व समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में मिथिला समाज के लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर सर्वप्रथम उपस्थित महिला श्रद्धालूओं की ओर से देवघर से लाए गए मिट्टी व गंगाजल से सवा लाख पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया गया। तत्पश्चात उन शिवलिंगों की मिथिला रीति-रिवाज से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान मौजूद पंडित आचार्य पं बद्री नारायण झा, आमोद पाठक, दिलीप ठाकुर, नवल चौधरी, बुलन पाठक आदि थे।



# अर्का जैन यूनिवर्सिटी ने रस 10.0 @ आइआइएम रांची में चमक दिखायी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** अर्का जैन यूनिवर्सिटी के छात्रों ने आइआइएम रांची के वार्षिक उत्सव रस 10.0 में शानदार प्रदर्शन किया है। अर्का जैन की टीम डैजलर्स ने ग्रोव अनलीश्ड डांस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिससे भीड़, जज और क्क्र्ट प्रबंधन से अत्यधिक सराहना मिली। अरका जैन की एक और टीम ने संसद पे चर्चा (मॉक पार्लियामेंट) में फर्स्ट रनर-अप स्थान प्राप्त किया, कई आइआइएम टीमों को हराकर। विजेताओं को शानदार पुरस्कार राशि, प्रमाण पत्र और ट्रॉफी दी गयी।

# पहली मार्च को कोच्चि में जमशेदपुर एफसी और केरला ब्लास्टर्स के बीच कांटे की टक्कर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में रोमांच बढ़ रहा है और जमशेदपुर एफसी अपनी अगली चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है। यह मैच हाई प्रेसर वाला मुकाबला होने का वादा करता है, जिसमें दोनों टीमें लीग तालिका में महत्वपूर्ण अंक हासिल करने की होड़ में हैं। यह मुकाबला 1 मार्च को शाम 7:30 बजे कोच्चि के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होने वाला है। फैंस एक रोमांचक माहौल की उम्मीद कर सकते हैं क्योंकि दोनों टीमें वर्चस्व की लड़ाई में भिड़ेंगी।

प्लेऑफ में जगह पक्की करने के बाद, मेन ऑफ स्टील अब सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। 1 मार्च को केरला ब्लास्टर्स एफसी के खिलाफ उनका अगला मैच अहम है और टीम अपनी तैयारी में कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

जमशेदपुर एफसी ने 26 फरवरी को फ्लैटलेट में अपने अंतिम प्रशिक्षण सत्र का समापन किया और अहम मुकाबले से पहले अपनी रणनीति को दुरुस्त किया। टीम 27 फरवरी को कोच्चि की यात्रा करेगी, जहां वह केरला ब्लास्टर्स एफसी के खिलाफ अपनी पिछली जीत को आगे बढ़ाने और उन पर दोहरी जीत दर्ज करने के लिए उत्सुक है।



जमशेदपुर में मैच के लिए पसीना बहाते जमशेदपुर एफसी के खिलाड़ी।

अपने पिछले मैच में जीत हासिल करने के बाद, मेन ऑफ स्टील जीत की राह पर बने रहने और सेमीफाइनल में अपनी उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए उत्सुक है. लीग चरण में तीन मैच शेष रह गए हैं, जमशेदपुर एफसी सेमीफाइनल के लिए सीधे क्वालीफिकेशन हासिल करने के लिए अधिकतम अंक जुटाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

मुख्य कोच खालिद जमील गहन प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से टीम का मार्गदर्शन कर रहे हैं, उनकी खेल योजना को बेहतर बना रहे हैं और उनका आत्मविश्वास बढ़ा रहे हैं।

जमशेदपुर एफसी के लिए अपना मनोबल बनाए रखने के लिए जीत महत्वपूर्ण है, और वे अब केरल ब्लास्टर्स एफसी द्वारा पेश की गई चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं। हालांकि, केरल ब्लास्टर्स एफसी मेन ऑफ स्टील के खिलाफ अपनी पिछली हार का बदला लेना चाहेगी और हिसाब बराबर करने के लिए उत्सुक होगी।

## एक नजर में

### पारडीह चौक के पास हाइवा ने बाइक सवार को रौंदा



**जमशेदपुर।** एनएच-33 पर पारडीह चौक के पास परमेश्वर कालोनी स्थित रॉयल इंफील्ड शोरुम के पास एक सडक दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक स्पलेंडर बाइक जेएच 05 डीसी 0721 पर सवार था जिसे एक हाइवा ने अपनी चपेट में ले लिया। मृतक की पहचान नूर मोहम्मद 42 वर्ष के रुप में हुई जो जवाहरनगर,मानगो का निवासी था। थानेदार के अनुसार हाइवा को जब्त कर लिया गया है। नूर मोहम्मद टायर दुकान चलाते थे।

### ह्यूमन रिलीफ ने 500 जरूरतमंदों को करवाया भोजन



**जमशेदपुर।** ह्यूमन वेलफेयर ने एमजीएम अस्पताल में 500 जरूरतमंदों के बीच भोजन का वितरण किया। जिसमें मुख्य अतिथि सीतारामडेरा थाना प्रभारी गुलाम रब्बानी खान एवं मोहम्मद सोहेल ने पिछले कई वर्षो से चल रहे भोजन वितरण जो की एमजीएम अस्पताल में होता आ रहा है उसमे में रह रहे मरीज के अभिभावक, रिश्तेदार और अटेंडर के बीच ब्रेड, केला, सेब, फ्रूट केक और बच्चों को चॉकलेट का वितरण अपने हाथों से किया। मुख्य अतिथि गुलाम रब्बानी खान ने आयोजन का हिस्सा बन कर अपने आप को बहुत गौरवान्वित महसूस किया और इस तरह के कामों में जुड़े रहने की बात कही और संस्था के काफी प्रसंशा की और इस तरह के कामों के सोच को सलाम किया। संस्था जरूरतमंद लोगों में खाना खिलाना और मरीजों की दवा की जरूरत को पूरा करना और असहाय लोगों की सहायता की काफी सराहना की और कहा के संस्था के ऐसे कामों को बढ़ावा देना बहुत ही पुण्य का काम बताया। उन्होंने संस्था के अध्यक्ष मतिनुल हक अंसारी, सेक्रेटरी मुख्तार आलम खान, पॉलीटेक्निक कॉलेज के सैयद आसिफ अख्तर, मास्टर खुर्शीद खान, मासूम खान, मोइनुद्दीन अंसारी एवं हाजी अयूब अली की इस तरह के कामों में जुड़े रहने की काफी सराहना की।

### आयुष तिवारी बने कांग्रेस सहकारिता विभाग के साकची प्रखंड अध्यक्ष



**जमशेदपुर।** बुधवार को साकची पलंग मार्केट में कांग्रेस सहकारिता विभाग की एक बैठक में क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई। साथ ही साकची प्रखंड अध्यक्ष के रूप में आयुष तिवारी को उनकी कार्यशैली को देखते हुए मनोनीत किया गया। संगठन ने उन्हें माला पहनाकर सम्मानित किया। अध्यक्षता करते हुए सहकारिता विभाग के जिलाध्यक्ष चिन्ना राव ने कहा कि राज्य की महागठबंधन सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक प्रखंड की जनता तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि यदि सहकारिता विभाग से जुड़ी कोई समस्या आती है, तो उसे संगठन के माध्यम से हल किया जायेगा। बैठक में जिला महामंत्री वाशी हैदर, जिला महासचिव अविनाश यादव, महासचिव सोनू सोनकर, दीपक तिवारी, ऋतिक सिंह, मोहित महतो, रवि, जमशेद सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मो याहिया खान बने एआइआइटीए के अध्यक्ष



**जमशेदपुर।** ऑल इंडिया आइडियल टीचर्स एसोसिएशन, जमशेदपुर झारखंड में आज जमशेदपुर इकाई का चुनाव आईटा अध्यक्ष झारखंड डॉ सरफराज आलम के नेतृत्व में किया। कार्यक्रम की शुरुआत पवित्र कुरान की तिलावत से की गयी। प्रो जावेद अख्तर अंसारी, केंद्रीय सचिव खालिद इकबाल साहब, केंद्रीय शिक्षा बोर्ड के सचिव अबरार अहमद अंसारी साहब, प्रोफेसर हसनैन साहब खुर्शीद अकरम नौशाद अंसारी आरिफ हुसैन और डॉ सरफराज अहमद समेत एआइआइटीए के कई सदस्य शामिल हुए। बहुमत से मो याहिया को जमशेदपुर इकाई का अध्यक्ष चुना गया, डॉ महफूज आलम को सचिव की जिम्मेदारी दी गयी और आपसी परामर्श से महिला संयोजक रजिया साहिन को एआइआइटीए में सचिव बनाया गया। हम अल्लाह से प्रार्थना करते हैं कि अल्लाह हमें धैर्य प्रदान करें। अबरार अंसारी ने दवाइयां कलमत के साथ पूरा की। मौके पर महजबी अख्तर सब पेकर, शहजाद परवेज, शदान मौजूद रहे।

### झामुमो जिला संयोजक मंडली की बैठक संपन्न



**जमशेदपुर।** बुधवार को जमशेदपुर परिसदन (सर्किट हाउस) में समय 1 बजे जिला संयोजक मंडली पूर्वी सिंहभूम की एक आपातकालीन बैठक जिला संयोजक प्रमुख श्री बाघराय मार्डी जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में निम्नलिखित 6 प्रस्ताव पारित किया गया। जमशेदपुर नगर में 10 थाना (शाखा) को लिया गया है। जमशेदपुर नगर अंतर्गत 10 थाना (शाखा) कमिटी और 5,6 बूथ का एरिया कमिटी बनेगा। इसका रिपोर्टिंग जमशेदपुर नगर संयोजक एवं महानगर संयोजक मंडली एवं वरिष्ठ नेताओं को विश्वास में लेकर 5 दिन के अंदर एरिया कमिटी बनाना सुनिश्चित करेंगे। सारे प्रखंड के संयोजक मंडली जो बना हुआ है उन सदस्यों के द्वारा पंचायत पुनर्गठन करने के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त करते हुए पंचायत का गठन समय सीमा में ही करना होगा। पंचायत पदाधिकारी, वार्ड पदाधिकारी, शाखा पदाधिकारी, प्रखंड पदाधिकारी, नगर पदाधिकारी और जिला पदाधिकारी को सक्रिय सदस्य बनाना अनिवार्य है।

## स्पीड न्यूज

### बाबा अजगर नाथ देव धाम ध्वजा पहाड़ पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**सतबरवा पलामू।** करमा सिवान पर स्थित बाबा अजगर नाथ देव धाम ध्वजा पहाड़ पर महाशिवरात्रि पर सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। जिसका उद्घाटन सतबरवा मुखिया रीना साहू के पति कमलेश प्रसाद ने पिता काटकर किया। उन्होंने कहा कि भगवान शंकर देवों के देव महादेव हैं। इनकी आराधना से भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है। मौके पर मनोज भुइयां, गणेश सिंह, विनोद मांझी आदि भी मौजूद थे।

### महाशिवरात्रि मेला समिति हंसगाडा ने किया रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के कंकारी पंचायत में हंसगाडा शिव मंदिर बसरिया कला, कंकारी में लगने वाले मेले में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। मुख्य अतिथि विधायक आलोक चौरसिया ने कार्यक्रम की शुरुआत की। मेला समिति हंसगाडा अध्यक्ष सह मुखिया पति कंकारी शिव चौधरी ने पिछले छह वर्षों से कार्यक्रम करवा रहे हैं। भोजपुरी मुख्य कलाकार लखन लहरी, औरंगाबाद बिहार और संदीप सागर, बिहार के शानदार मुकाबला हुआ। मौके पर कुणाल सिंह, सुनिल सिंह, अरुण कुमार, अमरेन्द्र सिंह, कुलवंत पाल उपस्थित थे।

### पाटन में महाशिवरात्रि की धू



**पाटन पलामू।** प्रखंड में महाशिवरात्रि हर्षोल्लास मनायी गयी। मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ जलाभिषेक व पूजा अर्चना को लेकर देखी गयी। लोगों में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। मेला के दौरान पुलिस गश्त करती रही। पूरा क्षेत्र भक्ति मय हो गया। मंदिरों में लोगों कि भीड़ उमड़ पड़ी थी।

### श्री सर्वेश्वरी समूह के गुरी प्रार्थना गृह में महाशिवरात्रि महोत्सव आयोजित

**विश्रामपुर (पलामू)।** श्री सर्वेश्वरी समूह के गुरी प्रार्थना गृह में महाशिवरात्रि महोत्सव मनाया गया। मौके पर कई धार्मिक अनुष्ठान किये गये। सामूहिक पूजा अर्चना, जलाभिषेक व आरती हुई। इसके अलावा अघोरेश्वर मलंग संवाद पुस्तक का पाठ हुआ। पाठ्य पुस्तक में महाशिवरात्रि माहात्म्य, शिवरात्रि क्यों और कब मनाया जाता है इसका विस्तृत वर्णन है। इसके बाद भंडारा भी हुआ, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर जयराम मिश्रा, राधेश्याम मिश्रा, रामलखन पांडेय, हलकनी राम, श्रीकांत मिश्रा, शैलेंद्र बकसराय, रश्मि राय, शकुंतला देवी, प्रेमलता देवी आदि थे।

### बाइक टक्कर में घायल रिम्स रेफर

**पड़वा पलामू।** थाना क्षेत्र के कजरी पंचायत भवन के पास फोरलेन सड़क पर दो बाइकों में टक्कर हो गयी, जिसमें पंडवा थाना क्षेत्र के बनखेता के अजय महतो का पुत्र रौशन और दूसरा बासु के प्रमोद मेहता का पुत्र राजू गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव ने बताया कि बाइक दुर्घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच दोनों को मेदिनीनगर अस्पताल भेजा है। बासु के प्रमोद को गंभीर देख बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया है।

### फोर्टिस मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल ने मेला में लगाया मेडिकल हेल्थ कैंप



**नावा बाजार पलामू।** बुधवार को महाशिवरात्रि पर राजहरा झरना शिव मंदिर परिसर मेला में सत्य साईं नर्सिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट व नौगढ़ा के फोर्टिस मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल प्रबंधन ने नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। डॉ अली नवाज ने जांच के बाद नि: शुल्क दवा भी दिया। चेयरमैन नितेश पाठक ने बताया कि फोर्टिस मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल की स्थापना ग्रामीण क्षेत्र में सेवा भावना को लेकर ही की गयी है। ऐसे स्वास्थ्य शिविर से लोगों को काफी सहुलियत मिलतीं है। इस मौके पर पुष्कर पांडेय दिलीप पाण्डेय अश्लेष पाण्डेय छोटू पाण्डेय, पंकज पाण्डेय अरुण पाण्डेय सहित कई लोग मौजूद थे।

### पंचायत सचिव का हस्ताक्ष नहीं, फिर भी लाभुक को कर दिया गया भुगतान

**विश्रामपुर पलामू।** लालगढ़ पंचायत में पंचायत सचिव के बिना हस्ताक्षर रुपा देवी पति बिजय चौधरी के नाम पीएम आवास स्वीकृत कर प्रथम किस्त की राशि का भुगतान हो गया। पंचायत सचिव ने पक्का घर होने पर उसे अयोग्य ठहराया है। ऑपरेटर प्रीति कुमारी की भूमिका संदिग्ध है। इसकी शिकायत बीडीओ से की गयी थी। बावजूद कार्रवाई नहीं हुई।

### लाह चूड़ी क्राफ्ट के शिल्पकार प्रशिक्षित



**पाटन पलामू।** प्रखंड के पंचायत सचिवालय किशुनपुर पाटन में लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के तत्वावधान में कौशल उन्नयन योजना के तहत 25 दिवसीय लाह चुड़ी क्राफ्ट का प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। अध्यक्षता किशुनपुर मुखिया सुमन गुप्ता व जिला उद्यमी समन्वयक चंद्रकांत पांडेय ने की। कहा गया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है। प्रशिक्षण में जिला से आये मुख्यमंत्री लघु व कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के जिला उद्यमी समन्वयक चंद्रकांत पांडेय, छोटानागपुर प्रशिक्षण एजेंसी क्राफ्ट डेवलपमेंट सोसाईटी के प्रशिक्षण प्रभारी अब्दुल अंसारी, प्रखंड उद्यमी समन्वयक सूर्यनारायण, हरिवंश प्रसाद, मास्टर ट्रेनर, रोजगार सेविका समेत लाह चुड़ी के शिल्पकार प्रशिक्षणार्थी शामिल थे। प्रशिक्षण में शिल्पकारों को चूड़ी क्राफ्ट के गुर बताये गये। कहा गया कि प्रशिक्षण से प्रशिक्षणार्थियों में दक्षता आयेगी। सूर्यनारायण हरिवंश प्रसाद ने कहा कि प्रशिक्षण के बाद लाभूकों को स्टाइपेंड भी दिया जायेगा।

# ॐ नमः शिवाय से गुंजायमान हुए शिवालय, हर्षोल्लास से मनी महाशिवरात्रि

- महाशिवरात्रि पर हर हर महादेव के नारों से गुंजायमान हुआ पलामू
- जिले के सभी शिवालयों को आकर्षक रूप से सजाया गया श्रद्धालुओं की उमड़ी सैलाब
- महाशिवरात्रि पर भक्तों ने किया भोलेनाथ का रूद्राभिषेक

**खबर मन्त्र टोली**

**मेदिनीनगर।** महाशिवरात्रि हर वर्ष फागुन के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनायी जाती है। यह दिन भगवान शिव और लोगों के लिए काफी महत्व रखता है। जिसका बेसब्री से इंतजार रहता है। महाशिवरात्रि को लेकर शिवालयों को आकर्षित रूप से सजाया गया। शिवरात्रि के दिन भगवान शिव व माता पार्वती के मिलन का दिन माना जाता है। इस दिन भगवान भोलेनाथ पृथ्वी पर रहने वाले सभी मानव जाति के कल्याण के लिए विशेष रूप से अवतरित होते हैं। महाशिवरात्रि पर लोग निरामिष रहते हुए पूजा अर्चना कर व्रत-उपवास करते हैं। पलामू जिला मुख्यालय समेत जिले के विभिन्न प्रखंड, पंचायत व गांवों के शिवालयों में जलाभिषेक व पूजा अर्चना को लेकर जनसैलाब उमड़ पड़ी। सुबह से ही पूजा अर्चना व आरती की गयी। विभिन्न जगहों पर भंडारा किया गया। इस पर्व की सफलता के लिए विभिन्न धार्मिक संगठनों ने कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये। पूर्व से चले आ रहे चिह्नित शिवालयों के समीप बड़े पैमाने पर मेला लगा। कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत संगीत प्रस्तुत किये गये। बाबा की बारात भी बसहा बैल पर निकाली गयी। इसमें लोग भूत पिशाच पशु का वेश धारण कर शामिल होते हैं। महाशिवरात्रि पर शिवालयों में भक्तों ने रूद्राभिषेक किया। साथ ही आम भक्तजनों ने जलाभिषेक किया। लोग भगवान शिव से अपने मनोवांक्षित मन्नत पूर्ण होने की कामना करते हैं।









### महाशिवरात्रि पर ऐतिहासिक मेले का विधायक आलोक ने किया उद्घाटन

**चैनपुर पलामू।** चैनपुर प्रखंड के गांधीपुर शिवघाट मेला समिति द्वारा कोयल नदी के किनारे शिव मंदिर के प्रांगण में भव्य मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने फीता काटकर कार्यक्रम का उदघाटन किया। विधायक ने कहा कि हमारे क्षेत्र में इतना पुराना मेला आज तक लगता आ रहा है यह सबके लिए गर्व की बात है। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर आज लोग बाबा भोलेनाथ के विवाह पर पूजा पाठ आराधना करते हैं और भगवान से मनवांछित फल की कामना करते हैं। उन्होनें मेला समिति के लोगों को धन्यवाद भी दिया क्योंकि यह मेला कुछ साल से समाप्त जा रहा था लेकिन क्षेत्र के कुछ युवाओं ने अभिभावकों के निर्देशन पर पुनः सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से मेले को पुनर्जीवित करने का काम किया है। बिहार से पधारे कलाकार अंतरा सिंह प्रियंका तथा पवन बाबू द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति की गयी। कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत संगीत प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में विधायक के अलावा, मेदिनीनगर नगर निगम के प्रथम उपमहापौर राकेश सिंह उर्फ मंगल सिंह, झामुमो नेता सह शिक्षाविद् अविनाश देव, भाजपा जिला महामंत्री, जिला परिषद सदस्य रामलव प्रसाद चौरसिया, प्रमोद सिंह, चैनपुर उप प्रमुख सुनील सिंह, मुखिया सुनील चौरसिया, अरविंद तिवारी, दिनेश मांझी, प्रेमचंद तिवारी, पंसस मनोज पासवान, संजय चौरसिया, बबलू चौरसिया सहित मेला समिति के दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### लांगरकोट महाकालेश्वर धाम सहित दर्जनों स्थल पर लगा शानदार मेला

**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडल क्षेत्र के दर्जनों गांवों में महाशिवरात्रि धूमधाम से मनायी गयी। सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ शिववालयो में लगी रही। कई स्थानों पर भजन कीर्तन व भव्य मेला लगा। हिंदू सनातन धर्म मान्यताओं अनुसार, यह देवो के देव महादेव का विवाह भी कहा जाता है। इस दिन मान्यताओं के अनुसार लाखों करोड़ों लोग शिव लिंग पर जलाभिषेक करते हैं जिसमें भांग धतूरा, दूध, बेलपत्र आदि अर्पित किया जाता है और भगवान की पूजा की जाती है। हुसैनाबाद के ऊपरी कला पंचायत के ग्राम लांगरकोट में मुरली पहाड़ी पर महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में वर्षो से भव्य मेला की आयोजन किया जाता हैं जो इस क्षेत्र के लिए गौरव शाली हैं। एसडीएम गौरांग महतो एवं थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, गांव के प्रबुद्ध रामचन्द्र चौधरी समेत कई लोगो ने मेला का उद्घाटन किया।

# हुसैनाबाद में कैंप कार्यालय आज आम जनता उठायें लाभ : उपायुक्त

- उपायुक्त की पहल पर कैंप कार्यालय से लाभान्वित होंगे आमजन
- विभिन्न विभागीय कार्यो का निष्पादन, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का मिलेगा त्वरित लाभ
- हर माह के द्वितीय गुरुवार को छतरपुर एवं चतुर्थ वृहस्पतिवार को हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय परिसर में रहेगा कैंप कार्यालय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर/ हुसैनाबाद।** पलामू जिला प्रशासन की टीम 27 फरवरी को हुसैनाबाद पहुंचेगी। हुसैनाबाद के अनुमंडल कार्यालय परिसर में कैंप कार्यालय का आयोजन कर पदाधिकारी एवं विभिन्न कार्यालयों के कर्मीगण आमलोगों की समस्याएं सुनेंगे एवं उसका त्वरित समाधान करेंगे। कैंप कार्यालय में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का त्वरित लाभ लोगों को दिया जायेगा। यहां आमलोगों के लिए कई सेवाएं उपलब्ध करायी जायेगी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित शिकायतों का निष्पादन किया जायेगा। जिला प्रशासन की टीम पहुंचने से आम लोगों को अपने नजदीकी अनुमंडल क्षेत्र में ही सरकारी सेवाओं का लाभ सहजता से मिल सकेगा। यह बातें उपायुक्त शशि रंजन ने कही। अनुमंडल स्तर पर आयोजित कैंप कार्यालय अधिष्ठापन के संबंध में उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह के द्वितीय गुरुवार को छतरपुर अनुमंडल कार्यालय परिसर में कैंप कार्यालय का आयोजन किया जायेगा। वहीं प्रत्येक माह के चतुर्थ गुरुवार को हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय परिसर में कैंप कार्यालय अधिष्ठापित होगा।



जानकारी देते उपायुक्त।

**खास बातें :** फरवरी के चतुर्थ गुरुवार 27 फरवरी को है, ऐसे में निर्धारित कैलेंडर के अनुसार हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय परिसर में 11 बजे से कैंप कार्यालय का अधिष्ठापन कर लोगों को सेवाएं प्रदान की जाएगी। उपायुक्त शशि रंजन ने आम लोगों से अपील किया है कि संबंधित कैंप कार्यालय में पहुंचकर किसी भी सरकारी योजना का लाभ, शिकायत या समस्या का समाधान करायें। उन्हांने स्थानीय लोगों से कैंप कार्यालय में उपस्थित होकर अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की है। उपायुक्त ने बताया कि अनुमंडल स्तर पर आयोजित कैंप कार्यालय में कई सेवाएं उपलब्ध करायी जायेगी। इसमें मुख्य रूप से परियोजनाओं एवं योजनाओं की भूमि चिह्नित, हस्तकत एवं विवाद समाधान किया जायेगा।

# कौशल ने बहुगुणा के श्राद्ध में उनके आवास देहरादून में लगाया चंदन पौधा

- चिपको मूवमेंट के दौरान पर्यावरणविद डॉ कौशल के घर दो बार पलामू पहुंचे थे देश के प्रख्यात पर्यावरणविद सुंदरलाल बहुगुणा उनकी धर्मपत्नी विमल बहुगुना
- टिहरी से शुरू चिपको आंदोलन के दौरान देश के दर्जनों राज्यों में विमला बहुगुणा के साथ में रहे थे पर्यावरण धर्म गुरु डॉ कौशल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**देहरादून /मेदिनीनगर।** शिवनारायण बिहार माजरी माफी मोहकमपुर में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने भारत के महान पर्यावरण चिंतक व चिपको आंदोलन के प्रमुख प्रख्यात पर्यावरणविद पद्मविभूषित स्व सुंदरलाल बहुगुणा की धर्मपत्नी विमल बहुना के श्राद्ध में उनके निवास देहरादून में उनके नाम कर्नाटक के लाल चंदन का पौधा पर्यावरण धर्म की प्रार्थना के साथ लगाया। साथ ही उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर संघर्षपूर्ण जीवनयात्रा को याद किया। कौशल ने कहा कि सुंदरलाल ने हिमालय के पर्वतीय क्षेत्रों में वनों के संरक्षण के लिए आजीवन संघर्ष किया। इसमें उनकी धर्मपत्नी विमल बहुगुणा जीवन भर साथ दी। उन्होंने कर्नाटक के पांडुरंग हेगड़े, रामकृष्ण हेगड़े, चंद्रशेखर, धूम सिंह नेगी अमेरिका के जॉर्ज ए जेम्स नेपाल के सरोज शर्मा भी उनके आंदोलन से जुड़ी थीं।



स्व विमला बहुगुणा की तस्वीर पर पुष्प अर्पित व पौधा लगाते पर्यावरण धर्म शपथ दिलाते डॉ कौशल किशोर जायसवाल।

## विश्व कैंसर दिवस पर लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में जागरूकता अभियान

- निकाली गयी जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को किया गया जागरूक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्व कैंसर दिवस पर लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल परिसर से बुधवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों को कैंसर से बचाव, उपाय व इलाज के बारे में जानकारी दी गयी। मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली। जिसकी शुरुआत अस्पताल के मुख्य द्वार से हुई। रैली में शामिल छात्र-छात्रा कैंसर बचाव से संबंधित स्लोगन व नारे लिखा तख्ती हाथों में लिये थे। नगर भ्रमण के बाद रैली हॉस्पिटल परिसर वापस पहुंची। जहां छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक से लोगों को कैंसर से बचाव के प्रति जागरूक किया। इसके अलावे अस्पताल में इलाजरत मरीजों के बीच भी जागरूकता फैलायी गयी। लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के प्राचार्य डॉ विवेक कश्यप ने कहा कि कैंसर से बचाव ही उसका सबसे बेहतर समाधान है।



## माड़ो में रूसल बाड़े देखी शिव दूल्हा...

- पलामू सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह ने किया मेला का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पड़वा पलामू।** महाशिवरात्रि के अवसर पर कजरी त्रिवेणी संगम तट स्थित शिवशक्ति धाम परिसर में मेला का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन पलामू सिविल सर्जन डा अनिल कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके डॉ अनिल सिंह ने कहा कि सृष्टि में बरात की परंपरा पहली बार भोले नाथ जी के शादी में शुरू हुआ था, तभी से बरात जाने की परंपरा की शुरुआत हुई है। सनातन धर्म में मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रम सनातन की पहचान है। मौके पर बिहार से आए भोजपुरी कलाकार अंकित सिंह चंद्रवंशी ने माड़ो में रूसल बाड़े देखी शिव दूल्हा हो गीत से शुरू की। गायिका सुरभि सरगम ने आज कैलाश नगरिया निहाल सखियां.. गीत से मेला में आए श्रोता दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मौके पर उपप्रमुख धर्मवीर सिंह उर्फ मन्टु सिंह, अशोक सिंह, अरूण सिंह,रंजय सिंह, सुमेर सिंह, विजय सिंह, अरुण सिंह, बिहारी सिंह, संजय सिंह, ललन सिंह, अनुज सिंह भी थे।



### किशुनपुर ओपी परिसर में शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा



**पाटन पलामू।** थाना क्षेत्र के किशुनपुर ओपी परिसर में शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गयी। तीन दिनों तक पूजा पाठ विद्वान पंडितों ने किया। महाशिवरात्रि पर मंदिर में शिवलिंग स्थापित किया गया। ओपी प्रभारी निलेश कुमार सपत्नीक मुख्य पुजारी बने। बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुषों एवं बच्चों ने गाजे बाजे के साथ शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भाग लिये। वहीं शिवलिंग के साथ नगर भ्रमण किया गया। नगर भ्रमण के दौरान हर हर महादेव के जयघोष से क्षेत्र गूंजता रहा। मौके पर पाटन थाना एवं किशुनपुर ओपी पुलिस सक्रिय रही। मंदिर निर्माण को लेकर ओपी प्रभारी निलेश कुमार को लोग बधाई दे रहे हैं।

### नगर भ्रमण के साथ शिव मंदिर में मूर्ति की प्रतिष्ठा



**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के लोहरा पोखरी में मलय नदी के तट पर नवनिर्मित शिव मंदिर में मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर बाजे गाजे के साथ नगर भ्रमण कराया गया जिसमें काफी संख्या श्रद्धालु भाग लिये। इस दौरान श्रद्धालु भक्ति गानों पर थिरकते नजर आये। मूर्ति नगर भ्रमण मंदिर परिसर से निकलकर लोहड़ी, जोगिया पोखरी, धावाडीह, नौरंगा, सतबरवा कराया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष सत्यप्रकाश प्रसाद ने बताया कि बुधवार के दिन मूर्ति की स्थापना की गयी। रात्रि में प्रयागराज से पधारी प्रवचनकर्ता समीक्षा पांडेय प्रवचन का रसपान श्रद्धालुओं को करा रही हैं। वहीं दोगोला का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजय उरांव, आशीष सिन्हा, करमचंद साव, कुश कुमार, सुधीर मिश्रा, मनोज शर्मा, मुधीर साव, बिनोद साव, सुनील गांधी, सुधीर साव, दिनेश साव भी थे।

### शिव शाश्वत हैं, अनादि और अनंत भी : लवली गुप्ता



**पांकी पलामू।** महाशिवरात्रि पर भाजपा नेत्री सह पूर्व जिला परिषद् सदस्य लवली गुप्ता ने पांकी विस क्षेत्र के राहेवीर पहाड़ी, खपरमंडा, चंद्रपुर कामत, गौरीदह सहित कई पूजा स्थलों पर आयोजित मेले में शिरकत की। बाकी प्रखंड के ग्राम जोतांग में व खपरमंडा में फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्रीमती गुप्ता ने कहा कि शिव की पूजा शिवलिंग के रूप में की जाती है जो उनके अनादि और अनंत स्वरूप का प्रतीक। शिवरात्रि विशेष रूप से महाशिवरात्रि शिव की आराधना का महत्वपूर्ण पर्व है। शिव का अनंत और अपरिवर्तनकारी स्वरूप उनकी महानता और उनकी पूजा की विविध स्वरूप उन्हें विशेष और पूजनीय बनाते हैं।

## जपला आरपीएफ आशुतोष धाम से निकली शिव बारात

- शिव व पार्वती के साथ भूत प्रेतों भी बारात में जम कर झूमे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** जपला रेलवे परिसर में स्थित आशुतोष धाम शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर भव्य रूप से पूजा आयोजन किया गया। हर साल की तरह इस वर्ष भी एक दिन पूर्व भक्ति भजन व कीर्तन तथा भंडारा का आयोजन किया गया। वहीं महाशिवरात्रि के दिन सुबह से हजारों श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर भांग धतूरा,बेलपत्र, फूल दूध से लोगों ने जलाभिषेक किया। वहीं आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार मीणा के नेतृत्व में भव्य शिव बारात की झांकी निकाली गयी। बैंड बाजा के धुन पर नाचते गाते भक्तों की भीड़ शिव बाराती बने। बारात की शुरुआत मंदिर परिसर से पंडित शंभू पाठक द्वारा वैदिक मंत्रोचारण के साथ शुरुआत की गयी।



### छतरपुर थाना प्रभारी ने यौन शोषण मामले में युवक को भेजा जेल

**छतरपुर पलामू।** थाना क्षेत्र के बगैया पंचायत के चोडार गांव निवासी रुकायदा खातून के आवेदन के आलोक में छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद सुजीत कुमार (22) वर्षीय युवक को गिरफ्तार का जेल भेज दिया। इस संबंध में बताया जाता है कि गांव की ही एक युवती ने सुजीत कुमार पर आरोप लगाया कि उनकी नाबालिग पुत्री के साथ शादी का झांसा देकर पिछले ढाई साल से गांव के ही सुजीत कुमार के द्वारा यौन शोषण किया जा रहा था।

## पाटन प्रखंड के दर्जनों स्कूलों में मध्याह्न भोजन हो गया बंद

- विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति और पढ़ाई हो रही है प्रभावित

**मनीष दुबे**

**पाटन पलामू।** प्रखंड के दर्जनों स्कूलों में मध्याह्न भोजन बच्चों को नहीं मिल रहा है। बच्चे घर से टिपिन लेकर विद्यालय आने पर मजबूर हैं। सोमवार को मीडिया टीम ने विद्यालय का निरीक्षण किया, जिसमें पाया गया कि पाटन के दर्जनों स्कूलों में मध्याह्न भोजन बंद है। इससे बच्चों की उपस्थिति व पढ़ाई प्रभावित हो रही है। मीडिया टीम ने पाटन के न्यू प्राथमिक विद्यालय वनासो हरिजन टोला न्यू प्रावि जहांसी करमाही टोला रामवि धंगरडीहा, रामवि महुलिया, न्यू प्रावि बासाबार, रामवि हेसला, राउमवि जयपुर, उप्रावि अलगडीहा सहित दर्जनों विद्यालयों के निरीक्षण में पाया कि मध्याह्न भोजन बंद है। इन सभी स्कूलों के प्राचार्य ने बताया कि चावल उपलब्ध नहीं करायी गयी है।



### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि सद्भावना भवन में महाशिवरात्रि मनी

# शिव आत्मा-परमात्मा के परमपिता : बीके नीरज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के मधुशाला रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि सह सद्भावना भवन में महाशिवरात्रि मनाया गया। बीके नीरज भाई ने कहा परमात्मा शिव के दिव्य कर्तव्य को याद दिलाते हुए कहा कि शिव आत्माओं के परमपिता, सभी को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। कलियुग के अंतिम चरण में जब मनुष्य धर्म भ्रष्ट और कर्म भ्रष्ट होकर तुच्छ बुद्धि बन जाता है। तब परमात्मा शिव संसार के कल्याण हेतु सभी मनुष्यों को दुख-दर्द, अशांति एवं विकारों के चुंगल से छुडा कर ज्ञान की ज्योति और पवित्रता की किरण बिखेर कर सुख-शांति, आनंद, संपन्नता, मनुष्य में देवता की पुनः स्थापना करते हैं। परमात्मा शिव के दिव्य और अलौकिक जन्म की पुनीत स्मृति में ही शिवरात्रि अर्थात शिव जयंती का त्यौहार मनाया जाता है। शिव और शंकर में अंतर बताते हुए कहा कि शिव परमात्मा निराकार ज्योति स्वरूप है। जबकि शंकर सूक्ष्म देहधारी हैं। शिव का अर्थ कल्याणकारी है, जबकि शंकर को विनाशकारी दिखाते हैं। शिव सभी आत्माओं का परमपिता है। रक्षक है। वह हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। कार्यक्रम से पूर्व सेवा केंद्र पर शिव ध्वज फहराया गया। शिवध्वज के नीचे बीके भाई बहनों ने संकल्प लिया कि हम जीवन में बुराइयों को छोड़ अच्छाई के मार्ग पर चलेंगे। नकारात्मकता को छोड़ सकारात्मक सोच रखेंगे। मौके पर बीके धीरज, बीके रामनरेश, बीके मनोज भगत, आनंद किशोर, बीके, कृष्णा, बीके शोभा, माता कुसुम, माता शकुंतला इत्यादि तथा द्वादश ज्योति लिंग के दर्शन भक्तों आकर्षण का केंद्र रहा।



महाशिवरात्रि के मौके पर उपस्थित ब्रह्माकुमारी बहनें व अन्य।

# उताकी में महाशिवरात्रि पर योगी वीर शिव मंदिर प्रांगण में मेला आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** महाशिवरात्रि पर पाटन प्रखंड के उताकी में योगी वीर शिव मंदिर के प्रांगण में मेला उताकी मुखिया प्रतिमा देवी ने किया। मेला का उद्घाटन पाटन पश्चिमी जिप सदस्य संग्राम सिंह, पाटन प्रमुख शोभा देवी एवं मुखिया प्रतिमा देवी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर शक्ति शंकर गुप्ता, जयशंकर प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि इंदल महतो, सुनील कुमार, मनोज राम सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। मेला के दौरान घोड़ा दौड़ प्रतियोगिता एवं भोजपुरी संगीत का कार्यक्रम किया गया। उताकी पंचायत के योगी वीर पहाड़ पर स्थित शिव मंदिर में लोगों ने पूजा अर्चना किया तथा मेला का आनन्द उठाया। भोजपुरी के स्टार कलाकार प्रदुम्न परदेशी एवं रौशन राज ने अपने संगीत से लोगों को खुब झुमाया। मौके पर जिप सदस्य संग्राम सिंह, पाटन प्रमुख शोभा ने घोड़ा रेस प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान लाने वाले घोड़ सवार को शील्ड, प्रमाणपत्र एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया। श्री सिंह ने कहा कि आज के दौर में मुखिया प्रतिमा देवी एवं मुखिया प्रतिनिधि इंदल महतो ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम करना सराहनीय है। उन्होंने इस कार्य के लिए बधाई दी। पाटन प्रमुख शोभा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से एकता व भाईचारा बना रहता है। मेला के बहाने लोग एक दूसरे से मिलते जुलते हैं। हर साल यह कार्यक्रम होना चाहिए जिससे पंचायत का नाम रौशन होता रहे।



फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते जिप सदस्य व अन्य।

# महाशिवरात्रि पर मंदिरों और शिवालयों में में उमड़ी भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता


मंदिर में भीड़

**रमना।** प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास के मंदिरों और शिवालयों में महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। लोगों ने पूजा-अर्चना कर मनोवांछित फल की कामना की। इस अवसर पर मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। मड़वनिया के सुखड़ा शिव मंदिर में चुंडी मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु दंपतियों ने मनोकामना पूर्ण होने के पश्चात महाशिवरात्रि के दिन कथा का श्रवन किया तथा मंदिर परिसर में लगने वाले मेले का आनंद उठाया। ज्ञात हो कि सुखड़ा शिव मंदिर के प्रांगण में प्रति वर्ष महाशिवरात्रि के दिन मेला का आयोजन किया जाता है। जिसमे आस पास के दर्जनों गांव के लोग मेला में भाग लेते है।

मेला के सफल आयोजन में अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, सचिव राम नारायण ठाकुर, कोषाध्यक्ष विजय यादव, उमाशंकर यादव, अजय यादव, नरेंद्र ठाकुर, रविंद्र ठाकुर, कृष्ण ठाकुर, राजेश्वर ठाकुर आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## शिव पहाड़ी गुफा के समीप दो दिवसीय मेला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता


गुफा में जाने के लिए कतार में खड़े लोग

**भवनाथपुर।** प्रखण्ड क्षेत्र में महाशिवरात्रि धूमधाम से मनाया गया। जहां शिव पहाड़ी गुफा के पास दो दिवसीय मेला का आयोजन किया गया, तो वहीं कड़िया राज बाबा पहाड़ी पर एक दिवसीय मेला के साथ-साथ भजन कीर्तन का आयोजन किया गया।

मेले को लेकर दोनों जगहों पर पुलिस प्रशासन मुस्तैद रही। थाना प्रभारी रजनी रंजन के नेतृवत में दोनों जगहों पर पुलिस तैनात रही। वहीं थाना प्रभारी मेला का निरीक्षण करते रहे। पूजा को सफल बनाने में शिव पहाड़ी गुफा मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष ब्रजेश गुप्ता, उपाध्यक्ष इंद्रजीत गुप्ता, सचिव राम विजय साह, सह सचिव चंद्रकेश्वर गुप्ता, बबन साह, लाल बहादुर साह, सकेंद्र साह, अरुण साह, ओम प्रकाश आर्य, मोहन साह, विजेंद्र नाथ वैद्या, विनय साह, सुरेश ठाकुर सहित कई लोग लगे है।

**शिव पहाड़ी बाबा पर लोगों की है आस्था :** शिव पहाड़ी गुफा में बसे भोले नाथ पर लोगो की खूब आस्था है। लोग महाशिवरात्रि के अवसर पर भूखे प्यासे घंटो लाइन में लग कर गुफा के अंदर प्रवेश कर भगवान भोलेनाथ का दर्शन करते हैं और अपने सुख शांति का कामना करते हैं। लोगो का कहना है कि 200 वर्ष पूर्व एक व्यक्ति को भगवान भोलेनाथ के स्वप्न में कहा था कि वे शिव पहाड़ी के गर्भ में बसे है। उनका पूजा अर्चना किया जाए। उस व्यक्ति ने काफी खोजबीन के बाद इस गुफा का पता लगाया। ग्रामीणों का कहना है कि कई वर्षों से श्रद्धालु गुफा में उतरते हैं लेकिन आज तक कोई दुर्घटना नहीं हो सकी है। गुफा में प्रवेश के बाद आप पहाड़ी के तलहटी में करीब डेढ़ सौ फीट नीचे पहुंच जाते हैं। बाहर से पूरी तरह ठोस दिखने वाला यह पहाड़ अंदर से एकदम खोखला है। जो गुफा का रूप ले लिया है। शिव पहाड़ी की गुफा के बीच में स्वतः निर्मित भगवान भोलेनाथ का लिंग है।

### कड़ियां राज बाबा करते हैं मन्नत पूरा

कड़ियां राज बाबा भवनाथपुर-श्री बंशीधर नगर सीमा पर लगभग तीन सौ फीट की ऊँचाई के पहाड़ी पर स्थित हैं। लोगो का मानना है कि कड़ियां राज बाबा भवनाथपुर के सीमा पर क्षेत्र का सुरक्षा करते हैं। मानना है कि यहां मन्नत मांगने पर कड़िया राज बाबा भक्तों का मन्नत को पूरा करते है। सालों भर लोग यहां पूजा करने आते रहते हैं।

## जारी नाली निर्माण की लागत पर सवाल

**कुमारधुबी।** चिरकुंडा नगर परिषद के लाइंस क्लब के समीप लगभग 17 लाख रुपए की लागत से बनाई जा रही आरसीसी नाली के निर्माण कार्य पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। बिना कनीय अभियंता की निगरानी के यह कार्य जारी है, जिससे नगर परिषद की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इतने बड़े निर्माण कार्य के बावजूद साइट पर कोई शिलापट्ट मौजूद नहीं है, जिससे यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा कि इस प्रोजेक्ट में कौन-कौन लोग संलिप्त हैं। स्थानीय लोग इसे सरकारी धन की लूट करार दे रहे हैं, क्योंकि रविवार जैसे अवकाश के दिन भी निर्माण कार्य जारी रहा। जब इस मामले पर सहायक अभियंता से दूरभाष पर संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य को रोकने का निर्देश दिया गया है। लेकिन हकीकत यह है कि आदेश के बावजूद निर्माण कार्य अभी भी तेजी से चल रहा है। वहीं, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को भी मौखिक रूप से इसकी जानकारी दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। सवाल यह उठता है कि क्या यह निर्माण कार्य नियमों को ताक पर रखकर किया जा रहा है? और जनता के पैसों की यह लूट कब तक जारी रहेगी?

## कुमारधुबी में श्री शिव महापुराण कथा का समापन

### हनुमान अवतार कथा से भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

खबर मन्त्र संवाददाता



**कुमारधुबी।** धर्म उत्थान समिति के तत्वावधान में जुनकुंदर ब्रह्मस्थान स्थित मंगल मूर्ति धाम में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा का मंगलवार को सातवें और अंतिम दिन भव्य समापन हुआ। वृंदावन से पधारे पूज्य उत्तम कृष्ण शास्त्री ने इस अवसर पर एकादश रुद्र अवतार हनुमान जी की कथा सुनाई। मुख्य यजमान राजेश्वर साव व उनकी पत्नी रेणु देवी ने विधिवत पूजा-अर्चना की।


## सिंदरी एसडीपीओ ने परिवार संग किया शिव आराधना



**सिंदरी।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सिंदरी एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम ने पत्नी और दो बच्चों के साथ रोहड़ाबांध थानेश्वर शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। इस दौरान 'हर-हर महादेव' के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। श्रद्धालुओं में भक्ति का उत्साह देखने लायक था। जलाभिषेक के बाद एसडीपीओ ने शिव बारात का प्रसाद भी ग्रहण किया।

## पुटकी में महाशिवरात्रि की धूम, शिवालयों में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

खबर मन्त्र संवाददाता



**पुटकी।** धनबाद कोयलांचल के पुटकी, भागाबांध, मुनिडीह सहित विभिन्न क्षेत्रों में महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भोर से ही शिवालयों में जलाभिषेक और पूजा के लिए बच्चे, युवा व महिलाएं भारी संख्या में उमड़े। पुटकी के प्रमुख श्री कुमारेश्वर शिव मंदिर समेत सभी मंदिरों को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया गया। शाम को भव्य शिव बारात निकाली गई, जिसमें देव-मुनियों और भूत-बेताल की झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। श्रद्धालु हर-हर महादेव के जयघोष के साथ भक्ति में लीन नजर आए।

## तिलाटांड पहाड़ी में भीषण आग, जंगल में मचा हड़कंप

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** तेतुलमारी थाना क्षेत्र के तिलाटांड पहाड़ी में मंगलवार को अचानक आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। तेज लपटों के बीच जंगल में रहने वाले जानवर, सांप और बिच्छू इधर-उधर भागने लगे। आग की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों और वन विभाग को सतर्क किया गया। ग्रामीणों ने मिलकर पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज हवा और सूखी झाड़ियों के कारण आग तेजी से फैलती रही। ग्रामीणों के अनुसार, झाड़ियों से धुआं निकलता देख आग लगने का अंदेशा हुआ और तुरंत आग बुझाने की कोशिश की गई, मगर सफलता नहीं मिली। फिलहाल आग पर काबू नहीं पाया जा सका है, और जंगल में इसका असर बढ़ता जा रहा है।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने चलाया डोर टू डोर अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता


जानकारी देते पीएलवी

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में 90 दिवसीय आउटरीच प्रोग्राम के तहत जिले के मेराल प्रखण्ड के ओखरगाड़ा गांव के टिकुलडीहा टोला में डोर टू डोर अभियान चलाया गया। इस दौरान दो सदस्यीय टीम स्व. ललन पासवान के घर पहुंची। जिनकी मौत गंभीर बीमारी से हो गई थी। उनके सात बच्चे है जो नाबालिग हैं। जिनमें छह पुत्री एवं एक पुत्र है।

पीएलवी ने बताया कि इन लोगों को सरकार के द्वारा संचालित किसी भी योजना का लाभ नहीं मिला है। उनको सरकार के द्वारा संचालित लालन पालन स्पांसरशिप योजना की जानकारी दी गई। साथ ही आवश्यक कागजात बनवाने के लिए कहा गया।

पीएलवी ने उन्हें हर संभव मदद दिलाने की कोशिश की। मौके पर पीएलवी सुधीर चौबे, पीएलवी रमा शंकर चौबे सहित कई अन्य मौजूद थे।

## 54 पुलिसकर्मियों के स्थानांतरण के फैसले पर उठी पुनर्विचार की मांग

**धनबाद।** झारखंड पुलिस में धनबाद जिले के 54 आरक्षी/हवलदारों के अन्य जिलों/प्रतिष्ठानों में प्रशासनिक दृष्टिकोण से स्थानांतरण पर पुनर्विचार की मांग उठी है। झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष/महामंत्री ने पुलिस उप-महानिरीक्षक (कार्मिक), झारखंड रांची को पत्र लिखकर इस निर्णय की समीक्षा करने का अनुरोध किया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि पुलिस उप-महानिरीक्षक, कोयला क्षेत्र बोकारो के आदेशानुसार धनबाद जिले के 54 हवलदार और आरक्षियों का स्थानांतरण किया गया। इनमें कुछ पुलिसकर्मी ऐसे भी हैं, जिन्हें पहले से ही सेवा पुस्तिका में कोई दंड नहीं मिला और फिर भी उन्हें प्रशासनिक आधार पर ट्रांसफर कर दिया गया। एसोसिएशन ने आग्रह किया है कि ऐसे पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण अन्य जिलों में करने के फैसले पर पुनर्विचार हो और उन्हें पुनः धनबाद जिले में बहाल किया जाए। यह मुद्दा पुलिस बल में असंतोष उत्पन्न कर सकता है, इसलिए शीघ्र उच्चस्तरीय समीक्षा की आवश्यकता जताई गई है।

## महाशिवरात्रि पर निकली भव्य शिव बारात

**जोड़ापोखर।** जीतपुर महाकालेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भव्य शिव बारात निकाली गई, जिसमें महिलाओं की अपार भीड़ उमड़ी। महिलाएं शिव विवाह गीत गाकर पूरे क्षेत्र को भक्ति रस से सराबोर कर रही थीं। बारात में भूत-पिशाच, देव-ऋषियों की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। यह जामाडोबा बाजार, बाबूबसा और नगर भ्रमण करते हुए जीतपुर महाकालेश्वर मंदिर पहुंची, जहां विधि-विधान से हवन-पूजन और शिव-पार्वती विवाह संपन्न कराया गया। इस आयोजन में ज्ञान किशोर पांडेय, भगवान जी मिश्रा, जियालाल कुमार, भूदेवचंद पांडेय, सुरेश सिंह, चिरंजीव तिवारी सहित कई भक्तों का योगदान रहा।

## मजदूरों पर गोली चलाने वाले दहशतगर्दों की तलाश

**महुदा/कतरास।** महुदा थाना अंतर्गत महुदा वाशरी रेलफाटक के समीप अंडर पास के निर्माण में लगी ठेका कम्पनी के कैंप पर मंगलवार की रात अंधाधुंध फायरिंग कर रंगदारों के शागिर्दो ने प्रशासकीय तंत्र को सकते में डाल दिया है। ठेका कम्पनी तिरुपति बालाजी इंटर प्राइजेज के मालिक योगेंद्र शर्मा की लिखित शिकायत पर महुदा थाना की पुलिस मामला दर्ज किया है। पुलिस उस रास्ते में लगे कुछ सीसीटीवी को खंगाल रही है। मोबाईल का लोकेशन और काल डिटेल के जरिए अपराधियों को गिरफ्त में लेने के लिए प्रयास कर रही है। जांच के क्रम में पुलिस को कुछ सुराग मिले है। जिससे संभावना जताई जा रही है कि अपराधी शीघ्र पुलिस के गिरफ्त में होंगे। मालूम हो कि मंगलवार रात करीब 9 बजे अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग किया था।

## अनन्त सनशाइन प्ले स्कूल का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



उद्घाटन करते अतिथि

**गढ़वा।** शहर के नहर रोड में बुधवार को अनन्त सनशाइन प्ले स्कूल का उद्घाटन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि एसपी दीपक कुमार पांडेय, एसडीएम संजय कुमार, डीईओ कैसर रजा एवं भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर एवं फीता काटकर किया। मौके पर एसपी श्री पांडेय ने कहा कि बच्चों का दिमाग सादा कागज की तरह होता है जिसमें शिक्षक शिक्षा रूपी स्याही भरते है। उन्होंने कहा कि प्ले स्कूल बच्चों का प्रारंभिक शिक्षा का शुरूआत होता है।


इसमें बच्चे सीखते हैं जो आगे चलकर उनके भविष्य निर्माण में काम आता है। यह प्ले स्कूल बच्चों के नींव में बेहतर साबित होगा। डीईओ ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के विकास के लिए शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण हथियार होता है। जीवन का सबसे महत्वपूर्ण समय बचपन ही होता है इसलिए बचपन में शुरूआत अच्छी हो तो आगे चलकर उस बच्चे का सवार्गीण विकास हो जाता है। भाजपा नेता ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में इस स्कूल का खुलना अच्छी पहल है। गढ़वा के लोग मेहनती होते है। यहां कम खर्च में शिक्षा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के विस्तार में उनका सहयोग हमेशा रहेगा। कार्यक्रम का संचालन अरुण पांडेय तथा धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के निदेशक प्रो. पुरुषोत्तम त्रिपाठी ने किया। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी शिवशंकर प्रसाद, विद्यालय के संस्थापक शशिकांत चौबे, सुशील चौबे, दीपक चौबे, पूर्व सांसद घुरण राम, भाजपा नेता शिवकुमार पांडेय, कांग्रेस नेता श्रीकांत तिवारी, भाजपा नेता ब्रजेश उपाध्याय, विभाकर पांडेय, झामुमो नेता कामता प्रसाद, अनुमंडल अध्यक्ष प्रताप जायसवाल, अमरेंद्र सिंह, विकास चौबे, गुड्डू पांडेय, डब्लू दुबे, प्राचार्य डॉ दीपक चौबे सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## ऊंची नाली निर्माण का नागरिकों ने किया विरोध

**गोविंदपुर।** जीटी रोड चौड़ीकरण के तहत धनबाद मोड़ पर बनाई जा रही ऊंची नाली को लेकर बुधवार को स्थानीय नागरिकों और व्यवसायियों ने विरोध जताया। उनका कहना है कि कंपनी द्वारा अनुपयोगी और जरूरत से ज्यादा ऊंची नाली का निर्माण किया जा रहा है, जिससे सड़क और संकीर्ण हो रही है। इससे वाहनों की आवाजाही में दिक्कत होगी और जाम की समस्या बढ़ेगी। ऊपर बाजार के व्यवसायी संदीप विश्वकर्मा, सुरेश प्रसाद भगत, शंभू भगत, विवेकानंद पांडे आदि ने इस मामले की शिकायत कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर से की। पूर्व में 3 फरवरी को नागरिक समिति और हाईवे इंजीनियर के साथ हुए समझौते में 220 एमएम की बजाय 100 एमएम ऊंची नाली बनाने का फैसला हुआ था।

## पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने बाबा खोंहर नाथ मंदिर में की पूजा अर्चना

खबर मन्त्र संवाददाता


पूजा करते पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर

**गढ़वा।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रखंड के बाबा खोंहर नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान मंदिर समिति ने पूर्व मंत्री का भव्य स्वागत किया। मौके पर पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि महाशिवरात्रि के दिन बाबा खोंहर नाथ का दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने भगवान शिव से सभी के सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। उन्होंने बताया कि जब वे मंत्री थे, तब पर्यटन विभाग के माध्यम से इस मंदिर के विकास कार्यों को गति दी थी। इसके बाद पूर्व मंत्री ने सोनपुरवा स्थित शिव मंदिर के समीप आयोजित भव्य भंडारे का उद्घाटन किया। कहा कि महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए भक्तों के लिए यह आयोजन अत्यंत सराहनीय है। भंडारे का आयोजन में दिलीप प्रसाद कमलापुरी, आशीष कुमार अग्रवाल, उमेश प्रसाद कमलापुरी, शैलेंद्र प्रसाद कमलापुरी, दिनेश प्रसाद कमलापुरी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मौके पर धीरज दुबे, तनवीर आलम, चंदन जायसवाल, प्रियम सिंह, दिलीप गुप्ता, विवेक सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## ब्राउन शुगर के अवैध कारोबारी के घर पर इस्तेहार

**मैथन।** ब्राउन सुगर के अवैध कारोबार का आरोपी शाहरूख फरार है। अब शिवलीबाड़ी उत्तर पंचायत के रहमत नगर स्थित उसके घर की कूर्की जप्ती होगी। बुधवार को कुमारधुबी पुलिस ने उसके घर पर इस्तेहार चिपका सरेंडर करने को कहा है। सितम्बर 2024 में रहमतनगर के ही मो दानिश को इस मामले में कुमारधुबी पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। हालांकि वह जमानत पर बाहर हैं। मैथन मोड़ स्थित एक कैफे से दानिश गिरफ्तार हुआ था। उसके पास से ब्राउन सुगर की दस--दस ग्राम की पुड़िया बरामद की गयी था। रांची की विशेष शाखा ने पत्र भेजकर धनबाद एसएसपी और डीसी से कार्रवाई की बात कही थी। पत्र में मो दानिश एवं उसका साथी शाहरूख उर्फ धन्नू का नाम इस अवैध कारोबार में दशार्या गया था। ओपी प्रभारी पंकज कुमार ने कहा कि सितम्बर माह में ब्राउन शुगर के साथ दानिश को पकड़ा गया था। उसका साथी शाहरूख फरार हो गया था। वह छह माह से फरार चल रहा है।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का शिलान्यास

**कतरास।** श्यामडीह मोड़ के समीप जिला परिषद निधि से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का शिलान्यास विधायक शत्रुधन महतो ने किया। विधायक ने कहा कि सरकारी अस्पताल बनने से इस क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

ई-निविदा सूचना सं. : टीआरडी-आरएनसी-24-25-12, दिनांक 25.02.2025, भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: कार्य का संक्षिप्त विवरण: रांची मंडल के तहत हाई रेटेड (1600V) द्वारा लो रेटेड आइसोलेटरों की बदली। कार्य का अनुमानित मूल्य: रु. 45,89,938.58, बयाना राशि/बोली प्रतिभूति: रु. 91,800/-, अंतिम तिथि और समय: दिनांक 19.03.2025 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in में देखा जा सकता है। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट रहना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर जरूर पंजीकृत रहें। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रणाली में भाग लेते समय सभी संबंधित कागजात निविदाकार द्वारा निविदा कागजात के साथ अपलोड किए जाएं। (PR-1182)

## पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष रोबिन गोराई के पक्ष में उतरा विश्व हिन्दू परिषद व बांग्ला उन्नयन समिति



खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष रोबिन गोराई के पक्ष में विश्व हिन्दू परिषद एवं बांग्ला उन्नयन समिति ने खोकरापहाड़ी में प्रेसवार्ता आयोजित किया। पूर्व जीप अध्यक्ष रोबिन गोराई के बंद फैक्ट्री में चोरी करते हुए दो चोर पकड़ाया था। जो सार्वजनिक अपना गुनाह भी कबूल किया। जिसका वीडिओ भी मौजूद है। उसके बाबजूद उस चोर के पक्ष में मुस्लिम समाज के कुछ ठेकेदार जबरन मामले को रंग देना चाह रहे है। उसे आरएसएस कभी बर्दास्त नहीं करेंगी।

उक्त बातें विश्व हिन्दू परिषद विभाग प्रमुख धनबाद के निलय कुमार गाड्यान ने कही। उन्होंने कहा कि जब चोरी करते हुए दोनों चोर को रंगे हाथ पकड़ा गया, उस समय ग्रामीणों द्वारा दोनों के साथ मारपीट भी हुई, जिसमें उनके पैर में चोट आई है।

## गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन हवन यज्ञ व शिव मंदिर में रुद्राभिषेक

खबर मन्त्र संवाददाता


हवन करते लोग

**मझिआंव।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में मझिआंव नगर पंचायत के खजूरी गांव के मनोकामनेश्वर शिव मंदिर परिसर में 24 फरवरी से चल रहे नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ के चौथे दिन बुधवार को हवन यज्ञ एवं दीक्षा संस्कार सम्पन्न हुआ। साथ ही शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का पूरे विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक किया गया। यह कार्यक्रम शांतिकुंज हरिद्वार से आये विद्वान आचार्य सच्चिदानंद तिवारी द्वारा सम्पन्न कराया गया।

इस अवसर पर दीक्षा संस्कार के दौरान श्री तिवारी ने कहा कि गायत्री परिवार की दीक्षा सूक्ष्म रूप से विद्यमान गुरुदेव श्रीराम शर्मा आचार्य खुद दिला रहे हैं, हम तो बस एक माध्यम भर हैं। उन्होंने कहा कि कालांतर में विदेशी आक्रमणकारियों ने हमारी सनातन संस्कृति को नष्ट करने का भरसक प्रयास किया। जिसके कारण हमेशा दिन में हो रही बहन बेटियों की शादी आतताइयों के भय से चोरी छिपे रात्रि में होने लगे। उन्होंने कहा कि दुःख तो तब होता है जब हमारे बीच के सनातनी उन्ही आतताइयों की भाषा बोलते हैं। श्री तिवारी ने कहा कि गुरुदेव ने गायत्री महामंत्र को सबके लिए सुलभ बना दिया है। इसका जप करने से उसके घर मे अकाल मृत्यु नहीं होती है। यह महामंत्र कामधेनु के समान है. इसका लाभ उठावें। इस दौरान खजूरी, बीरबंधा, बकोईया, आमर, लकड़ही, बोकेया एवं मझिआंव सहित आधा दर्जन गांवों सैकड़ों महिला पुरुष श्रद्धालुओं द्वारा हवन यज्ञ किया गया।

**गायत्री परिवार ने किया दीक्षा ग्रहण :** सोनाक्षी कुमारी, पिता जितेंद्र कुमार, सपत्नीक अखिलेश विश्वकर्मा, सपत्नीक प्रशांत कुमार सिंह, सपत्नीक धर्मेन्द्र सिंह कुशवाहा, राधिका देवी पति उपेन्द्र मेहता, प्रवीण कुमार शर्मा, सपत्नीक वार्ड पार्षद प्रमोद पाल, रूपंजली कुमारी पिता कन्हाई मेहता, सरला कुमारी पिता देवधारी महतो, प्रियंका कुमारी पिता मोहन मेहता, सपत्नीक मुंद्रिका पाल, सपत्नीक मुखलाल यादव, अमृता कुमारी पिता विजय नंदन पासवान संजू देवी, सपत्नीक कंचन कुशवाहा द्वारा गायत्री परिवार की दीक्षा ग्रहण की गई और सदाचार का संकल्प लेकर युग परिवर्तन की इस बेला में खुद को बदलने का संकल्प लिया।

खबर मन्त्र
रांची. गुरुवार. 27 फरवरी 2025

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

## तेल का खेल

वैश्विक शोध संस्थान ने जानकारी दी है कि दुनिया के तीसरे सबसे बड़े तेल उपभोक्ता और आयातक भारत ने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के तीसरे वर्ष में रूस से 49 अरब यूरो मूल्य का कच्चा तेल खरीदा है। भारत पारंपरिक रूप से पश्चिम एशिया से अपना तेल खरीदता रहा है। हालांकि उसने फरवरी 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण के तुरंत बाद रूस से बड़ी मात्रा में तेल आयात करना शुरू कर दिया। इसका मुख्य कारण तुलना में काफी छूट पर उपलब्ध था। कुल कच्चे तेल आयात के एक प्रतिशत से बढ़कर अल्प अवधि में 40 प्रतिशत तक पहुंच गया। ऊर्जा एवं स्वच्छ वायु अनुसंधान केंद्र ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में कहा, आक्रमण के तीसरे वर्ष में नए बाजारों पर रूस की पकड़ मजबूत हुई है। तीन सबसे बड़े खरीदार चीन (78 अरब यूरो), भारत (49 अरब यूरो) और तुर्किये (34 अरब यूरो) रहे। आक्रमण के तीसरे वर्ष में जीवाश्म ईंधन से रूस के कुल राजस्व में इनकी हिस्सेदारी 74 प्रतिशत रही। इसमें कहा गया भारत के आयात मूल्य में सालाना आधार पर आठ प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। आक्रमण के तीसरे वर्ष में रूस की कुल वैश्विक जीवाश्म ईंधन आय 242 अरब यूरो तक पहुंच गई और यूक्रेन पर आक्रमण के बाद से यह कुल 847 अरब यूरो हो गई है। भारत की कुछ रिफाइनरियों ने रूसी कच्चे तेल को पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में परिवर्तित कर दिया, जिसे यूरोप तथा अन्य जी-7 देशों को निर्यात किया गया। रूसी तेल पर कीमत में छूट (जो कभी-कभी अन्य तेलों के बाजार मूल्य से 18-20 डॉलर प्रति बैरल कम होती है) ने भारत को बहुत सस्ती दर पर तेल खरीदने का मौका दिया। हालांकि, हाल के दिन में छूट घटकर तीन डॉलर प्रति बैरल से भी कम रह गई है। यह युद्ध वैश्विक व्यापार को अधिकाधिक प्रभावित कर रहा है।

### कार्टून वर्ल्ड




## आज का राशिफल

मेष : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रु भय, चिंताए संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अभी आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा। शुभांक.2.6.8

वृष : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक.4.6.8

मिथुन : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढने के आसार रहेंगे। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक.5.7.8

कर्क : राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। मेहमानों का आगमन होगा। छात्रों को लाभ। शुभांक.4.6.7

सिंह : आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। इच्छित स्थान की यात्रा का योग हैं। शुभांक.2.5.6

कन्या: 'आगे आगे गोरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल व समन्वय बनाय। मीठे बोलने वालों से संभल कर रहें। शुभांक.4.5.7

तुला : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक.3.5.7

वृश्चिक : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय समान रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। शुभांक.2.4.6

धनु: जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक.4.6.7

मकर : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक.1.3.5

कुंभ : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। शुभांक.3.4.6

मीन : राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यो में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक.2.4.6

# खेती पर दिखने लगा है तापमान बढ़ोतरी का असर



**जलवायु** परिवर्तन का असर खेती किसानी पर साफ दिखाई देने लगा है। कहा जा रहा था कि 2024 की फरवरी सर्वाधिक गर्मी वाला माह रहा है पर 2025 में जनवरी में जिस तरह तापमान में बढ़ोतरी देखी गई है और फरवरी में ही देश के अधिकांश हिस्सों खासकर उत्तरी भारत में तापमान में लगातार तेजी देखी जा रही है वह चिंतनीय है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान सहित अनेक प्रदेशों में फरवरी में अधिकतम तापमान का आंकड़ा 30 डिग्री को छूने की तरफ अग्रसर है। देश के कई हिस्सों में दिन का तापमान 29 डिग्री को पार कर रहा है। यह कोई हमारे देश के ही हालात नहीं हैं अपितु दुनिया के अधिकांश देशों में जलवायु परिवर्तन का असर साफ-साफ दिखाई देने लगा है। बढ़ता तापमान बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। बढ़ते तापमान के कारण परिस्थिति तंत्र प्रभावित हो रहा है। बीमारियां तो फैल ही रही हैं, संपूर्ण तंत्र पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। चिंता की बात यह है कि एक ओर हम निरंतर घटते भूजल स्तर से प्रभावित हो रहे हैं तो ग्लेसियरों के तेजी से पिघलने का असर दिखाई दे रहा है। असमय अतिवृष्टि, अनावृष्टि, तूफान, जंगलों में आग आदि के रूप में इसका सीधा असर दिखाई दे रहा है।

जहां तक खेती-किसानी का प्रश्न है मौसम के अप्रत्याशित बदलाव से फसल चक्र पर नकारात्मक असर दिखने लगा है। फसल वपन का एक सिस्टम होता है। बुवाई से लेकर फसल के पक कर तैयार होने का चक्र होता है। दरअसल हो यह रहा है कि जिस समय फसल में फल-फूल आने का समय होता है उस समय तापमान बढ़ने से फल-फूल का विकास रुक जाता है और फसल पकने लगती है, इससे फसल में खराबी और उत्पादन में कमी स्वाभाविक है। दिसंबर, जनवरी की सर्दी और फरवरी में औसत तापमान से फसलों का सही ढंग से विकास संभव हो पाता है। एक अन्य चिंतनीय कारण यह भी बनता जा रहा है कि मावठ के समय मावठ नहीं होती, सर्दियों की बरसात के समय बरसात नहीं होती और जिस समय तापमान में बढ़ोतरी होनी चाहिए उस समय आंधी, तूफान और बरसात आकर फसल को चौपट करने में कोई कमी नहीं छोड़ती। इसका सीधा असर खाद्यान्न संकट के रुप में देखा जा सकता है। प्रायः देखा जाने लगा है कि जब फसल की कटाई का समय होता है उस समय आंधी-तूफान या ओला-बरसात होकर फसल को चौपट करने में कमी नहीं छोड़ती। इसी तरह से जनवरी-फरवरी में जब तापमान में गिरावट की आवश्यकता होती है उस समय तापमान में बढ़ोतरी चिंता का विषय बनता जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि जलवायु परिवर्तन के हालात यही रहे तो कुछ खाद्य वस्तुओं के भावों में कई गुणा तक बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। आलू, टमाटर, दालों, तिलहनों और अनाज के भावों में बढ़ोतरी साफ तौर से देखी जा सकती है।



- राजेन्द्र शर्मा

> कृषि और आर्थिक क्षेत्र के विशेषज्ञों को मानना है कि तापमान की असामयिक उतार-चढ़ाव के चलते कृषि पैदावार पर सीधा नकारात्मक असर पड़ रहा है। कृषि उत्पादन प्रभावित हो रहा है। कृषि उत्पादों की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। इससे साफ हो जाता है कि खाद्य वस्तुओं के भाव बढ़ेंगे ही और उसका सीधा असर हमें महंगाई के रूप में देखने को मिलेगा।

कृषि और आर्थिक क्षेत्र के विशेषज्ञों को मानना है कि तापमान की असामयिक उतार-चढ़ाव के चलते कृषि पैदावार पर सीधा नकारात्मक असर पड़ रहा है। कृषि उत्पादन प्रभावित हो रहा है। कृषि उत्पादों की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। इससे साफ हो जाता है कि खाद्य वस्तुओं के भाव बढ़ेंगे ही और उसका सीधा असर हमें महंगाई के रूप में देखने को मिलेगा। मजे की बात यह है कि जलवायु परिवर्तन के कारण दुनिया के देशों में तेजी से बंजर होती भूमि को लेकर चिंता तो जताई जा रही है पर अभी तक इन हालातों से निपटने का ठोस आधार तैयार नहीं किया जा सका है। आज दुनिया के देश आसन्न खाद्यान्न संकट को लेकर चिंतित है। इसके लिए बड़े सम्मेलनों में चिंतन मनन हो रहा है। विश्व खाद्य संगठन सहित दुनिया की संस्थाएं इससे आसन्न संकट को लेकर तो परेशान है ही उनकी चिंता का कारण यह भी होता जा रहा है कि पौष्टिक भोजन नहीं मिलने से करोड़ों लोग कुपोषण के शिकार हैं। खाद्यान्नों का उत्पादन प्रभावित हो रहा है।

गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। दुनिया के देश खेती किसानी के महत्व को कोरोना काल में अच्छी तरह से समझ चुके हैं। कोरोना में मानवता को संबल देने में खेती किसानी ने प्रमुख भूमिका निभाई और सबकुछ बंद होने पर खेती किसानी ही लोगों का पेट भरने में सहायक रही।

जलवायु परिवर्तन का असर जब साफ साफ सामने आने लगा है तो उस हालात में मौसम विज्ञानियों और कृषि विज्ञानियों के सामने बड़ी चुनौती आ गई है। एक और जलवायु परिवर्तन को सर्वाधिक प्रभावित करने वाले कारकों का कोई ना कोई विकल्प खोजना ही होगा। होता यह है कि हम जिसे आज बेहतर विकल्प बताते हैं कुछ समय बाद ही उसमें भी खामियां नजर आने लगती है। जलवायु को नियंत्रित करने वाले जंगलों का स्थान कंक्रीट के जंगल लेते जा रहे हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों व नई-नई खोजों ने हमारा जीवन आसान बनाया है पर उसके साइड इफेक्ट तेजी से असर दिखाने लगे हैं। रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग ने भूमि की उर्वरा शक्ति को प्रभावित किया है। अत्यधिक जल दोहन से भूजल का स्तर साल दर साल नीचे जाता जा रहा है। भूक्षरण होने लगा है। भूमि तेजी से बंजर होती जा रही है।

खैर हालात हमारे सामने हैं। ऐसे कृषि विज्ञानियों को ऐसी किस्में विकसित करनी होगी जो बदलते मौसम के अनुकूल हो। शुष्क भूमि में खेती की किस्में खोजनी होगी। इसी तरह से कम जल में विकसित होने वाली फसलों की किस्मों पर ध्यान देना होगा। कंजरवेशन खेती को बढ़ावा देना होगा। परंपरागत खेती को चरणबद्ध तरीके से अपनाना होगा। प्रयास यह करना होगा कि जलवायु परिवर्तन के कारण हो रहे मौसक चक्र के बदलाव के अनुकूल फसलों की किस्में तैयार हो। क्योंकि प्रकृति से छेड़छाड़ करने में हमने कोई कमी नहीं छोड़ी और उसका खामियाजा हमें आज भुगतना पड़ रहा है। तेज सर्दी के समय गर्मी से दो-चार होना पड़ रहा है। इस सबके साथ धरती के बढ़ते तापमान को नियंत्रित करने के उपायों पर ध्यान देना होगा।

हालात गंभीर चिंतनीय होते जा रहे हैं और यही हालात रहे तो विशेषज्ञ कहने लगे हैं कि कृषि उत्पादन में कमी का असर सारी दुनिया को भुगतना होगा। हालात और भी गंभीर हो उससे पहले ठोस प्रयास करने होंगे। बदलते हालात में खेती किसानी के लिए गंभीर प्रयास करने होंगे नहीं तो महंगाई तो है ही, दुनिया के कई देशों में भुखमरी के गंभीर हालात होने से कोई नहीं रोक सकेगा।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

### लेटर टू एडिटर

#### जागरूकता और जीवनशैली

सरकार द्वारा गैर संक्रामक रोगों की समय पर पहचान और इलाज के लिए उठाए गए कदमों का स्वागत किया गया। 30 साल से अधिक उम्र के लगभग 90 करोड़ लोग शुगर, बीपी, कैंसर, मोटापा आदि से प्रभावित हैं। सरकार ने आशा वर्करों और एएनएम के माध्यम से घर-घर जाकर स्वास्थ्य जांच करने का प्रस्ताव रखा है, जो सराहनीय है।

**-रविशंकर सिंह, रांची**

#### अश्लीलता पर फटकार

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने यूट्यूबर रणबीर इलाहाबादिया और अन्य प्रतिभागियों की अश्लील टिप्पणियों पर कड़ी फटकार लगाई और केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह मामला गंभीर है और समाज को शर्म महसूस होनी चाहिए। महिला आयोग ने भी नोटिस जारी किया। सरकार को ओटीटी प्लेटफार्म पर अश्लील सामग्री के प्रसारण पर रोक लगानी चाहिए। **रवि रांची**

### ट्वीट

**तेलंगाना** के निमार्णाधीन टनल में फंसे झारखण्ड के श्रमिकों के परिजनों को लेकर पदाधिकारी तेलंगाना रवाना हो गए।गुमला जिला प्रशासन के नेतृत्व में4 परिवारों के 1-1 सदस्य व पुलिस अधिकारी बिरसा मुंडा हवाई अड्डा से तेलंगाना के लिए प्रस्थान किया।

**– हेमंत सोरेन सीएम**

**बेटी** बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, भारत में महिलाओं और लड़कियों के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ साथ 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जहां लैंगिक समानता सिर्फ एक नीति नहीं, बल्कि सामाजिक मानदंड होगी।

**– अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री समाज कल्याण**

# वाहनों की पार्किंग की बड़ी समस्या से जूझते शहर और परेशान व्यापारी

**-डॉ. सत्यवान सौरभ**

### समस्या


भारत में वाहन पार्किंग की समस्या महत्त्वपूर्ण शहरी चुनौती है, जो न केवल यातायात के प्रवाह को प्रभावित करती है, बल्कि शहरी जीवन के मूल ढांचे को भी प्रभावित करती है। यह समस्या तेजी से बढ़ते शहरीकरण, बढ़ते वाहन स्वामित्व और पुराने शहरी नियोजन के घालमेल से पैदा होती है, जो महानगरीय क्षेत्रों में यातायात प्रबंधन के लिए जटिल दुविधा पैदा करती है। शहरों के विस्तार और वाहनों के स्वामित्व के अधिक सुलभ होने के साथ भारतीय शहरी केन्द्रों को वाहनों की बढ़ती संख्या को समायोजित करने में संघर्ष करना पड़ रहा है। पर्याप्त पार्किंग इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी और आज के समय में वाहनों की संख्या के हिसाब से शहरों को डिजाइन न किए जाने के कारण बड़े पैमाने पर अवैध पार्किंग होती है। इससे न केवल सड़कें जाम होती हैं बल्कि पैदल चलने वालों के लिए बनी जगह भी कम पड़ जाती है। कई भारतीय शहरों की स्थापना प्राचीन या औपनिवेशिक काल में हुई थी और उनकी योजना आधुनिक यातायात की मांग को ध्यान में रखकर नहीं बनाई गई थी। संकरी गलियाँ और मिश्रित भूमि उपयोग के कारण पार्क किए गए और चलते वाहनों के भार से दबाव पड़ता है। इसके अतिरिक्त, पार्किंग नियमों का ढीला-ढाला क्रियान्वयन तथा गैर-अनुपालन के प्रति सांस्कृतिक प्रवृत्ति स्थिति को और बिगाड़ देती है, जिससे शहरी स्थान अव्यवस्थित हो जाते हैं।

पार्किंग की समस्या का सीधा कई क्षेत्रों पर पड़ता है। बेशुमार गाड़ियों के जाम से यात्रा का समय बढ़ जाता है, प्रदूषण स्तर बढ़ता है तथा शहरी जीवन की गुणवत्ता में गिरावट आती है। पैदल चलने वालों को विशेष रूप से परेशानी होती है क्योंकि पार्क किए गए वाहन अक्सर पैदल चलने के रास्तों पर अतिक्रमण कर लेते हैं। उन्हें मजबूरन सड़कों पर आना पड़ता है और उनकी सुरक्षा से समझौता होता है। आर्थिक दृष्टि से पार्किंग की कमी स्थानीय व्यवसायों को भी प्रभावित करती है क्योंकि भीड़भाड़ वाली सड़कें ग्राहकों को आकर्षित नहीं करती। पार्किंग स्थल की उच्च मांग से अचल संपत्ति की लागत भी बढ़ जाती है, जिससे हरित स्थलों की कीमत पर पार्किंग अवसंरचना के विकास को बढ़ावा मिलने से शहरी विस्तार और पर्यावरण क्षरण को बढ़ावा मिलता है। भारत में मोटर वाहनों से सम्बंधित मामले केंद्र और राज्य दोनों के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। हालांकि भारत के शहरों के लिए वाहनों की बढ़ती भीड़ एक बड़ी समस्या है लेकिन ऑटोमोबाइल उद्योग पर प्रतिबंध लगने की कोई संभावना नहीं है, क्योंकि इसकी आर्थिक और रोजगार देने की क्षमता काफी ठीक है जो भारत के लिए महत्त्वपूर्ण है। सभी पांच शहरों की पार्किंग नीतियाँ कुछ महत्त्वपूर्ण पहलुओं पर सहमत होती दिखती हैं। वे इस बात पर एकमत हैं कि पार्किंग मुफ़्त नहीं हो सकती और जहाँ भी सार्वजनिक स्थान का उपयोग किया जाता है, वहाँ शुल्क लिया जाना चाहिए क्योंकि 'मुफ़्त पार्किंग' की अवधारणा टिकाऊ नहीं है।

पर्याप्त पार्किंग अवसंरचना का विकास, स्मार्ट पार्किंग प्रौद्योगिकियों को अपनाना और पार्किंग विनियमों का प्रवर्तन शामिल हो। उदाहरण के लिए, पार्किंग क्षेत्रों को परिभाषित करना और वाहन पहचान सेंसर और स्वचालित लाइसेंस प्लेट पहचान जैसी तकनीक का उपयोग करके पार्किंग प्रबंधन को सुव्यवस्थित किया जा सकता है। इसके अलावा, भूमि मूल्य और भीड़भाड़ के आधार पर पार्किंग शुल्क को समायोजित करके भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अनावश्यक वाहन उपयोग को हतोत्साहित किया जा सकता है। बुनियादी ढांचे के समाधान के अलावा, सार्वजनिक परिवहन और टिकाऊ शहरी गतिशीलता प्रथाओं को बढ़ावा देने से पार्किंग दबाव कम हो सकता है। सार्वजनिक परिवहन, साइकिल और पैदल चलने के उपयोग को प्रोत्साहित करने से निजी वाहनों पर निर्भरता कम हो सकती है, जिससे पार्किंग स्थलों की मांग कम हो सकती है।

यह जरूरी नहीं है कि अच्छा सार्वजनिक परिवहन यातायात की भीड़ को काफी कम कर दे। भीड़भाड़ की स्थिति में सुधार करने के लिए, शहरों को निजी कारों के स्वामित्व और उपयोग के कार्यात्मक, मनोवैज्ञानिक और सांस्कृतिक मूल्यों को लक्षित करने वाली गतिविधियों के साथ ही अपनी सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों को बेहतर बनाने के प्रयासों को मिलाकर काम करना होगा। भारत में वाहन पार्किंग की समस्या जटिल मुद्दा है जिसके लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। इसमें शहरी नियोजन, नीति सुधार, तकनीकी नवाचार और सांस्कृतिक परिवर्तन शामिल हैं। इस चुनौती से सीधे निबटकर भारत अपनी शहरी गतिशीलता को बढ़ा सकता है, अपने नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार कर सकता है और टिकाऊ शहरी विकास के लिए एक मिसाल कायम कर सकता है।

# विपरीत स्थितियों में महिलाओं ने हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई



**रानी राज**

### सामयिक

पर्दे में रहकर भी और बाहर भी भारतीय समाज में महिलाओं ने हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई है। इनमें कई नाम आज भी गुमनाम हैं। इसी कड़ी में एक गुमनाम मुस्लिम महिला जिसने शिक्षा और मुस्लिम महिलाओं के सशक्तिकरण में 20वीं सदी के पूर्वार्ध में बेहतरीन प्रयास किया था , उनका नाम जेहन में आता है। बंगाली मुस्लिम महिलाओं में शिक्षा , महिला अधिकारों और सुधारवादियों में पहला नाम भले बेगम रोकिया सखावत हुसैन का रहा है मगर बंगाली महिलाओ में शिक्षा और महिला अधिकार की बात एक और महिला के बिना अधूरी है , वो है बेगम आयशा खातून₹। सबसे खास बात यह कि इन्होंने अपने अंतिम दिन झारखंड के रांची शहर में गुजारे । 1934 में 67 वर्ष की आयु में जब इनकी मृत्यु रांची में हुई तो , अमृत बाजार पत्रिका , द मुसलमान , यूनाइटेड प्रेस जैसे समाचार पत्रों ने इनके लिए श्रद्धांजलि सूचनाएँ प्रकाशित की थीं। इनके बारे में 1939 में प्रकाशित लाईफ ऑफ मौलवी अब्दुल करीमऔर मोहम्मद अली ने भी लिखा है।

बेगम आयशा खातून प्रसिद्ध नारीवादी विचारक, लेखिका, शिक्षिका और राजनीतिक कार्यकर्ता बेगम रोकिया सखावत हुसैन की सबसे अच्छी मित्र थीं। बेगम आयशा खातून पढ़ी लिखी और बुद्धिमान महिला थीं। इनके वालिद विद्वान हाफि ज मोहम्मद हातिम साहब थे जो सियालहट से कोलकत्ता आ बसे थे। बेगम आयशा खातून के शौहर मौलवी अब्दुल करीम( कौंसिल ऑफ स्टेट के सदस्य , स्कूल इंस्पेक्टर और मेंबर ऑफ लेजिस्लेटिव कौंसिल के सदस्य रह चुके थे ) उच्च पदस्थ शिक्षा अधिकारी एवं उस समय के नामचीन लोगो में थे।

बेगम आयशा खातून बुद्धिमानी , उदारता और दयालुता के लिए प्रसिद्ध थीं। जब इनके पति ने अपनी आधी सम्पति गरीबो में बॉटनी चाही तो इन्होने पूछा पूरी सम्पत्ति दान क्यों न कर दी जाए ? इन्होने ताउम्र गरीबों के लिए काम किया । इनकी योग्यता की परख इनकी सखी बेगम रोकिया सखावत हुसैन को थी। जब 1916 में कोलकाता में बंगाली मुसलमान महिलाओं के संगठन अंजुमन-ए-ख्वातिन-ए-इस्लाम बंगला (इस्लामी वोमेंस एसोशिएशन) का गठन बेगम रोकिया सखावत ने किया ताकि



महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया जा सके तब इसकी पहली महिला अध्यक्ष के लिए बेगम आयशा खातून का नाम ही सामने आया। बेगम आयशा खातून इसकी पहली अध्यक्ष बनीं। यह एक सामाजिक और राजनीतिक संगठन था जो भारत में मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों के लिए बनाया गया था। इस संस्था द्वारा महिलाओं की शिक्षा और स्थिति पर वाद-विवाद और सम्मेलन आयोजित किए जाते थे। इस्लाम की मूल शिक्षाओं के आधार पर सामाजिक सुधारों के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह संगठन महिलाओं की शिक्षा, रोजगार, सशक्तिकरण, कानूनी, राजनीतिक अधिकारों आदि के लिए लड़ने में सबसे आगे रहा इसने कई महिलाओं की शिक्षा का खर्च वहन किया और कई गरीब महिलाओं की शादियाँ करवाईं। इसने अनाथों, बेसहारा महिलाओं को आश्रय दिया और विधवाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की। इसने महिलाओं को कमाने और आत्मनिर्भर होने के लिए कुछ व्यवसाय भी स्थापित किए। बेगम आयशा खातून का योगदान इन कार्यो में बखूबी था। एक घरेलू महिला होते हुए भी बेगम आयशा खातून सामाजिक कामो में काफी रूचि रखती थी , साथ ही अपनी बुद्धिमानी और पढ़ी लिखी के होने कारण उस समय के महिलाओ की सोच से आगे का मुकाम रखती थी। इन्होने पति मौलवी अब्दुल करीम साहब के साथ काफी वकत रांची में गुजारे थे। इन्होंने अपनी जिंदगी मुस्लिम महिलाओं को जागृत करने में लगा दी । अभी भी ये महान महिला इतिहास की समय रेखा में कही खोई हुई है । लगभग आधी शताब्दी के वैवाहिक जीवन का आनंद लेने के बाद,14 सितंबर 1934 में 67 वर्ष की आयु में इनकी मृत्यु हो गई। इनकी मृत्यु पर, अंजुमन-ए-ख्वातीन-ए-इस्लाम द्वारा प्रस्ताव पारित किया गया ₹अंजुमन-ए-ख्वातीन-ए-इस्लाम-बंगाल की यह बैठक अंजुमन की पहली अध्यक्ष श्रीमती अब्दुल करीम की मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त करती है और शोक संतप्त परिवार के साथ अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करती है। श्रीमती अब्दुल करीम एक जनहितैषी महिला थीं, जो मुस्लिम महिलाओं के नैतिक और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए शुरू किए गए आंदोलनों से जुड़ी थीं। वह अंजुमन-ए-ख्वातीन-ए-इस्लाम की पहली अध्यक्ष थीं, जो शिक्षित मुस्लिम महिलाओं का पहला संगठन था। अमृत बाजार पत्रिका , द मुसलमान , यूनाइटेड प्रेस जैसे समाचार पत्रों में श्रद्धांजलि सूचनाएं प्रकाशित की तारीफ की थी । (लेखिका अंकेक्षण अधिकारी,बिहार सरकार)

## स्पीड न्यूज

### गुरुद्वारा में सिलाई प्रशिक्षण संपन्न



भुरकुंडा (रामगढ़)। गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के देखरेख में श्री गुरु सिंह सभा भुरकुंडा गुरुद्वारा में कलसी बिल्डकॉन के सहयोग से 12 फरवरी से चल रहे उषा सिलाई सेंटर व प्रोडक्शन सेंटर का 15 दिवसीय प्रशिक्षिण शिविर का 26 फरवरी बुधवार को समापन हो गया। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू, विशिष्ट अतिथि बरका-सयाल प्रक्षेत्र के जीएम अजय कुमार सिंह, रांची स्थित गुरू गोविन्द सिंह विद्यालय के अध्यक्ष रंजीत सिंह हैप्पी, ऋषि सिंह और रोटेरियन परमजीत सिंह धामी मुख्य रूप से उपस्थित थे।अतिथियों ने 15 प्रशिक्षित महिलाओं को सिलाई स्वीकृति प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर संजू देवी, उषा कौर, अमृता कौर, राष्ट्र अमरजित कौर, स्नेहा कौर, रानी कुमारी, रेखा कौर, सरबजीत कौर, लक्ष्मी कौर, दलविन्दर कौर, सुनीता कौर, गुरजीत सिंह रेखी, जसपाल सिंह, राजा सिंह आदि मौजूद थे।

### सीपी चौधरी ने किया रूद्राभिषेक



रजरप्पा। देवाधिदेव महादेव की आराधना को समर्पित महाशिवरात्रि के पावन उपलक्ष्य पर गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी एवं रामगढ़ की पूर्व विधायक सुनीता चौधरी ने रांची आवास पर सपरिवार भगवान नीलकंठ का रुद्राभिषेक किया। उन्होंने कहा कि त्रिभुवनपति भगवान भोलेनाथ की कृपा से समस्त क्षेत्र व प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली का वास हो, यही मनोकामना की।

### बुढ़वा महादेव मंदिर में उमड़ी भीड़



रामगढ़। गोलपार स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में बुधवार को महाशिवरात्रि पर पूजा अर्चना के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ व माता पार्वती की पूजा अर्चना कर उनसे खुशहाली की कामना की। इस दौरान श्रद्धालुओं को हर हर महादेव का उदघोष करते देखा गया। मंदिर प्रबंधन कमेटी ने व्यवस्थित तरीके से श्रद्धालुओं की पूजा अर्चना संपन्न कार्रवाई।

### कुजू के शिवालयों में उमड़ी भीड़



कुजू। महाशिवरात्रि को लेकर कुजू कोयलांचल और आसपास के क्षेत्रो के शिवालयों में बुधवार की अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ से अपनी मनोकामना को लेकर उपवास रखकर पूजा अर्चना की। भगवान शिव को मनाने के लिए फल, फूल, बेल्वपत्र, दूध, भांग, धतूरा आदि चढ़ाया। इस दौरान क्षेत्र ओम नमः शिवाय के मंत्रो से गुंजायमान रहा। कई शिवालयों में पूजन समिति द्वारा पूजन अनुष्ठान के अलावा अखंड हरिनाम कीर्तन का आयोजन किया गया। वहीं कई स्थानों पर मंदिर के निकट भंडारे का भी आयोजन किया गया। साथ ही संध्या बेला में श्रद्धालुओं के बीच भांग शरबत का वितरण किया गया। पूजा अर्चना को क्षेत्र के प्राचीन शिव मंदिर टूटी झरना, कुजू शिव मंदिर, ट्रांसपोर्ट नगर बाबा कैलाशनाथ मंदिर, केबीगेट, कुजू कोलियरी, मुरपा, आरा, सारूबेड़ा, तोपा, ओरला, दिगवार, बोंगावार, सांडी स्थित टूटी झरना मंदिर आदि स्थानों के शिवालयों में दिन भर पूजा अर्चना होते रहा।

### आरोपियों ने किया आत्मसमर्पण

रामगढ़। गोला थाना अंतर्गत ग्राम सोसोकला में सरस्वती पूजा विसर्जन के क्रम में दो समुदायों के बीच झड़प हुई थी। इस संबंध में गोला थाना काण्ड संख्या-17/25 दर्ज किया गया था। कांड के प्राथमिकी अभियुक्त शमशूल हक उर्फ शमशूल अंसारी पिता नूर मोहम्मद एवं शमीम खान उर्फ मो० शमीम, पिता सुल्तान सफी उर्फ तारो मालिक दोनों पता सोसोकला, थाना-गोला, जिला-रामगढ़ ले 25 फरवरी को न्यायालय, रामगढ़ में आत्मसमर्पण कर दिया है। कांड सं0-38/2025 के आरोपी मो मो० गालिब उर्फ राजा की गिरफ्तारी के लिए व्यवहार न्यायालय रामगढ़ से वारंट प्राप्त करने की प्रक्रिया चल रही है।

### बलकुदरा में बेरोजगार युवाओं की बैठक



भुरकुंडा (रामगढ़)। बलकुदरा पंचायत में बुधवार को विस्थापित-प्रभावित बेरोजगार नौजवानों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मुखिया विजय मुंडा ने किया। 21 जनवरी को विस्थापित-प्रभावित संघर्ष मोर्चा के बैनर तले 25 गांवों के हम ग्रामीण अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन कर पीवीयूएनएल प्रबंधन से अपनी मांगों को मनमाने में तो सफल हो गये। लेकिन हमारे की गांव से कुछ स्वार्थी लोग अलग से एक समिति की गठन कर मोर्चा के लड़ाई को विफल कर 25 गांव के बेरोजगार नौजवानों के अधिकार को छिनने का प्रयास कर रहे हैं जिसे पूरा नहीं होने दिया जायेगा।

### रजरप्पा में हुयी शिवलिंग की पूजा



रजरप्पा। माँ छिन्नमस्तिके मंदिर प्रक्षेत्र स्थित 20 फीट के शिवलिंग में (शिव मंदिर) श्रृद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। इसके अलावा रजरप्पा कॉलोनी, बड़कीपोना, चितरपुर, सोढ, छोटकीपोना, कुन्दरूकला, सुकरीगढ़ा, लारीकलां दुलमी के सिकनी, सिकीदीरी घाटी स्थित झरना बाबा, सिरु, श्री श्री बड़की डेली पैइला इचातु आदि जगहों के शिव मंदिरों में पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने फल-फूल, बेलपत्र, दूध, आदि प्रसाद स्वरूप भोलेनाथ को चढ़ाया। पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की।

# सदर विधायक ने फुटपाथ व्यवसायियों की सुनी समस्यायें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

▸▸ कोई स्थायी समाधान नहीं निकलता, तब तक किसी को भी दुकान लगाने से रोका नहीं जायेगा : प्रदीप प्रसाद



**हजारीबाग।** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद एक्शन मोड में नजर आए और फुटपाथ व्यवसायियों की समस्याओं को हल करने के लिए खुद सड़कों पर उतर गए। अपने कार्यालय में व्यवसायियों के प्रतिनिधियों से बातचीत करने के बाद वे सीधे कचहरी चौक पहुंचे, जहां उन्होंने व्यापारियों से मुलाकात कर उनकी परेशानियों को ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि उनके हक की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। विधायक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जब तक फुटपाथ व्यवसायियों के लिए कोई स्थायी समाधान नहीं निकलता, तब तक किसी को भी दुकान लगाने से रोका नहीं जाएगा। उन्होंने नगर निगम प्रशासन और ट्रैफिक इंचार्ज से इस मुद्दे पर चर्चा की और स्पष्ट किया कि छोटे व्यापारियों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। उनका कहना था कि ये व्यवसायी अपनी रोजी-रोटी के लिए संघर्ष कर रहे हैं, ऐसे में उनकी समस्याओं की अनदेखी नहीं की जा सकती। सदर विधायक ने ट्रैफिक व्यवस्था को भी ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसा समाधान निकाला जाए जिससे न तो सड़क यातायात बाधित हो और न ही इन छोटे व्यापारियों को कोई परेशानी उठानी पड़े। उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि एक संतुलित नीति अपनाई जाए, जिससे दोनों पक्षों का हित सुरक्षित रह सके। विधायक के इस हस्तक्षेप से फुटपाथ व्यवसायियों के चेहरे पर राहत की मुस्कान साफ झलकने लगी। उन्होंने प्रदीप प्रसाद के प्रयासों की सराहना की और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। व्यापारियों का कहना था कि पहली बार कोई जनप्रतिनिधि उनकी समस्या को इतनी गंभीरता से ले रहा है और उनके अधिकारों के लिए मजबूती से खड़ा है। अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि मैं आपका हूं और हर परिस्थिति में आपके साथ खड़ा हूं। जब तक आप सभी के लिए एक स्थायी समाधान नहीं मिल जाता, मैं आपके हक की लड़ाई लड़ता रहूंगा।₹ इस फैसले से न केवल फुटपाथ व्यवसायियों को राहत मिली है, बल्कि हजारीबाग के बाजार क्षेत्र में संतुलित व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

# सड़क हादसे में भुरकुंडा के चार युवकों की मौत

▸▸ महाकुंभ से स्नान कर जा रहे थे अयोध्या, प्रतापपुर में हुआ हादसा और तीन युवक जख्मी

▸▸ घायल रूपेश सिंह, रोहित कुमार व आकाश कुमार रांची में रहते हैं

▸▸ प्रतापगढ़ सदर अस्पताल में चल रहा है सभी घायलों का इलाज



विन्ध्याचल में पूजा-अर्चना करते सभी दोस्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा से प्रयागराज महाकुंभ गए भुरकुंडा के चार युवको की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जबकि तीन युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार सोमवार को भुरकुंडा से चालक सहित सात युवकों का जत्था एक्सयूभी महिंद्रा टीयूभी 300 गाड़ी से महाकुंभ में स्नान को लेकर प्रयागराज के लिए रवाना हुआ था। मंगलवार को स्नान व पूजा-पाठ करने के बाद भगवान राम लला के दर्शन के लिये अयोध्या जा रहे थे। इसी बीच प्रतापपुर में सड़क दुर्घटना में 4 युवको की मौत हो गई। जबकि तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में भुरकुंडा शालीग्राम निवासी विनोद गुप्ता के पुत्र सौरभ कुमार, भदानीनगर निवासी विद्या सागर ओझा के पुत्र अभिषेक ओझा, रांची के अभिषेक सिंह व गाड़ी का चालक भदानीनगर चिकोर निवासी नासिर अंसारी के पुत्र सन्नाउल्लाह अंसारी शामिल है। जबकि रूपेश सिंह, रोहित कुमार व आकाश कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गए। ये तीनों घायल युवक वर्तमान में रांची में रह रहे थे। सभी घायलों का इलाज प्रतापगढ़ सदर अस्पताल में चल रहा है। मृतक व घायल सभी युवक 20-25 उम्र के है। इधर घटना की सूचना के बाद भुरकुंडा-भदानीनगर आसपास के क्षेत्रों में शोक का माहौल है। जबकि मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही मृतक व घायल के परिजन प्रतापगढ़ सदर अस्पताल के लिये रवाना हो गए है। वहीं कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर सहित आसपास के क्षेत्रों में मातम का माहौल पसर गया है।

### चटूपालू घाटी में ट्रेलर का ब्रेक फेल, एक की मौत और तीन घायल

**रामगढ़।** रामगढ़-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर चटूपालू घाटी में बुधवार को भीषण सड़क हादसा हुआ। रांची से रामगढ़ की तरफ आने के क्रम में घाटी में एक ट्रेलर का ब्रेक फेल हो गया और वह अनियंत्रित होकर चार गाड़ियों से टकरा गया। इस हादसे में ब्रेक फेल हुए ट्रेलर चालक की मौत हो गई। इस दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गये। वहीं मृतक चालक की पहचान राजस्थान राज्य के अलवर जिला अंतर्गत सडौली गांव निवासी इरफान खान के रूप में हुई है। ट्रेलर (आरजे 02 जीबी 4948) खड़गपुर से लोहे का ब्लेड लेकर गाजियाबाद जा रहा था। पुनदाग टोल प्लाजा पार करने के बाद जैसे ही यह ट्रेलर घाटी में घुसा, गड़के मोड़ के पास उसका ब्रेक फेल हो गया। ट्रेलर ने सबसे पहले एक वेन्यू कार को टक्कर मारी। साथ ही एक बाइक और ट्रक को भी धक्का मारा। अंततः आगे जा रहे ट्रेलर को पीछे से जोरदार टक्कर मारकर वहीं रुक गया। इस हादसे में ड्राइवर इरफान खान केबिन में ही फंस गया। जबकि खलासी अलवर जिले के शीतलबेड़ा गांव निवासी मो अयूब खान किसी तरह गाड़ी से बाहर निकल गया।

## हर-हर महादेव से गूंजा कोयलांचल



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बुधवार को भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल, सयाल-उरीमारी सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में अहले सुबह से ही शिवभक्तों की भीड़ उमड़ी रही। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का दर्शन कर फल-फूल, बेलपत्र, धूप-अगरबती व पूजन सामग्री से विधिवत पूजा-अर्चना की। साथ ही शिवलिंग पर जलाभिषेक कर अपने परिवार व क्षेत्र की सुख-समृद्धि और हरियाली-खुशहाली की कामना की। इधर महाशिवरात्री के अवसर पर प्राचीन श्रीश्री बुढ़वा महादेव मंदिर में बुधवार को पूजा-अर्चना के साथ 24 घंटे के अखंड-पाठ का शुभारंभ हुआ। इस दौरान हरे राम हरे कृष्ण के उद्घोष से पूरा क्षेत्र गूंजायमान होता रहा। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों ने भोले बाबा के समक्ष मत्था टेक क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। पूजा के दौरान ऊ नमः शिवाय, हर-हर महादेव सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरो क्षेत्र गूजता रहा। इधर जवाहर नगर शिव मंदिर में महाशिवरात्री के अवसर पर भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें सेंकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। धार्मिक अनुष्ठान को संपन्न कराने में श्रीश्री बुढ़वा महादेव मंदिर समिति के मुख्य पुजारी अशोक तिवारी, गणेश साव, डब्लू पांडेय, रुदल राउत, विपुल पटेल, सौंदा डी मुखिया उपेंद्र शर्मा सहित दर्जनों लोग जुटे हैं।

## शिव मंदिर से निकली बारात



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** महाशिवरात्रि पर बुधवार को भुरकुंडा हॉस्पीटल कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में विशेष पूजा हुआ। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों ने पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती से अपने परिवार व क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा के दौरान मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं के बीच खीर प्रसाद का वितरण किया। तत्पश्चात संध्या में गाजे-बाजे और भगवा झंडे के साथ धुमधाम से भगवान शिव की बारात निकाली गई। बारात में श्रद्धालु भक्तगण भगवान शिव, नंदी, भूत प्रेत, राक्षस सहित अन्य का वेशभूषा धारण किये हुये थे। बारात हॉस्पीटल कॉलोनी शिव मंदिर प्रांगण से गाजे-बाजे के साथ निकलकर भुरकुंडा बाजार, सौंदा डी सहित विभिन्न मार्गो का भ्रमण करते हुए पुनः वापस मंदिर परिसर पहुंचा। इस दौरान श्रद्धालु शिव भक्त नाचते-झुमते नजर आयें।

## एक नजर में

### हजारीबाग में धूमधाम से मनी महाशिवरात्रि



**हजारीबाग।** जिले में महाशिवरात्रि धूमधाम से मनाया गया। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी, जहां शिवभक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। भोर से ही मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें लग गईं, हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस बल ने व्यापक प्रबंध किए थे। प्रमुख मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई थी, जिससे भक्तों को किसी तरह की असुविधा न हो। नगर निगम की ओर से सफाई और रोशनी की विशेष व्यवस्था की गई थी, जिससे श्रद्धालुओं को एक स्वच्छ और सुगम वातावरण मिल सके। महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर हजारीबाग पूरी तरह से शिवमय हो गया। हर गली-मोहल्ले में भगवान शिव के भजन गूंजते रहे।

### बुढ़वा महादेव मंदिर से निकली शिव बारात



**बड़कागांव।** महाशिवरात्रि के अवसर पर करीब 500 फीट ऊंचे पहाड़ पर स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में लगा मेला। हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस शुभ अवसर पर कांडतरी गांव से पारंपरिक शिव बारात निकाली गई, जिसमें श्रद्धालु भूत, पिशाच, भालू, बंदर आदि के रूप में वेशभूषा धारण कर नाचते-झूमते हुए बुढ़वा महादेव मंदिर प्रांगण पहुंचे। मंदिर परिसर में बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, पूर्व विधायक अंबा प्रसाद, जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी और उपप्रमुख बचनदेव कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भगवान शिव की पूजा कर आशीर्वाद लिया। रोशन लाल चौधरी ने कहा कि बुढ़वा महादेव मंदिर का ऐसा विकास किया जाएगा कि इसे झारखंड ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान मिले। उन्होंने कहा, ₹बाबा बुढ़वा महादेव की महिमा अपार है, और उन्हीं के आशीर्वाद से आज मैं आप सभी के बीच जनप्रतिनिधि के रूप में खड़ा हूं। मंदिर के विकास के लिए मैं 24 घंटे तैयार हूं।

### हजारीबाग के कई होटलों में जारी है देह व्यापार

**हजारीबाग ।** हजारीबाग जिले में पुलिस द्वारा बार-बार की जा रही छापेमारी के बावजूद देह व्यापार का धंधा थमने का नाम नहीं ले रहा है। शहर के कई होटलों में यह अवैध कारोबार चोरी-छिपे फल-फूल रहा है। स्थानीय लोग और सामाजिक कार्यकर्ता पुलिस प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठा रहे हैं और मांग कर रहे हैं कि इस गोरखधंधे को जड़ से खत्म करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। हाल ही में पुलिस ने शहर के कई होटलों में छापेमारी कर संदिग्ध गतिविधियों का पर्दाफाश किया था। इस दौरान कई संदिग्ध महिलाओं और ग्राहकों को पकड़ा भी गया, लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि छापेमारी के कुछ ही दिनों बाद यह अवैध धंधा फिर से शुरू हो गया। ऐसा लग रहा है कि होटल संचालकों और दलालों को प्रशासन का कोई डर नहीं है, जिससे साफ जाहिर होता है कि या तो कानून-व्यवस्था कमजोर है या फिर कहीं न कहीं भ्रष्टाचार भी इस अवैध गतिविधि को पनपने में मदद कर रहा है।सूत्रों के अनुसार, यह धंधा शहर के कुछ प्रमुख होटलों खासकर सिंघानी फोरलेन में संचालित हो रहा है, जहां बाहर से लाई गई महिलाओं को ग्राहकों के लिए उपलब्ध कराया जाता है। होटल संचालक, दलाल और कुछ स्थानीय प्रभावशाली लोग इसमें शामिल बताए जा रहे हैं। ग्राहकों को ऑनलाइन और फोन के जरिए संपर्क किया जाता है, जिससे यह धंधा और भी गुप्त रूप से चलता रहता है।

### राजा बने झामुमो के कटकमसांडी प्रखंड अध्यक्ष

**कटकमसांडी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के मुख्य संयोजक के आदेशानुसार कटकमसांडी प्रखंड समिति का विस्तार किया गया। गठित नए प्रखंड समिति में राजा मोहम्मद को अध्यक्ष, शाहिद खन राजा, महेश विश्वकर्मा व मोहम्मद असलम को उपाध्यक्ष, जयप्रकाश केसरी को सचिव, शिवकुमार मेहता, अरसद खान व राजेंद्र माली को सह सचिव पद पर मनोनीत किया गया। वहीं राजेंद्र राणा को कोषाध्यक्ष, मो. इरशाद को संगठन सचिव, उपेंद्र सिंह को सह संगठन सचिव व अशरफ खान को मीडिया प्रभारी बनाया गया। जबकि कार्यकारिणी के सदस्यों में अनिल साव, मो. मुजफ्फर खान, इम्तियाज शेख, विशेश्वर राम, सगीर खान, खुशबू पांडेय, शबनम खातुन, नम्रता खेस, अर्जुन साव, जमां खान, मो.तबरेज, भुवनेश्वर यादव, मो. आरिज, मो. सद्दाम, बिरसा मुंडा, मो. फारूक, संजय मेहता, सकलदीप मेहता, मो. नौशाद, मो. सरफुद्दीन, वकील खान, विकास यादव आदि का नाम शामिल किया गया है।

### विष्णुगढ़ में सहियाओं की बैठक संपन्न

**विष्णुगढ़ ।** मंगरो क्लस्टर की सहियाओं की मासिक बैठक नावाटांड स्थित सामुदायिक भवन में संपन्न हुई। बैठक में क्लस्टर की सभी सहियाओं ने भाग लिया और अपने-अपने मासिक कार्यों की रिपोर्ट सहिया साथी अंजू देवी को सौंपी। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष चर्चा की गई। इस दौरान बीटीटी नागेश्वर महतो ने स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के विभिन्न उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। बैठक में बीटीटी बेबी देवी, सहिया साथी अंजू देवी, एएनएम मंजू देवी सहित कई सहिया कार्यकर्ता मौजूद रहीं। इनमें मीना देवी, कविता देवी, पिंकी देवी, सुनीता देवी, दुलाली देवी, अंजनी देवी, झनवा देवी, अनीता देवी, पिंकी कुमारी, रीना देवी, शांति देवी, सरिता देवी, कौशल्या देवी सहित समाजसेवी सुरेश राम, तूलो महतो, धुर्वा देवी, लीला देवी व उर्मिला देवी भी शामिल थीं। बैठक का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ और प्रभावी बनाना था, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

# रामगढ़ जिले में अवैध कोयले का कारोबार धड़ल्ले से जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

## पुलिस रिकार्ड में वांछित आरोपियों से कराया जा रहा है उत्खनन

▸▸ रजरप्पा, चितरपुर,कुजू, मांडू, घाटो के धंधेबाज उतर चुके हैं अवैध कारोबार के अखाड़े में

▸▸ रात में कुजू ओपी के करमा-मुरपा स्थित फैक्ट्रियों और मंडियों में भेजा जा रहा कोयला

**रामगढ़ ।** रामगढ़ जिले में एक बार फिर अवैध कोयले की कालिमा से मालामाल बनने का खेल पूरी हनक के साथ शुरू हो गया है। इस धंधे में ऊंची पहुंच पैरवी वाले गिने चुने कुछ लोगों को ही हरी झंडी मिली है। हरी झंडी मिलने के साथ ही धंधे के माहिर माने जाने वाले खिलाड़ी सीना तान कर मैदान में उतर चुके हैं। संबंधित थाने में स्थित बंद पड़ी भूमिगत खदानों से निर्वाध रूप से दिनभर कोयला उत्खनन कराने के बाद उसे रात के अंधेरे में ट्रकों से जिले के कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत दो प्लांटों में गिराने सहित मंडियों में भेजा जा रहा है। धंधे में कई ऐसे लोग भी जुड़े हैं, जिन्हें पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस रिकॉर्ड में वे आरोपी हैं। इनके विरुद्ध स्थानीय थाने में कई मामले दर्ज हैं। इसके बावजूद अवैध कोयले के कारोबार में पुलिस के साथ इनका गठजोड़ स्थानीय पुलिस की नीति पर प्रश्नचिन्ह उठा रहा है, जो लाजमी भी है।

यहां से आ रहा है अवैध कोयला : धंधे के संबंध में मिली पुष्ट जानकारी के अनुसार रामगढ़ जिले में फिलहाल रजरप्पा, चितरपुर, घाटो,कुजू, मांडू से काम शुरू हुआ है। रजरप्पा, चितरपुर,धवैया से घाटो क्षेत्र के परेज, गोसी,6 नंबर, लइयो, बसंतपुर,केदला से, मांडू थाना क्षेत्र के तोयरा,जोड़ाकरम, हेसागढ़ा तथा नोनिया बेड़ा से,कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत करमा,महुआटूंगरी, तोपा, पिंडरा, शिबू टोला से अवैध कोयले का उत्खनन बेरोकटोक जारी है। उक्त क्षेत्रों में सीसीएल की बंद पड़ी भूमिगत खदानों, जिनमें अधिकांश खदानें खतरनाक है।जो कभी भी धंस सकती हैं। ऐसे खदानों में स्थानीय बेरोजगार महिला पुरुष व बच्चों की जान को जोखिम में डालकर उनसे अवैध कोयले का उत्खनन कराया जा रहा है। उक्त सभी स्थलों से दिन भर कोयला उत्खनन कराने के बाद उसे रात के अंधेरे में ट्रकों के माध्यम से धंधेबाजों द्वारा कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत दो प्लांटों में गिराया जा रहा है। वहीं मंडियों में भी भेजा जा रहा है।जानकारी के अनुसार इन दोनों फैक्ट्रियों में प्रतिदिन 30 से 40 ट्रक कोयले के गिराए जाने की सूचना है। अवैध कोयला कारोबार कोयलांचल कुजू के लिए कोई आश्चर्य की बात नहीं है। लेकिन आश्चर्यजनक बात यह है कि इस बार का धंधे दूजे किस्म का है।इस बार अवैध कोयला उत्खनन कराने वालों में अधिकांश वैसे धंधेबाज हैं,जो मांडू,कुजू,घाटो थाना के वांछित आरोपी हैं। इन लोगों पर अवैध कोयला कारोबार के कई मामले उक्त विभिन्न थाने में दर्ज हैं। यह धंधे के शुरू होने के पहले चूहा बने बैठे थे। लेकिन जैसे हीं अवैध कोयले का कारोबार शुरू हुआ, सभी दागी बरसाती मेंढक की तरह बाहर निकल कर अपने-अपने क्षेत्र में सीसीएल की बंद पड़ी खदानों से अवैध कोयला उत्खनन कराने में लगे हैं। लेकिन पुलिस उन्हें गिरफ्तार नहीं कर रही है। पुलिस की इस मामले में क्या मजबूरी है यह पुलिस जानें लेकिन इसकी चर्चा आम है।जो कहीं न कहीं पुलिस की छवि को धूमिल कर रही है।



कुजू के एक भूमिगत खदान से निकाला जा रहा है अवैध कोयला

**सीसीएल का डोजरिंग अभियान मात्र आई वाश :** अवैध कोयला उत्खनन के विरुद्ध सीसीएल द्वारा समय-समय पर डोजरिंग अभियान चलाया जाता है। लेकिन यह अभियान सांप मर जाए लाठी भी न टूटे की तर्ज पर कभी कभार चलाकर इतिश्री कर ली जाती है। अवैध कोयला उत्खनन संबंधित परियोजना के सुरक्षा विभाग के मिली भगत के बिना संभव नहीं है।

# महाशिवरात्रि के पहले दिन 50 हजार से अधिक शिवभक्तों ने किया जलाभिषेक

## महाशिवरात्रि का इतिहास काफी पौराणिक है : महामंडलेश्वर

## आने वाले दिनों में ध्वजाधारी महोत्सव कराने का प्रयास किया जाएगा : डॉ नीरा







**उमा शंकर**

**कोडरमा।** महाशिवरात्रि के मौके पर ध्वजाधारी धाम में आयोजित दो दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव के पहले दिन पहाड़ की चोटी से लेकर तलहटी तक शिवभक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। वहीं बम-बम भोले, हर-हर महादेव, जय भोलेनाथ का जय घोष करते हुए देर शाम तक भक्तों ने भगवान शिव व माता पार्वती की पूजा अर्चना कर मंगल कामना की, तो वहीं 777 सीढ़िया चढ़कर पहाड़ की चोटी पर अवस्थित शिवलिंग का जलाभिषेक किया। एक अनुमान के मुताबिक शिवरात्रि के पहले दिन करीब 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। इसके पूर्व सुबह करीब 10 बजे दो दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव का उद्घाटन धाम के मुख्य महंत महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज, केंद्रीय मंत्री महिला बाल विकास मंत्रालय अन्नपूर्णा देवी, कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव, जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष कांति देवी, भाजपा नेता रमेश सिंह, मनोज कुमार झुन्नू, गजेन्द्र राम, सुभाष बर्णवाल, जिप सदस्य महेंद्र प्रसाद यादव, काशी पंडित, विजय सिंह, यमुना यादव, विनोद कुमार मुन्ना, सुनील यादव, यमुना यादव, रामचंद्र यादव, मनीष कुमार, टींकू कुमार, पार्थ मिश्रा, इंद्रदेव यादव, अशोक यादव, राजकुमार साव, शशि सिंह, चंदन कुमार, मुरारी यादव, सहदेव यादव, सुरेश यादव, सुखदेव यादव, गोपाल यादव, गोबिंद यादव, सिकन्दर साव, संदिप साव, कारू सिंह, शुभम शर्मा, उत्तम चन्द्र, अंकुश सिंह, गौरी बर्णवाल सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

### ध्वजाधारी धाम में किसने क्या कहा

**महाशिवरात्रि का इतिहास काफी पौराणिक है :** ध्वजाधारी धाम के मुख्य महंत महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज ने कहा कि शिवरात्रि का इतिहास काफी पौराणिक है, सदियों से शिवरात्रि मनाने की परंपरा चली आ रही है। यह काफी सुखद अनुभूति है कि प्रयागराज में विश्व का सबसे बड़ा अनुष्ठान महाकुंभ का आज समापन हो रहा है, तो दूसरी ओर कर्दम ऋषि के तपोवन भूमि में शिवरात्रि का शुभारंभ हो रहा है। वहीं उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि विधि व्यवस्था बनाये रखते हुए महोत्सव का आनन्द लें, उन्होंने कहा कि देवों के देव महादेव को शिवरात्रि बेहद प्रिय है, ऐसे में सच्चे मन से जो भी भक्त इस दिन भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की पूजा अर्चना करते हैं तो उन्हें भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

**शिवशक्ति की आराधना से मिलती है ऊर्जा :** जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने श्रद्धालुओं को महाशिवरात्रि महोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान शिव और आदिशक्ति मां पार्वती बहुत दयालु हैं, दुखियों की समस्याओं को दूर करते हैं, असुरों का संहार करते हैं। इनकी पूजा-अर्चना करने से काफी ऊर्जा और असीम शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि सामूहिक सहयोग से धाम को विकसित किया जा रहा है और यह प्रयास निरंतर जारी रहेगा, ताकि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार का कष्ट न हो। वहीं उन्होंने कहा कि ध्वजाधारी धाम कोडरमा के लिए एक धरोहर है, यहां कोडरमा समेत बिहार और झारखंड के कई जिलों से श्रद्धांजलि मत्था टेकने हजारों की संख्या में पहुंचते हैं, ऐसे में धाम में विधि व्यवस्था बनाये रखना हम सबकी जिम्मेवारी है। दो दिवसीय मेले के दौरान कोई ऐसा कार्य नहीं हो, जिससे शांति व्यवस्था भंग होने की संभावना हो।

**आने वाले दिनों में ध्वजाधारी महोत्सव आयोजन करने का प्रयास किया जाएगा :** कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि ध्वजाधारी पहाड़ की महिमा अपरंपार है, जो भी भक्त यहां सच्चे मन से मत्था टेकते हैं, उनका झोली खुशियों से भर जाती है। वहीं उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में इटखोरी महोत्सव की तर्ज पर ध्वजाधारी महोत्सव मनाया जाएगा। इसके लिए वे प्रयासरत हैं, ताकि इस ऐतिहासिक धरोहर को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सके। वहीं विधायक ने श्रद्धालुओं को शिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महोत्सव के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखें, उन्होंने महाकुंभ की चर्चा करते हुए कहा कि देश की आधी आबादी से अधिक लोगों ने प्रयागराज जाकर कुम्भ स्नान कर चुके हैं, हम सबों को अपनी संस्कृति और सभ्यता को बरकरार रखने की जरूरत है।

**कई जिलों से पहुंचे श्रद्धालु, मुंडन संस्कार भी हुआ :** महाशिवरात्रि के मौके पर कोडरमा समेत हजारीबाग, चतरा, गिरिडीह और बिहार राज्य के सीमावर्ती जिला नवादा और गया से भी भारी संख्या में श्रद्धालुगण पहुचे। महोत्सव के पहले दिन जम कर मुंडन संस्कार किया गया। यहां मान्यता है कि छोटे बच्चों का पहाड़ पर मुंडन करवाने से बच्चे संस्कारी, ज्ञानी बनने के साथ बड़े होकर जीवन में उल्लेखनीय कार्य करते हैं।

**एसडीओ व एसडीपीओ घूम-घूम कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे :** दो दिवसीय मेले के पहले दिन एसडीओ रिया सिंह और एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह सुबह से लेकर देर शाम तक ध्वजाधारी धाम में घूम-घूम कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। वहीं धाम में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों व दण्डाधिकारियों से सुरक्षा की जानकारी लेते दिखे।

**स्वास्थ्य शिविर में इलाज के साथ योजनाओं की दी गयी जानकारी :** जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा धाम में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में आने वाले लोगों के बीच जरूरी दवाइयों का वितरण किया गया। वहीं लोगों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों और योजनाओं की जानकारी दी गयी। मौके पर उपाधीक्षक डॉ.रंजीत कुमार, डॉ. कुलदीप कुमार, अजित कुमार, हिमांशु कुमार, सुनील शर्मा, कुणाल कुमार, अरुण सिंह आदि मौजूद थे।

## भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक कर किए दर्शन



**चंदवारा (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत दोमुहानी धाम पुती, शिव मंदिर चंदवारा, शिव मंदिर पुलिस लाइन कोडरमा, तिलैया डैम, ढाब धाम, भोगडो, कांको, उरवां समेत प्रखंड के विभिन्न पंचायत के गांवों में बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर भक्त सुबह से ही व्रत रखकर पूरे दिन भगवान के शिवलिंग पर जलाभिषेक कर दर्शन किए। मौके पर कोडरमा पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, सीडीपीओ अनिल सिंह शिवरात्रि के मौके पर पूजा में शामिल होकर पूजा अर्चना किए। वहीं पुलिस लाइन से शिव बारात निकाली गई, जो गाजे-बाजे के साथ पुराना थाना चौक शिव मंदिर पहुंचे। शिव मंदिर में विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर विभिन्न शिवालयों के पुजारियों ने कहा कि महाशिवरात्रि का एक महोत्सव के रूप में मनाया जाता है, क्योंकि इस दिन देवों के देव महादेव का विवाह हुआ था। हमारे धर्म शास्त्रों में ऐसा कहा गया है कि महाशिवरात्रि का व्रत करने वाले साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है, साथ ही मनोकामनाएं भी पूर्ण होती है। मौके पर पुलिस मेंस एसोसिएशन अध्यक्ष प्रशांत कुमार, थाना प्रभारी धनेश्वर कुमार, मेजर विनाश टुडू, सार्जेंट राजेश कुमार, उपाध्यक्ष मुकेश रवि, पंकज सिंह, मंत्री रामजी यादव, नन्दलाल महतो, सरोज वर्मा समेत कई लोग मौजूद थे।

## शिव-पार्वती का विवाहोत्सव बड़े ही धूमधाम से मना

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो समेत प्रखंड के विभिन्न गांवो के शिव मंदिरों में शिव पार्वती का विवाहोत्सव बड़े ही धूम-धाम के साथ बुधवार को मनाया गया। इस मौके पर प्रखंड के राधा-कृष्ण मंदिर स्थित शिवालय, गायत्री नगर स्थित शिवालय, कर्मा धाम, मां चनवालनी धाम, थाना परिसर, प्रखंड मुख्यालय परिसर, कादोडीह, तेलोडीह, गगरेसिंगा, दरदाही, नावाडीह, जामू, देवीपुर, खेसमी समेत विभिन्न गांवो के शिवालयों एवं मंदिरों को आकर्षक लाइट से सजाया गया था। वहीं क्षेत्र के करमा धाम में स्वामी शिव कृष्णा संगठन श्री बाल कृष्ण संकीर्तन मंडली के तत्वाधान में दो दिवसीय मेले का आयोजन किया गया। वहीं शिवरात्रि के अवसर पर बुधवार की रात्रि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मरकच्चो प्रखंड मुख्यालय स्थित लाल नगर के राधा-कृष्ण मंदिर स्थित शिवालय से भगवान भोले शंकर की बारात निकाली जायगी। जो मरकच्चो के विभिन्न सड़कों का भ्रमण करते हुए गायत्री नगर स्थित शिवालय पहुंचेगी। जहां मंदिर समिति के द्वारा बारातियों का भव्य स्वागत किया जायगा। शिवरात्रि के अवसर पर बुधवार सुबह से ही सभी शिवालयों में दिनभर जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। सबसे अधिक भीड़ प्रखंड के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल कर्मा धाम व मां चनवालनी धाम में देखी गई। वहीं कर्मा धाम में बुधवार की रात्रि भक्ति जागरण व धाम परिसर मरकच्चो में भजन संध्या का आयोजन किया गया। वहीं श्रद्धालुओं ने बाबा भोले शंकर को दिनभर जलाभिषेक किया एवं आज भी जलाभिषेक करेंगे।

## कंपनी सेक्रेटरी फाइनल परीक्षा परिणाम घोषित, प्रतीक रहे अव्वल



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित वर्ष 2024 की कंपनी सेक्रेटरी की परीक्षा में झुमरीतिलैया निवासी अरविंद एकघरा के पुत्र प्रतीक कुमार ने अव्वल होकर जिले का नाम रौशन किया है। प्रतीक कुमार के पिता अरविंद एकघरा ने बताया की प्रतीक ने अपनी स्कूली शिक्षा सेक्रेड हार्ट स्कूल झुमरीतिलैया से की, वहीं ग्रिजली विद्यालय से इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद उन्होंने सेंट आनंदराम जयपुरिया कॉलेज से कोलकाता से स्नातक की डिग्री प्राप्त की। कंपनी सेक्रेटरी की तैयारी के लिए प्रतीक ने मोहित एजुकॉम्प प्राइवेट लिमिटेड कोलकाता में मोहित अग्रवाल के मार्गदर्शन में फाउंडेशन क्लासेस की। इसके बाद इंस्पायर अकादमी, पुणे से ऑनलाइन एग्जीक्यूटिव और प्रोफेशनल (दूसरा समूह) क्लासेस की, जबकि प्रोफेशनल कार्यक्रम के पहले समूह की तैयारी स्वयं अध्ययन और यूट्यूब के माध्यम से की। वहीं प्रतीक कुमार ने बताया कि कंपनी सेक्रेटरी फाइनल परीक्षा ग्रुप 1 और ग्रुप 2 के संयुक्त परिणाम में 53 परसेंटाइल हासिल किया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों एवं मित्रों को दिया है। जिनका सफल मार्गदर्शन उनके इस सफर में अत्यंत महत्वपूर्ण रहा।

## महिला से बाइक सवार दो अज्ञात चोरों ने की चेन की छिनतई, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना क्षेत्र के गौरी शंकर मोहल्ला शांति भवन के पीछे से चेन स्नैचिंग की घटना सामने आई है। बुधवार को एक ही दिन में दो महिलाओं के साथ चेन स्नैचिंग की वारदात हुई। जिसमे एक महिला निर्मला देवी के गले से चेन की छिनतई हुई। वहीं दूसरी महिला ने चोरों को चकमा देकर भाग गयी। घटना करीब सुबह 7:30 बजे की है। मिली जानकारी के अनुसार बाइक सवार दो बदमाशों ने निर्मला देवी पति अजित कुमार जैन नाम की महिला से सोने की चेन छिनतई किया। बुधवार को महिला से चेन छीनने की घटना का वीडियो सामने आया है और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। वहीं सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि बदमाश पहले से महिला पर नजर रखे हुए थे। वहीं निर्मला देवी सुबह करीब 7:30 बजे अपने घर से स्टेशन रोड जैन मंदिर जा रही थी, इस दौरान घर से कुछ ही दूरी पर आई तो बाइक पर सवार दो लड़कों ने चेन छिनतई किया और तेज रफ्तार बाइक से भाग निकला। वही थोड़ा आगे जाते ही एक और महिला पिंकी जैन जो मंदिर से घर वापस आ रही थी, उसके साथ भी चेन स्नैचरों ने चेन छिनतई करने का कोशिश किया, मगर महिला ने चालाकी दिखाते हुए भाग निकली। वहीं चोरी की गयी सोने की चेन 2.5 तोला का जिसकी कीमत करीब दो लाख रुपए बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही तिलैया पुलिस के पैंथर के जवान घटना स्थल पर पहुंचे और महिला से घटना की जानकारी ली।

## घर में अचानक आग लगने से घर में रखे नगद सहित लाखों के समान जलकर खाक



**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जानपुर में मंगलवार की रात प्रयाग सिंह उर्फ बुधू सिंह के घर में अचानक आग लगने से घर में रखे नगद सहित लाखों के समान जलकर खाक हो गया। घटना मंगलवार की रात 7 बजे की है। मामले को लेकर गृहिणी अमिया देवी पति प्रयाग सिंह ने बताया कि शाम को हमलोग घर में थे, इसी दौरान अचानक घर में कहीं से आग लग गई। धुआं होने के बाद देखा तो घर में आग लगा था। ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाया। उन्होंने बताया कि दो महीना बाद बेटी का विवाह होना था, जिसके लिए घर में नगद पैसे जेवरात और अनाज व कपड़े वगैरह थे, जो जलकर खाक हो गया। वहीं महिला ने कहा कि अपनी बेटी शादी की तैयारी कर रहे थे मगर इस प्रकार घर में आग लगने से हुए नुकसान से काफी चिंतित है। परिवार की आर्थिक स्थिति खराब है। घटना की सूचना पर मुखिया मंसूर अली और समाजसेवी मोती सिंह पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर आगलगी की घटना का जानकारी लिया। इसके बाद मुखिया ने कहा कि घटना में हुए नुकसान को लेकर सीओ को आवेदन देकर पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की कोशिश की जाएगी।

## डिवाइडर से टकराकर बाइक नदी में गिरी , पत्नी की मौत पति रेफर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत गौरी नदी पुल पर बुधवार सुबह करीब 10 बजे मोटरसाइकिल की टक्कर डिवाइडर से होने के बाद मोटरसाइकिल पर सवार पति-पत्नी पुल के नीचे नदी में जा गिरे। जिसमें पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घायलों की पहचान नालंदा जिला निवासी सर्वेश कुमार और व उनकी पत्नी संजू सिंह के रूप में हुई है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही चंदवारा पुलिस मौके पर पहुंच की घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज दौरान गंभीर रूप से घायल महिला संजू प्रसाद सिंह की मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप पति सर्वेश कुमार का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

**कुम्भ स्नान कर छुट्टी के बाद ड्यूटी पर जा रही थी मृतका :** मिली जानकारी के अनुसार मृतका बरही अनुमंडल अस्पताल में बतौर एएनएम कार्यरत थीं। वहीं बरही अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सक प्रवीण कुमार ने बताया कि संजू पिछले हफ्ते महाकुम्भ जाने की छुट्टी ली थी। जिसके बाद उसे आज अपनी ड्यूटी वापस जॉइन करनी थी। वे अपने पति के साथ नालंदा से बरही ड्यूटी जॉइन करने आ रही थी, इसी बीच सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका के पति हेलमेट पहनकर मोटरसाइकील चला रहे थे, इसी कारण उसकी जान बच गई।

वहीं ग्रामीणों का कहना था कि 108 नंबर पर कॉल करने के बाद एंबुलेंस व पुलिस लगभग एक घंटा विलंब से पहुंचने के कारण महिला की मौत हो गई। अगर समय पर उपचार मिला होता तो शायद महिला की जान बच सकती थी।

## कोडरमा आरपीफ ने कुंभ मेले से बिछड़ी बुजुर्ग महिला को परिजनों से मिलाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** रेलवे सुरक्षा बल कोडरमा ने ऑपरेशन डिग्निटी के तहत एक मिसाल पेश की। उन्होंने प्रयागराज कुंभ मेले में बिछड़ी एक बुजुर्ग महिला को सुरक्षित उनके परिजनों से मिलाया। बताते चलें कि मंगलवार देर रात करीब 2 बजे कोडरमा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 4 पर एक बुजुर्ग महिला डरी और सहमी हुई हालत में बैठी हुई मिलीं। रेलवे सुरक्षा बल के जवानों को संदेह हुआ तो उन्होंने महिला से पूछताछ की। वहीं महिला ने बताया कि वह अपने पति के साथ प्रयागराज कुंभ स्पेशल ट्रेन से घर लौट रही थीं, लेकिन किसी कारणवश अपने पति से बिछड़ गईं और कोडरमा स्टेशन पर उतर गईं। महिला कि पहचाना प्रभा देवी जिला बांका बिहार कि रहने वाली बतायी। महिला को देखते ही महिला सिपाही नीलू ने आगे बढ़कर उनकी मदद की और उन्हें आरपीएफ पोस्ट लाया गया। वहां उन्हें भरपेट भोजन और पानी दिया गया, फिर रातभर महिला बैरक में सुरक्षित ठहराया गया। सुबह होते ही निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार ने महिला द्वारा बताए गए पते के आधार पर बांका पुलिस से संपर्क किया और उनके परिजनों की जानकारी प्राप्त की। वहीं उन्होंने परिजनों से बातचीत कर बड़े पुत्र पप्पू मंडल को कोडरमा बुलाया गया और उक्त महिला को सौंप दिया। परिवार ने आरपीएफ कोडरमा का दिल से आभार प्रकट किया और इस मानवीय कार्य के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

रेलवे सुरक्षा बल की तत्परता से हुआ पुनर्मिलन

रेलवे सुरक्षा बल कोडरमा की तत्परता और ऑपरेशन डिग्निटी के तहत किए गए सराहनीय प्रयास से एक बुजुर्ग महिला सुरक्षित अपने परिवार से मिल सकी। यह घटना दर्शाती है कि रेलवे सुरक्षा बल न केवल सुरक्षा प्रदान करता है, बल्कि मानवता की भी मिसाल पेश करती है।

## राजद नेता सरफुद्दीन अंसारी को पत्नी शोक

**मरकच्चो (कोडरमा)।** राष्ट्रीय जनता दल के वरीय कार्यकर्ता सरफुद्दीन अंसारी की पत्नी 62 वर्षीय सैरून निशा का देहांत मंगलवार की बीती रात हो गई। उनकी पत्नी पिछले कई दिनों से बीमार चल रही थी। वे अपने पीछे बेटे-बेटी, नाती-नातिन-पोती से भरा पूरा परिवार छोड़ गई। उनके देहांत की खबर सुनकर राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह, राजद नेता परवेज खान, लोकेश कुमार, सुमन कुमार, प्रयाग यादव, सुभाष यादव, नारायण यादव, भुनेश्वर यादव, डॉ. जावेद, तौकीर अहमद, डॉ. सरफराज नवाज, जमुना यादव, सहदेव यादव, सुनील यादव आदि उनके निवास स्थल पर पहुंचे और परिवार जनों को इस दुख की घड़ी में ढांढस बंधाया। साथ ही मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## अज्ञात बीमारी से मुर्गा-मुर्गी की मौत का सिलसिला जारी, पोल्ट्री फार्म संचालक परेशान



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में अज्ञात बीमारी के कारण मुर्गा-मुर्गी की मौत का सिलसिला जारी है एवं कई पोल्ट्री फार्म पालकों के सैकड़ों मुर्गे मुर्गियां मर रही हैं। आस पास के ग्रामीण क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से अज्ञात बीमारी से मुर्गा-मुर्गी के मरने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है, जिससे मुर्गी पालक चिंतित नजर आ रहे हैं। वहीं मुर्गी पालकों का कहना है दिन भर मुर्गियों को ठीक देखा जाता है, लेकिन सुबह देखने पर दर्जनों मुर्गा-मुर्गी मरा हुआ मिलता है। इस अज्ञात बीमारी के कारण सैकड़ों मुर्गा-मुर्गी मर चुके हैं। इस बीमारी से मरकच्चो प्रखंड के तोलखर गांव निवासी राजेश यादव के पोल्ट्री फार्म से 900 पीस, लोहोंडीयो निवासी अमजद अली के पोल्ट्री फार्म से 600 पीस सहित दर्जनों मुर्गी पालकों के मुर्गा-मुर्गी मर जाने की सूचना है। वहीं अमजद अली ने बताया कि इस बीमारी से पहले मुर्गा और मुर्गी का माथा फूल जाता है, इसके बाद पूरे शरीर में लालीपन आ जाता है। इसके बाद मुर्गियां तड़प-तड़प कर मर जाती है। उन्होंने बताया कि इस बीमारी की रोकथाम के लिए सेल फैलेक्साइन पाउडर का इस्तेमाल किया जा रहा है, मगर मुर्गियों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इससे मुर्गा-मुर्गी पालकों को हजारों रुपए का नुकसान हो रहा है। इधर इसकी जानकारी होने के बाद भी पशुपालन विभाग मौन धारण किए हुए है। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते इसकी रोकथाम का कोई उपाय नहीं किया गया तो आने वाले समय और विकट परिस्थिति आ सकती है।

### झुमरीतिलैया में माहुरी वैश्य मंडल की संयुक्त सभा आयोजित

# महिला व नवयुवक समिति का हुआ चयन

- मथुरासिनी महोत्सव 2025 की तैयारियों पर हुआ विचार-विमर्श

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** माहुरी वैश्य मंडल की संयुक्त बैठक श्री माहुरी भवन में संपन्न हुई। बैठक में मथुरासिनी महोत्सव की भव्यता और सफलता सुनिश्चित करने के लिए रूपरेखा तैयार की गई और विचार विमर्श किया गया। सभा की अध्यक्षता अरुण सेठ व संचालन सचिव सुनील कुमार भदानी व गौतम वैशकियार द्वारा किया गया। वहीं अध्यक्ष अरुण सेठ ने स्वागत भाषण देते हुए समाज के सदस्यों को संगठित होकर महोत्सव की तैयारी में जुटने का आह्वान किया। बैठक में मथुरासिनी महोत्सव 2025 के विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर चर्चा हुई। बैठक में महिला समिति और नवयुवक समिति के नए पदाधिकारियों की घोषणा की गई। वहीं महिला समिति की अध्यक्ष रेणु बड़गवे ने अपनी कमिटी को घोषणा कि जिसमे उपाध्यक्ष का दाइत्व प्रीति बड़गवे, रीना कंडवे, जयंती सेठ, उपसचिव के लिए कल्याणी भदानी, सारिका कप्सिमे, संगठन मंत्री साधना भदानी, सरिता कप्सिमे, रानी कुमारी शिक्षा मंत्री अनु कप्सिमे, कोषाध्यक्ष रश्मि एकघरा, धर्म संचार मंत्री अनुपमा ब्रहपुरिया, मीडिया प्रभारी अंकिता तर्वे को सौंपा गया। जबकि नवयुवक समिति के नव-निर्वाचित पदाधिकारीयों में उपाध्यक्ष हिमांशु सेठ, सागर भदानी, शुभम तर्वे, सह-सचिव पियूष कुमार लोहानी, हर्ष कुटरियार, संगठन मंत्री राहुल कुमार सेठ, सोनू पवनचौदह कोषाध्यक्ष शुभम कुमार, सोशल मीडिया प्रभारी सागर भदानी को बनाया गया। मौके पर मुन्ना भदानी, संदीप लोहानी, अभिषेक रंजन, रितेश लोहानी, दिलीप अठघरा, उदय बड़गवे, नवीन आर्या, संजय तरवे, शैलेश पहाड़ी, दिलीप ब्रहपुरिया, राजेश सेठ, दयानन्द पवनचौदह, शिवरतन बरबिगहिया, राकेश कप्सिमे, प्रदीप कंडवे, ज्योति पहाड़ी, नीरज अठघरा, सोनू लोहानी समेत कई लोग मौजूद थे।

### सांसद प्रतिनिधि कृष्णा ब्रहपुरिया को किया गया सम्मानित

कृष्णा कुमार ब्रहपुरिया को सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने पर सम्मानित किया गया। श्री ब्रहपुरिया ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए समाज की सेवा में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। साथ ही साथ मथुरासिनी महोत्सव 2025 के संरक्षक पद के लिए पूर्व सचिव विजय कुमार को नियुक्त किया गया, जिन्हें समाज के विकास और धार्मिक आयोजनों में विशेष भूमिका निभाने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

## खबर एक नजर में

### भद्रकाली मंदिर में महाशिवरात्रि पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़



**इटखोरी।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बुधवार को भद्रकाली मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तों ने बेलपत्र, दूध और गंगाजल से भगवान शिव का जलाभिषेक किया और हर हर महादेव के गगनभेदी जयघोष से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। भद्रकाली मंदिर में स्थित सहस्र शिवलिंग श्रद्धालुओं के लिए विशेष आस्था का केंद्र है। सहस्र शिवलिंग एक ही पत्थर को तराशकर बनाया गया है, जिसमें 1008 छोटे-छोटे शिवलिंग समाहित हैं। मान्यता है कि इस शिवलिंग की पूजा करने से 1008 शिवलिंगों की पूजा के बराबर पुण्य प्राप्त होता है। खास बात यह है कि जलाभिषेक करने पर सभी 1008 शिवलिंग एक साथ अभिषेकित हो जाते हैं। महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिर को फूल-मालाओं से भव्य रूप से सजाया गया। हर साल की तरह इस बार भी महाशिवरात्रि पर हजारों भक्त भगवान शिव की पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। पूरा मंदिर परिसर श्रद्धा और भक्ति के माहौल से सराबोर हो गया।

### शिवरात्रि पर कुलेश्वरी मंदिर में भक्तों का सैलाब, प्रशासन मुस्तैद



**गिद्धौर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर कुलेश्वरी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं, जो जलाभिषेक और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे थे। पूरा मंदिर परिसर श्रद्धा और भक्ति के माहौल से भरा हुआ नजर आया। मंदिर कमेटी के सदस्यों ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की हैं, वहीं थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता के नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी लगातार व्यवस्था बनाए रखने में जुटे रहे। शिवरात्रि के अवसर पर कुलेश्वरी मंदिर में विशाल मेले का भी आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्त भगवान शिव की आराधना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से शांति और अनुशासन बनाए रखने की अपील की है, ताकि धार्मिक आयोजन सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

### महाशिवरात्रि पर कौलेश्वरी मंदिर में दस दिवसीय पशु मेले का उद्घाटन, पेक्सा चेकडैम का हुआ शिलान्यास



**गिद्धौर।** कौलेश्वरी मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि के अवसर पर लगने वाले दस दिवसीय पशु मेले का विधिवत उद्घाटन बुधवार को सांसद कालीचरण सिंह, विधायक कुमार उज्ज्वल और मुखिया निर्मला देवी ने फीता काटकर किया। इस दौरान सांसद और विधायक ने शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। उद्घाटन समारोह में विधायक कुमार उज्ज्वल ने कहा कि यह पशु मेला न केवल व्यापार के लिए बल्कि कला, संस्कृति और पर्यटन के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है। वहीं, सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि इस मेले से किसानों को बड़ी सहूलियत मिलेगी, क्योंकि यह पशुओं की खरीद-बिक्री के लिए एक बड़ा आयोजन है। उन्होंने 2026 में मेला और अधिक भव्य रूप से आयोजित करने के लिए व्यापारियों से संपर्क कर दूर-दराज से व्यवसायियों को लाने की बात कही। मेले का उद्घाटन होते ही पशुओं की खरीद-बिक्री शुरू हो गई। इस दौरान पेक्सा चेकडैम का भी शिलान्यास किया गया, जिससे किसानों और स्थानीय लोगों को जल प्रबंधन में लाभ मिलेगा।इस मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि विनय सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, मेला समिति अध्यक्ष मनोज कुमार कुशवाहा, मंदिर प्रबंधन समिति अध्यक्ष प्रणाथ दांगी, सचिव निरंजन दांगी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### महाशिवरात्रि पर महादेव मठ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़, जलाभिषेक और भंडारे का आयोजन



**कुंदा (चतरा)।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर ऐतिहासिक महादेव मठ शिवालय में हजारों श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना के लिए उमड़ पड़े। सुबह 4 बजे से ही भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं, जो शांतिपूर्ण तरीके से जलाभिषेक, भांग, धतूरा और बेलपत्र चढ़ाकर भगवान शिव का आशीर्वाद ले रहे थे। पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता भी महाशिवरात्रि मेले में पहुंचे और अपने कार्यकर्ताओं के साथ शिवालय में माथा टेककर क्षेत्र की खुशहाली और कुशलता की कामना की। उन्होंने जिलेवासियों और प्रखंडवासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर लगे पशु मेले में बड़े पैमाने पर खरीद-बिक्री हुई। वहीं, श्रद्धालु झूले, ब्रेक डांस और आर्केस्ट्रा का आनंद लेते नजर आए। महादेव मठ परिसर में पूजा समिति और व्यावसायिक संघ द्वारा भक्तों के लिए चीनी शरबत स्टॉल लगाया गया, जिससे श्रद्धालुओं को गर्मी से राहत मिले। साथ ही, स्वास्थ्य विभाग की टीम भी तैनात रही ताकि किसी को कोई स्वास्थ्य संबंधी परेशानी न हो। महादेव मठ और सूर्यकुंड के समीप अखंड हरि कीर्तन चल रहा है, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय बना हुआ है। भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में खिचड़ी वितरित की जा रही है। इस मौके पर व्यावसायिक संघ अध्यक्ष मनोज कुमार साहू, पूजा समिति सदस्य लव कुश कुमार गुप्ता, जितेंद्र कुमार, उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार गुप्ता, सत्येंद्र सिंह और पुजारी उदय मिश्र समेत कई लोग आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।

स्पीड न्यूज

## चपका बजरंग बली शिव मंदिर समिति ने निकाली कलश यात्रा



घाघरा। महा शिवरात्रि के अवसर पर घाघरा प्रखंड के चपका स्थित बजरंगबली शिव मंदिर समिति द्वारा मंदिर के वार्षिक उत्सव पर कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर चांदनी चौक, थाना चौक, नेतरहाट रोड होते हुए बाबा धाम स्थित नदी पहुंचे। जहां आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार कर कलश में जल भरी कराई गई। इसके उपरांत कलश यात्रा चपका मंदिर परिसर पहुंचा। जहां भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर जलाभिषेक और पूजन पाठ हुआ। कलश यात्रा में बोल बम हर हर महादेव के गगन भेदी से पुरा वातावरण भक्तिमय हो गया। वहीं पूजा समिति के सदस्यों ने कहा कि पूजन पाठ व आरती के बाद भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारे में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। वहीं महाशिवरात्रि पूजा समिति आदर भंडार टोली द्वारा भी महाशिवरात्रि के अवसर पर कलश यात्रा निकाला गया। कलश यात्रा शिव मंदिर आदर से शुरू हुई। जहां सैकड़ो महिलाएं बच्चियां कलश यात्रा में शामिल हुई और देवाकी डैम पहुंचकर कलश में जलभरी के उपरांत पुनः मंदिर परिसर पहुंची। मौके पर कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

## महाशिवरात्रि पर गोपाल मंदिर समिति ने किया महा भंडारे का आयोजन



गुमला। गुमला शहर के लोहरदगा रोड स्थित गोपाल मंदिर में मंदिर समिति की ओर से महाशिवरात्रि के मौके पर भव्य महाभंडारे का आयोजन किया गया। महाभंडारे में लगभग 2000 लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर मंदिर समिति के संरक्षकों ने संयुक्त रूप से जानकारी दी की हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी गोपाल मंदिर समिति की ओर से महाभंडारे का आयोजन किया गया एवं आगे भी इस तरह के आयोजन होते रहेंगे। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित कृष्ण कांत पाठक, संरक्षक अनिल आनंद, प्रमोद अग्रवाल, अरुण साहू, बलदेव शर्मा, शंभुनाथ चौरसिया, गोपाल वर्मा, लाला चौरसिया, प्रमोद गुप्ता, नंदकिशोर सिंह, सदस्य सुमित चीनू साबू, विवेक अधिकारी, संतोष वर्मा, बबलू वर्मा, सुरेंद्र नारायण, अवधेश सिन्हा, नितेश कुमार लाल, पंकज साबु, अमित मंत्री, डॉ सतीश पाठक, ओम साहु, आकाश भारती बिट्टू, आशु प्रजापति, हर्ष सोनी, राहुल राम, विष्णु अग्रवाल, अतिश सोनी, अनिकेत गोलू, आदर्श आर्यन आदि ने भंडारे में योगदान दिया।

## किसानों के उपर किये गये झूठे मुकदमे वापस हो, नहीं तो होगा आंदोलन: यादव

गुमला। भारत माला परियोजना के तहत गुमला शहर के किनारे रायपुर धनबाद एक्सप्रेस वे निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण किये जाने के विरोध में आंदोलन का नेतृत्व करने वाले किसान लोथे उरांव, बिंझू उरांव, दीपू एक्का तथा बिरसो उरांव के ऊपर एनएचएआई द्वारा झूठे आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई का आदिवासी किसान मजदूर पार्टी ने विरोध किया है। इस सम्बन्ध में पार्टी के जिला सचिव सुरेश प्रसाद यादव ने कहा है कि एनएचएआई आदिवासी किसानों को भयभीत करने का प्रयास कर रही है। एनएचएआई के दिगम्बर सिंह स्वयं गांवों में जाकर माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। किसान लोकतांत्रिक तरीके से विरोध कर रहे हैं। उनके ऊपर झूठे मुकदमे दर्ज कराने क्का कार्य दुखद और दुर्भाग्य पूर्ण है। किसानों ने एनएचएआई के किसी भी काम में बाधा उत्पन्न नहीं किया है। उन्होंने मांग की है कि किसानों के ऊपर दर्ज झूठे मुकदमे एनएचएआई वापस लें। अन्यथा पार्टी व्यापक किसान आंदोलन विकसित करने के लिए विवश होगी।

## किसानों के बीच मिर्चा का बीज का किया गया वितरण



चैनपुर। चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के लूथरन मैदान में जिला उद्यान विभाग गुमला द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित कर 28 स्थानीय किसानों के बीच मिर्चा बीज का वितरण किया गया। जिसका उद्देश्य बागवानी के प्रति जागरूकता बढ़ाना और किसानों को विभिन्न कृषि कार्यों की जानकारी देना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला उद्यान विभाग के तकनीकी पदाधिकारी दीपक कुमार सिंह ने उपस्थित किसानों को बताया कि सही तकनीकों और ज्ञान के माध्यम से किसान अपनी उत्पादन क्षमता को बढ़ा सकते हैं और अपने जीवन स्तर में सुधार कर सकते हैं। उद्यान सेवक त्रिलोचन सिंह ने भी कार्यक्रम में भाग लिया और बागवानी के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बागवानी न केवल आर्थिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी लाभकारी है। उप मुखिया आशा लकड़ा ने किसानों को सलाह दी कि वे नई तकनीकों और फसलों के बारे में जानकारी प्राप्त करें और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का जन सैलाब

## गुमला जिले में मनोकामना पूर्ति का भक्तों ने मांगा वरदान, भांग, धतुरा, बेलपत्र, नारियल, फल व फुल चढ़ाकर भक्तों ने की पूजा अर्चना



मंदिर में पूजा अर्चना करते लोग।



बुढ़वा महादेव मंदिर में पूजा के लिए कतार बद्ध खड़े श्रद्धालु।



टांगीनाथ धाम में पूजा अर्चना के लिए लगी भक्तों की भीड़।

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। महाशिवरात्रि के अवसर पर जिला मुख्यालय सहित प्रखंडों के सभी शिव मंदिर में पूजा अर्चना के लिए बुधवार को आस्था का जन सैलाब उमड़ा। हर-हर महादेव के नारों से शिव मंदिर गुंजता रहा। शिव मंदिरों में जलाभिषेक के लिए अहले सुबह से ही लोगों की कतारें मंदिर में लगने लगी।

भक्तों ने पवित्र नदियों में डूबकी लगाकर वहां से जल उठाते हुए पैदल यात्रा करते हुए शिवलिंग में जलाभिषेक किया। स्वयंभू भगवान भोले नाथ की पूजा अर्चना कर लोगों ने अपने सुख-समृद्धि की कामना की। भक्तों द्वारा भगवान को भांग, धतुरा, फल, फूल का भोग लगाया गया। साथ ही अक्षत, चंदन, नारियल व बेलपत्र भक्तों द्वारा पूजा अर्चना में चढ़ाई गई। महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग व पुरूष भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना के लिए घंटों कतार में लगे रहें। अपनी बारी आते ही लोगों ने पूजा अर्चना की। भक्तों ने उपवास रखकर भगवान भोले नाथ की पूजा अर्चना की। डुमरी प्रखंड के मझगांव स्थित बाबा टांगीनाथ धाम में पूजा अर्चना के लिए कई राज्यों से लोग पहुंचे थे। पूरा टांगीनाथ धाम भक्तों की उपस्थिति से खचाखच भरा हुआ था। टांगीनाथ धाम परिसर हर-हर महादेव के नारे से दिन भर गुंजता रहा।

**लगे हर-हर महादेव के गगन भेदी नारे**



भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते लोग।

घाघरा प्रखंड का देवाकी बाबा धाम में पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। पूजा अर्चना करने पहुंचे भक्त मंदिर परिसर स्थित नदी में स्नान कर जल लेकर शिवलिंग में जलाभिषेक किया। वहीं शहर के करमटोली स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में पूजा अर्चना के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी हुई थी। विंध्याचल नगर स्थित पंच शिव शक्ति मंदिर में भी जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा रहा।

इसके अलावे पालकोट रोड स्थित शक्ति मंदिर, रौनियार मंदिर, देवीगुड़ी मंदिर, घाटो बगीचा स्थित महावीर मंदिर, शांति नगर मंदिर आदि स्थानों में भी पूजा अर्चना के लिए भक्त पहुंचे थे। गुमला प्रखंड के धोधरा गांव के प्राचीन शिव मंदिर में भी धार्मिक रीति-रिवाज के साथ शिवलिंग में जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की गई। रायडीह प्रखंड के वासुदेव कोना, सदा शिव मंदिर मरदा में भी महाशिवरात्रि के अवसर पर जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा रहा।

इसके अलावे विशुनपुर, सिसई, भरनो, चैनपुर, जारी, कामडारा, पालकोट, बसिया आदि प्रखंडों के शिव मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए भक्तों की कतार लगी रही।

## मां दुधेश्वरी स्वयं शंभू धाम में महाशिवरात्रि पर निकाली गयी कलश यात्रा, भंडारे का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



गुमला। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मां दुधेश्वरी स्वयं शंभू धाम में भक्ति भाव से कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा दुधेश्वरी धाम से खटवा नदी तक निकली। कलश यात्रा में 551 माताओं एवं बहनों ने भाग लिया। खटवा नदी से कलश में जल लेकर वापस दुधेश्वरी धाम श्रद्धालु पहुंचे। इस दौरान हर-हर महादेव के गगनभेदी जयकारों से पूरा क्षेत्र शिवमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने भक्ति-भाव से यात्रा में भाग लिया और शिव महिमा का गुणगान किया। कलश यात्रा के उपरांत विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। महाशिवरात्रि की दिव्यता को और अधिक भव्य बनाने के लिए बुधवार की रात्रि में भगवान भोलेनाथ की शिव बारात निकाली जाएगी। डमरू, नगाड़ों और भक्ति संगीत के साथ यह शोभायात्रा निकलेगी। जिसमें शिवभक्त बाराती बनकर इस आध्यात्मिक यात्रा में भाग लेंगे। शिव बारात के दौरान शिव तांडव, झांकियां और भक्ति गीतों की धूम रहेगी। इस भव्य आयोजन में धरमू गोप, मृत्युंजय जी, राकेश सिंह, रमेश गोप, भोला दास, अशोक साहू, राज अहिराना, यशराज सिंह, हर्ष राज सिंह, अंकित सिंह, प्रकाश गोप, परमेश्वर प्रजापति सहित कई लोग शामिल हुए।

## महाशिवरात्रि पर अखिलेश्वर धाम मे उमड़ी भक्तों की भीड़

## भक्तों ने विधि-विधान से की भोलेनाथ की पूजा-अर्चना

खबर मन्त्र संवाददाता





**भंडारे का हुआ आयोजन**

महाशिवरात्रि के अवसर पर समाजसेवियों द्वारा अखिलेश्वर धाम पर भंडारों का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

भंडरा। महाशिवरात्रि का पर्व बुधवार को प्रखंड से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों व शिवालयों में दिन भर बम-बम भोले, ओम नमः शिवाय, हर-हर महादेव के जयघोष के नारे लगते रहे। मंदिरों में प्रातः 5 बजे से ही भगवान शिव की पूजा-अर्चना शुरू हो गई। प्रखंड के प्रसिद्ध अखिलेश्वर धाम मंदिर, चट्टी के महादानी मंदिर, भौरो, बेदाल, मसमानो, भीठा, अम्बेरा आदि विभिन्न गावों के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

**अखिलेश्वर धाम मे सुबह से देर शाम तक रही श्रद्धालुओं की भीड़**

महाशिवरात्रि पर लगभग सभी मंदिरों में शिव भक्तों की भीड़ रहती है, लेकिन प्रखंड के प्रसिद्ध अखिलेश्वर धाम मंदिर में अहले सुबह से ही भक्तो की लंबी लंबी लाइन लगी थी। अखिलेश्वर धाम मे दूर-दूर से शिव भक्त जलाभिषेक के लिए आते हैं। इस बार मंदिर में अपेक्षा से अधिक भीड़ रही। क्षमता से अधिक भीड़ के कारण पुलिस बल स्थानीय शिव भक्तो ने काफी मदद की दूर दराज से आए हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने भोले बाबा के दर्शन कर पवित्र शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर अखिलेश्वर धाम मे बुधवार की सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिरों पर तांता लगना शुरू हो गया था। मान्यता के अनुसार महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर महिला अखिलेश्वर धाम मंदिर के समीप की दो पर्वत के बीच से निकलने वाले पवित्र तालाब में स्नान कर पवित्र शिवलिंग का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना कर सच्ची श्रद्धा से संतान की मनोकामना मांगी तो वह निःश्चित ही पूरी होती है, वहीं महाशिवरात्रि पर्व कई नवदंपति जोड़ों ने भी भगवान शिव का जलाभिषेक कर अपना वर मांगा।

## 28 फरवरी को लाइसेंस के लिये लगेगा शिविर

गुमला। चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह ने खाद्य कारोबारियों, होटल-रेस्टोरेंट संचालक, थोक विक्रेता, खुदरा एवं फुटकर विक्रेता, फल सब्जी विक्रेता, दवा दुकानदार एवं फास्ट फूड दुकानदार को सूचित करते हुए अह्वान किया है कि 28 फरवरी दिन शुक्रवार को गुमला खाद्य सुरक्षा कार्यालय में दिन के 11:00 बजे से संध्या के 3:00 बजे तक जो एक शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें सभी कारोबारी अपना लाइसेंस का रजिस्ट्रेशन करा लें। वहां जाने से पहले साथ में अपना आधार कार्ड पैन कार्ड व रंगीन फोटोग्राफ जरूर पकड़ लें।

## झानद की 19 को विधानसभा मार्च की तैयारी को लेकर बैठक

- नन बैंकिंग कंपनियों में काम करने वाले एजेंट भी पैसे की भुगतान में निभायें अपनी भूमिका : प्रभु मिंज

खबर मन्त्र संवाददाता




गुमला। झारखंड नवनिर्माण दल व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच के बैनर तले गुमला कचहरी परिसर में प्रमंडल के प्रमुख नेताओं को लेकर मंच के प्रमंडल कोर्डिनेटर प्रभु मिंज की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि राज्य में ननबैंकिंग में जमा पैसे भुगतान शुरू नहीं हुई तो केंद्र व राज्य सरकार के समक्ष बड़ी आंदोलन की तैयारी की जाएगी। बजट सत्र के दौरान 19 को होनेवाली विधानसभा मार्च की तैयारी को लेकर सिंह ने मंच के नेताओं से कहा है कि विधानसभा मार्च की तैयारी युद्धस्तर पर होनी चाहिए। सिंह ने सचेत ढंग से संगठन द्वारा तय कार्यक्रम को ग्राम स्तर तक ले जाने की भी अपील की है। प्रमंडल के कोऑर्डिनेटर प्रभु मिंज ने कहा कि सहारा इंडिया, एपीलाइन, साईं प्रकाश, इत्यादि दर्जनों दर्जन कंपनी में काम करने वाले एजेंट भी मेहनत के जमा पैसे भुगतान के लिए बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। एजेंट का काम सिर्फ पैसा जमा करा कर चुप बैठना नहीं है बल्कि भुगतान की मांग हेतु राज्य में हो रही बड़ी कोशिश में साथ देना भी सभी एजेंट का दायित्व है। बैठक में 19 मार्च 2025 को आयोजित राज्य स्तरीय विधानसभा मार्च में दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल क्षेत्र से कम से कम 3000 लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा सभी ननबैंकिंग के एजेंट को भी इस आंदोलन में सहभागिता निभाने के लिए प्रेरित करने के अलावे कई निर्णय लिया गया। बैठक में शिवचंद मांझी, मो इस्लाम, फबयानुस सारस, प्रकाश उरांव, देव काशी, विश्वनाथ मिंज, विपता लोहरा, सोमा टाना भगत, मनोहर लूगुन, राजू मुंडा, प्रकाश जोजो शामिल थे।

## आने वाले समय में मारवाड़ी युवा मंच जन सेवा के अनेक कार्यक्रम करेगी : जय प्रकाश शर्मा



लोहरदगा। मारवाड़ी युवा मंच की प्रांतीय उपाध्यक्ष विनीता सिंघानिया और मंच के रांची शाखा के पदाधिकारीगण सांगठनिक दौरे के क्रम में प्रांतीय संयोजक जय प्रकाश शर्मा के आवास पर बुधवार सुबह लोहरदगा पहुंचे। सभी आगंतुकों का स्वागत पुष्प गुच्छ दे कर किया गया। मंच के लोहरदगा शाखा के सदस्यों के साथ बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। मार्च माह में चुनाव प्रक्रिया पूर्ण कर नई कमिटी का गठन और विस्तार कर लोहरदगा में जन सेवा के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाए जाने पर सहमति बनी। जय प्रकाश शर्मा ने सफल संगठनकर्ता तथा सफलता का सक्सेस मंत्र युवा साथियों से साझा किया।विनीता सिंघानिया ने 22 मार्च से जमशेदपुर में होने वाले प्रांतीय अधिवेशन का आमंत्रण सभी को दिया। शाखा उपाध्यक्ष अभिषेक पोद्दार (मोनू) ने उपास्थित सदस्यों का परिचय कराया। पूर्व अध्यक्ष निशांत सर्राफ और कोषाध्यक्ष मयंक मोदी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। बैठक में मुख्य रूप से विनीता सिंघानिया, जय प्रकाश शर्मा, अभिषेक पोद्दार, निशांत सर्राफ, मयंक मोदी, पायल जैन, कविता जालान, पिंकी शर्मा, आकांक्षा सर्राफ, नीरजा, धैर्य, श्रेष्ठ सहित अन्य उपस्थित रहें।

## झामुमो प्रखंड अध्यक्ष बने परवेज अंसारी



भंडरा। झारखण्ड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय कमिटी व जिला संयोजक मण्डली के निर्देश पर बुधवार को भंडरा प्रखण्ड के डाक बंगला में जिला संयोजक मण्डली के सदस्य सह पूर्व जिला सचिव अनिल उरांव की अध्यक्षता में प्रखण्ड कमिटी पुनर्गठन को लेकर कार्यकर्ताओ की बैठक हुई। मौके पर अनिल उरांव ने झामुमो के नीति सिद्धान्तों की जानकारी देते हुए कहा कि हमारी पार्टी जनता की हित मे अनेको जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। पार्टी सन्गठन से जुड़कर पार्टी संगठन के हित मे कार्य करें। बैठक को केंद्रीय समिति सदस्य समीद अंसारी, सेन्हा जिप सदस्य राधा तिर्की, पूर्व जिला उपाध्यक्ष तिवारी उरांव आदि ने भी संबोधित किया। बैठक में प्रखण्ड अध्यक्ष के लिए पुनः एक बार परवेज अंसारी, सचिव मारवाड़ी उरांव, कोषाध्यक्ष के लिये फूलदेव उरांव, उपाध्यक्ष के लिए रामवृक्ष उरांव, मोबारक अंसारी सह सचिव के लिए दानियल लकड़ा, साजिद अंसारी व सदस्य के लिये बुधवा उरांव, इस्लाम अंसारी, सुकरा उरांव, आलोक उरांव, कहरु उरांव,सुहैल अमीन का नाम चयन किया गया। मौके अफरोज अंसारी, सेन्हा प्रखण्ड अध्यक्ष राजकिशोर राम, अल्पसंख्यक मोर्चा के मंसूर अंसारी, अब्दुल कुदुस, कल्याण पन्ना, दिलीप उरांव, धनो उरांव, दिलीप उरांव, सुभाष उरांव, आलोक उरांव, महमूद अंसारी, इदरीश अंसारी, खुर्शीद अंसारी, तबरेज अंसारी, जीतराम उरांव, बुधवा उरांव, इस्तियाक अंसारी, मकदूम अंसारी आदि उपस्थित थे।

## शहरी क्षेत्र में हो रहा है गंदे पानी की आपूर्ति : शिशिर

खबर मन्त्र संवाददाता

>> पीएचईडी व नगर परिषद से सुधार की मांग की, गंदे पानी के उपयोग से लोग संक्रमित बीमारी के हो रहे हैं शिकार

गुमला। समाजसेवी शिशिर कुमार गुप्ता ने गुमला शहर में गंदे पानी की आपूर्ति पीएचईडी विभाग के द्वारा किये जाने पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद की लापरवाही के कारण पेयजल संकट भी दिनों-दिन गहराता जा रहा है। मेन रोड, बड़ाइक मुहल्ला, डीएसपी रोड, थाना रोड, जवाहर नगर और पालकोट रोड जैसे प्रमुख इलाकों में जल आपूर्ति बाधित है। कुछ घरों में पानी की सप्लाई पूरी तरह बंद है तो कुछ क्षेत्रों में गंदा, बदबूदार और दूषित पानी आ रहा है। जिससे लोग गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का शिकार हो रहे हैं। गर्मी के मौसम की शुरूआत होते ही पानी की किल्लत और भी गंभीर हो सकती है। नागरिकों का कहना है कि वे इस संकट से पिछले कई वर्षों से जूझ रहे हैं। लेकिन नगर परिषद द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। लोग महंगे टैंकरों और निजी जल स्त्रोतों पर निर्भर होने को मजबूर हैं। जबकि कई परिवारों को अपनी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए दूर-दूर से पानी लाना पड़ रहा है। जिन क्षेत्रों में पानी आ रहा है वहां भी उसकी गुणवत्ता बेहद खराब है। पीले, बदबूदार और अशुद्ध पानी के कारण पेट संबंधी बीमारियां, जलजनित संक्रमण और त्वचा रोग जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। नगर परिषद और जल विभाग की लापरवाही से हजारों लोग इस गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। गुमला के नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने नप और जल विभाग से जल्द से जल्द समाधान की मांग की है।

## अंडर 23 क्रिकेट में सिमडेगा ने रामगढ़ को 8 विकेट से हराया

खबर मन्त्र संवाददाता



गुमला। जेएससीए के तत्वाधान में जिला मुख्यालय के शहीद तेलंगा खड़िया स्टेडियम में चल रहे अंडर 23 क्रिकेट मुकाबले में सिमडेगा ने रामगढ़ को आठ विकेट से पराजित किया। अच्छी शुरूआत के बावजूद रामगढ़ की पूरी टीम 39.3 ओवरो में 174 रनों पर सिमट गयी। रामगढ़ की ओर से आदर्श गिरी ने 39, प्रियांशु 34, राहुल राज 24, प्रभात महतो 22 व आशीष ने 19 रनो की पारी खेली। इधर लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिमडेगा के सचिन पाल व गुरुशरण की जोड़ी ने टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया।

सचिन ने 13 चौके व दो छक्के के सहारे शतक पूरा किया व 102 रन बना कर आउट हुए। गुरुशरण ने 65 रनो की नाबाद पारी खेली।

## शिवरात्रि पर धोधरा महादेव मंदिर में मेला सह नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम में शामिल अतिथि व मेला आयोजन समिति के सदस्य।

गुमला। गुमला प्रखंड के धोधरा गांव स्थित महादेव मंदिर में महाशिव रात्रि के अवसर पर मेला सह नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भंडारा का आयोजन किया गया। जहां हजारों शिव भक्तों ने शिव पर जलाभिषेक किया और भंडारे का प्रसाद किया ग्रहण। धोधरा व आस-पास के गांवों के ग्रामीण प्राचीन शिवलिंग में पूरे आस्था व विश्वास के साथ जलाभिषेक किया और स्वययं भू भगवान भोलेनाथ से क्षेत्र की सुख शांति व परिवार के कल्याण की कामना की। पूजा समिति के युवा अध्यक्ष शिव सिंह ने बताया कि दशकों पूर्व से यहां महाशिवरात्रि पर पूजा सह मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमें नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ साथ भंडारे का आयोजन भी किया गया। मंदिर के पुजारी रामाशीष ने बताया कि महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर शिवाल का रंग-रोगन कराकर फूल पत्तियों से सजाया गया और शिव भक्तों के लिए पूजा अर्चना की विशेष व्यवस्था की गई। जहां शिव भक्त महिला, पुरुषों सभी शिवलिंग पर बेल-पत्र, धतूरा, भांग, कच्चा दूध, फल व शहद से भगवान आशुतोष का जलाभिषेक किए। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में मेला एवं नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ साथ विशेष रूप से भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मेले का आनन्द लिया और भगवान भोलेनाथ का प्रसाद ग्रहण किया। अध्यक्ष पीतांबर सिंह के द्वारा महाशिवरात्रि पूजा सह मेला को सफल बनाने के लिए पूजा समिति के सभी सदस्यों का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मिशिर कुजूर, पूर्व मुखिया पतराज टोप्पो, दीपांकर साहु सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सांसद सुखदेव भगत क्षेत्र के विकास के प्रति हैं कृत संकल्प : आलोक साहू

सांसद के प्रयास से सलगी गांव में लगा ट्रांसफार्मर

खबर मन्त्र संवाददाता



कुडू। प्रखंड के ग्राम सलगी हाई स्कूल के समीप एक सादे समारोह में लोहरदगा सांसद के निजी सहायक सह कांग्रेस नेता आलोक कुमार साहू ने 63 केवी ट्रांसफार्मर का फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर साहू ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान इस क्षेत्र के ग्रामीणों से रूबरू हुए थे। तो ग्रामीणों ने बताया था कि यहां 25 ङश का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है ज्यादा लोड होने के कारण बराबर जल जाता है इसलिए सांसद के द्वारा 63 केवी ट्रांसफॉर्मर दिलवाने के मांग की गई थी। सांसद सुखदेव भगत ने त्वरित गति से कार्रवाई करते हुए 63 केवी का ट्रांसफार्मर गुमला से उपलब्ध कराये। सांसद क्षेत्र के विकास के प्रतिकृति संकल्प है। जन समस्याओं के निदान की दिशा में त्वरित गति से कार्य करते हैं। साहू ने कहा कि सांसद के प्रयास से कुडू प्रखंड के चिताकोनी में 63 केवी का ट्रांसफार्मर 4 दिन पहले उपलब्ध कराया गया है। 63 केवी ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों के साथ-साथ हाई स्कूल के बच्चे को काफी फायदा होगा। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने के लिए सांसद का आभार प्रकट किया। इस दौरान ललकु बैठा, रामकुमार साहू, अजय चौरसिया, भोला साहू, नरेश साहू, मुकेश साहू, विनोद साहू मुन्ना सिंह, कार्तिक उरांव सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## चंदवाः शहर से लेकर गांव तक रही महाशिवरात्रि की धूम, हर-हर महादेव से गुंजा शिवालय

# मंदिरों व शिवालयों में उमड़ी शिव भक्तों की भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा में शहर से लेकर गांव तक बुधवार कल महाशिवरात्रि की धूम देखने को मिली। चंदवा में महाशिवरात्रि पर शिव भक्तों में उत्साह देखने को मिला। गांव से लेकर शहर तक लोग भगवान भोलेनाथ की भक्ति में लीन देखे गए। अहले सुबह से ही मंदिर व शिवालयों में शिव भक्तों की भारी भिंड देखने को मिली जो देर शाम तक जारी थी। चंदवा के गुलायाची बाबा मंदिर, श्री विश्वनाथ मंदिर, शिव मंदिर बुध बाजार, थाना टोली, महुआमिलान स्टेशन, आन, सासंग समेत प्रखंड विभिन्न शिव मंदिरों में आस्था का जन सैलाब देखने को मिला। खास कर युवतियों व महिलाओं की भारी भिंड दिखी। इधर महाशिवरात्रि पर आस्था के प्रतीक मां उग्रतारा नगर मंदिर में भी भक्तों की काफी भीड़ देखने को मिली। श्रद्धालु घंटो कतारबद्ध खड़े होकर पूजन को लेकर इंतजार करते देखे गए।

### चंदवा थाना में महाशिवरात्रि पर हुआ


जलाभिषेक करते शिवभक्त।

महाशिवरात्रि के मौके पर चंदवा थाना में भी महाशिवरात्रि पूजा का आयोजन किया गया। वहीं देर शाम भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। रात्रि में भजन कीर्तन का भी कार्यक्रम किया गया। वहीं हिन्दू उत्सव समिति द्वारा गायत्री मंदिर के समीप भक्तों के बीच भंडारा कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

**संध्या बेला में निकली शिव बारात, झांकी बना आकर्षण का केंद्र**

देर शाम हिन्दू उत्सव समिति, शिव मंदिर बुध बाजार, महाकालेश्वर मंदिर गायत्री पीठ, गुलायाची बाबा मंदिर समेत कई मंदिरों से शिव बारात निकाली गई। शिव बारात में बच्चे व युवा वर्ग नंदी, भूत पिचास समेत विभिन्न वेशभूषा धारण कर शामिल हुए। इधर महाशिवरात्रि के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर लातेहार एसपी कुमार गौरव के निर्देशानुसार चंदवा पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद देखी गयी।

### महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं ने श्रद्धा पूर्वक किया भगवान भोलेनाथ का पूजा-अर्चना

## सुबह से ही शिव मंदिरों पर लगी रही भीड़


भगवान शिव का पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के अवसर पर दिन बुधवार को भगवान भोलेनाथ के मंदिरों में श्रद्धालुओं ने श्रद्धा पूर्वक-पूजा अर्चना किया। इस अवसर पर पचफेड़ी चौक स्थित शिव मंदिर, थाना के समीप शिव मंदिर, दोमुहान शिव मंदिर, मानिकेश्वर शिव मंदिर, समेत क्षेत्र के विभिन्न शिव मंदिरों में पूजा करने के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी संख्या में भीड़ लगी रही। जहां पर पुजारी के द्वारा विधिवत रूप से पूजा-अर्चना संपन्न किया गया। वहीं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर आस्था पूर्वक भगवान शिव की पूजा आराधना किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक कर सुखमय जीवन का वरदान मांगा। वहीं महाशिवरात्रि को लेकर पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

### महाशिवरात्रि पर शिव मंदिर आन में हुआ विशेष रुद्राभिषेक कार्यक्रम



**चंदवा।** महाशिवरात्रि के पावन मौके पर चंदवा में शहर से लेकर गांव तक मंदिरों एवं शिवालयों में विशेष पूजन समेत कई कार्यक्रम आयोजित हुए। थाना क्षेत्र अंतर्गत चेतर पंचायत के आन गांव स्थित शिव मंदिर में विशेष रुद्राभिषेक कार्यक्रम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आचार्य रामकुमार पांडेय के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बतौर मुख्य यजमान राजन भगत व दीपक भगत सपत्नीक ने दूध, घी, गन्ना रस, शहद एवं जल से जलाभिषेक किया। आचार्य रामकुमार पांडेय ने बताया कि महाशिवरात्रि के रात्रि को शिव-गौरी की विधि-विधान से पूजा की जाती है, क्योंकि यह रात शिव से शक्ति के मिलन की रात होती है। महा शिवरात्रि के दिन शिवलिंग पर रुद्राभिषेक करना बेहद शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इससे साधक की समस्त मनोकामनाएं पूरी होती हैं और जीवन में सुख-समृद्धि और खुशियों का आगमन होता है। इधर रुद्राभिषेक पूणार्हुति को उपरांत भक्तों के बीच महाप्रसाद का विवरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कृष्णा प्रसाद भगत, गौरी भगत, लक्ष्मण यादव, राजेश भुईयां, कमलेश यादव, लालबिहारी यादव, राजेश यादव समेत कई धर्मप्रेमियों ने अहम योगदान दिया।

## महाशिवरात्रिः मंदिरों में शिवभक्तों का लगा तांता

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड़।** महाशिवरात्रि का त्योहार महुआडांड प्रखंड वासीयों ने बुधवार को पुरे हर्षोल्लास के साथ मनाया। महाशिवरात्रि के इस पावन बेला पर स्नान करने के बाद श्रद्धालुगण शिव मंदिरों में शिवलिंग का जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक कियें। इसके साथ ही अलग-अलग तरीके से पूजन कर शिव की स्तुति कर भोलेनाथ को खुश करने में जुटे हुए हैं। वहीं हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महुआडांड़ मुख्यालय से तकरीबन 5 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम बेलटोली के समीप के पहाड़ पर स्थित महादेव सरना धाम मे महुआडांड़, राजडंडा, परहाटोली व स्थानीय धर्मप्रेमी लोगों के द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। बुधवार की सुबह रामपुर व बिरहा नदी के संगम स्थल से जल भरकर हजारों बाबा के भक्त बम बम भोले..., हर हर महादेव.. आदि नारे लगाते हुए महादेव सरना धाम पहुंचे एवं बाबा भोले नाथ को जलाभिषेक किया व बाबा भोले नाथ का दर्शन कर क्षेत्र में सुख शांति व विकास की कामना की। वही हर वर्ष की भांति इस बार भी रात्रि मे अखंड कीर्तन जागरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। वही आर.पी.एस. सेवा संस्थान के अध्यक्ष कमलेश यादव सहयोगी कलेश्वर नगेसिया, विशेष केशरी, जसवन्त यादव, जितेन्द्र यादव, बर्थो मुंडा, श्रवण यादव, देवेंद्र सिंह आदि के द्वारा संयुक्त रूप से बाबा के दर्शन करने आये भक्तों के लिए भंडारा का भी आयोजन किया गया था। वहीं छह जोड़ों की शादी भी कराई गई। वहीं महाशिवरात्रि के अवसर पर महुआडांड़ थाना परिसर स्थित शिव मंदिर, आईआरबी परिसर स्थित शिव मंदिर व सीआरपीएफ बासकरचा स्थित शिव मंदिर मे भी कई कार्यक्रम आयोजित किए गए व भंडारा का भी आयोजन किया गया। भोले बाबा की नगरी टांगीनाथ धाम में प्रिया स्टोन माईंस कुटलू एवं मेसर्स शुभम ब्रिक्स हुटाप के द्वारा किया गया भंडारा का आयोजन। महाशिवरात्रि के अवसर पर भोले बाबा की नगरी बाबा टांगीनाथ धाम में बाबा के दर्शन करने आये भक्तों के लिए प्रिया स्टोन माईंस कुटलू एवं मेसर्स शुभम ब्रिक्स हुटाप के द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें लाखों की संख्या में बाबा के दर्शन करने पहुंचे भक्तों ने भंडारा में प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा सफलतापूर्वक आयोजित करने वालों में मुख्य रूप से प्रिया स्टोन माईंस कुटलू एवं मेसर्स शुभम ब्रिक्स हुटाप के प्रो. सीताराम प्रसाद, वृन्दा पांडेय, डा. ए.के. शाह, बिंदू देवी, शुभम प्रसाद, प्रिया कुमारी, पूजा कुमारी, ममता कुमारी मन्नीलाल प्रसाद, कंचन देवी, शंभू प्रसाद, विक्की महली, लक्ष्मी प्रसाद, बालगोविन्द, रविन्द्र तिवारी आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।


पुजन करते श्रद्धालु।

## महाशिवरात्रि पर निकाली गई भव्य कलश यात्रा


कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में महाशिवरात्रि के अवसर पर महावीर मंदिर, वन विभाग शिव मंदिर, ब्लॉक कार्यालय शिव मंदिर, आदर्श नगर दुर्गा पूजा मंदिर, शिव मंदिर टमटम टोला, शिव मंदिर बसरिया समेत कई मंदिरों में श्रद्धालुओं के काफी भीड़ देख गई। सुबह से ही लोग मंदिरों में पूजा अर्चना करते देखे गए। वहीं दिवाकर नगर के दुर्गा मंदिर परिसर से महाशिवरात्रि और मंदिर के वार्षिकोत्सव के मौके पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ो श्रद्धालु शामिल हुए। गाजे-बाजे के साथ निकाले गए इस कलश यात्रा में महिलाओं ने माथे पर कलश रखकर दिवाकर नगर स्थित दुर्गा मंदिर परिसर से ब्लॉक, केडवाबर समेत कई टोलो मोहले का भर्मण करते हुवे मकईयाटांड नदी पहुंचा। जहां से पंडित जगनारायण पाठक द्वारा वैदिक मंत्रोउच्चारण के साथ पूजा अर्चना कर महिलाओं ने अपने अपने कलश में जल भर कर पुनः वापस दुर्गा मंदिर पहुंचा।वही इस कलश यात्रा में शामिल लोग बम-बम भोले,ओम नमः शिवाय, हर-हर महादेव, हर-हर भोले, जय श्री राम, हर-हर गंगे समेत कई नारा लगा रहे थे। इस कलश यात्रा में लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी शामिल हुई। वही आयोजित कलश यात्रा को देखते हुए बालूमाथ पुलिस ने बालूमाथ में शहर में बड़े वाहनों पर नो एंट्री लगा दिया था। वहीं कलश यात्रा के दौरान पुलिसकर्मी सुरक्षा के मध्य नजर ड्यूटी में तैनात रहे। मौके पर निर्मल सिन्हा, उपेंद्र रंगीला, लालदेव गंझु, ललन सिंह, राजू गुप्ता, राजकुमार भगत, पपु चौबे, विनोद साव,रति गंझु समेत कई लोग शामिल थे।

## विधायक ने नर्सिंग होम का किया उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ बेसिक स्कूल के समीप बुधवार को अफजल लाइफ केयर हॉस्पिटल का उद्घाटन लातेहार विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक प्रकाश राम ने पिता काटकर किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक श्री राम ने कहा कि यह हॉस्पिटल में रांची के कई विशेषज्ञ चिकित्सक को बैठने की तैयारी की गई है। साथ ही साथ इस अस्पताल में इंफ्रास्ट्रक्चर काफी ही सुदृढ़ बनाया गया है। यह हॉस्पिटल खुलने से यहां के लोगों को काफी इलाज में सुविधा होगी। तथा अब यहां के लोगों को गंभीर बीमारी पर भी यही इलाज संभव हो पाएगा साथ ही लोगो रांची जाने से बचेंगे। हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर अरसद ने बताया कि वर्तमान में रांची के कई रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक के द्वारा इस अस्पताल में लोगों का इलाज किया जाएगा। गरीब व असहाय मरीजों के लिए विशेष छूट दी जाएगी। इस मौके पर रांची के महिला चिकित्सक ज्योत्सना कुमारी, डॉक्टर शाहबाज, मोहम्मद सद्दाम, मोहम्मद मुजम्मिल, मोहम्मद वसीम, उपेंद्र यादव, अरविंद यादव, लक्ष्मण कुशवाहा, पप्पू सिन्हा, मोहम्मद जुबेर, जावेद अख्तर, दयाल यादव, समेत कई लोग मौजूद थे।

### कुंभ से वापसी के दौरान राज्यसभा सांसद महुआ मांझी की कार हुई दुर्घटनाग्रस्त

## ड्राईवर को झपकी आने से हुई घटना



खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के होटवाग गांव में मां वैष्णवी पेट्रोल पंप के पास बुधवार की सुबह तड़के करीब चार बजे जेएमएम के राज्यसभा सांसद महुआ मांझी की कार (जेएच 01 एएम 1222) दुर्घटनाग्रस्त हो गई। सांसद महुआ मांझी की कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गए। इस हादसा में महुआ मांझी का दाहिना हाथ टूट गया है। उसके नाक व चेस्ट में चोट आई है। हादसे के वक्त कार में उनका बड़ा बेटा सोमबीत मांझी, बहू कृति श्री वास्तव मांझी और ड्राइवर भूपेंद्र बासकी बैठे थे। बेटे को भी चोट आई है। माना जा रहा है कि कार चलाते वक्त नींद की झपकी आ गई। इस कारण यह हादसा हुआ। हादसा में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना के सूचना मिलते ही सदर थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े घटनास्थल पहुंचकर एंबुलेंस के माध्यम से सभी को सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर सुनील भगत ने प्राथमिक ईलाज के बाद रिम्स रेफर कर दिया है। उनका ईलाज रांची ऑर्किड मेडिकल सेंटर में चल रहा है। लातेहार युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अमित यादव ने बताया कि महुआ मांझी कुंभ स्नान कर रांची लौट रही थीं। इसी दौरान कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। सभी घायलों को लातेहार अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक ईलाज के बाद महुआ मांझी को रिम्स रेफर कर दिया गया।

### एक नजर में

## ट्रेन के चपेट में आने से किशोरी घायल, रिम्स रेफर


घायल किशोरी।

**चंदवा।** टोरी-रांची भाया लोहरदगा रेलखंड अंतर्गत थाना क्षेत्र के जगराहा गांव के समीप बुधवार की दोपहर मेमू पैसेंजर ट्रेन के चपेट में आने से एक मुखबधिर किशोरी मंजू कुमारी पिता कमलेश उरांव (जगराहा) गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना के बाद स्थानीय लोगो के द्वारा घायल किशोरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टर प्रकाश बड़ाइक ने प्राथमिक उपचार के बाद किशोरी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार किशोरी के सर पर गम्भीर चोटें आई है। हालांकि खबर लिखे जाने तक स्पष्ट नहीं हो पाया था कि किशोरी रेलवे ट्रैक पर कैसे पहुंची थी। जानकारी के अनुसार कमलेश उरांव मूलरूप से आरागुंडी लातेहार के रहने वाले हैं, अंदेशा लगाया जा रहा है कि किशोरी खेलते खेलते रेलवे लाइन की ओर चली गयी, चुकी किशोरी दिव्यांग है, इस कारण ट्रेन के आने का पता उसे नही चल पाया व ट्रेन के चपेट में आ गयी।

## विधायक ने पेट्रोल पंप का किया उद्घाटन


उद्घाटन करते प्रकाश राम।

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के बसिया रेलवे ओभर ब्रिज के समीप बुधवार को लातेहार विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक प्रकाश राम ने मां उग्रतारा फ्यूल सेंटर पेट्रोल पंप का उद्घाटन फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया। वहीं उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक श्री राम ने कहा कि यह क्षेत्र कोयला एवं अन्य खनिज संपदा से भरा हुआ है यहां पर वाहनों का परिचालन भी ज्यादा होता है इसलिए लहजे से यह पेट्रोल पंप खुलने से निश्चित ही यहां के लोगों को सहूलियत होगी। वहीं पेट्रोल पंप के संचालक मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि ग्राहकों का हर सुविधा को ध्यान में रखते हुए पेट्रोल पंप का संचालन किया जाएगा। इस मौके पर विवेक सिंह, सोनू सिंह, अभिषेक सिंह, कृष्णा सिंह, मोहम्मद मुजम्मिल, संजीव उर्फ पप्पू सिन्हा, संजीत साहू, मोहम्मद जुबेर, रोशन साहू, कृष्णा यादव, जावेद अख्तर, गुंजन सिंह, दयाशंकर सिंह, राजू सिंह, लक्ष्मण कुशवाहा, गंगेश्वर यादव, नामेश्वर गुप्ता, अर्जुन साहू, उपेंद्र यादव, अरविंद यादव, कमलेश सिंह, लव सिंह, अर्जुन साव, प्रदीप सिंह, नामेश्वर गुप्ता, रंजीत यादव, मिथुन साव, अरिवंद यादव, उपेंद्र यादव,विजय सिंह, अजित सिंह, आशीष भारद्वाज, मो. अनवर समेत कई लोग मौजूद थे।

## लातेहार : डीही मूरूप रोड में सैनिक फ्यूल स्टेशन का हुआ उद्घाटन


उद्घाटन करते अतिथि।

लातेहार। डीही मूरूप रोड के नावाडीह पतरातू में हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉपोरेशन लिमिटेड का सैनिक फ्यूल स्टेशन का उद्घाटन एनआरईपी के कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार, झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पंकज तिवारी ने फीता काटकर किया। इस उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए प्रदीप कुमार ने कहा कि इस सुदूरवर्ती इलाकों में पेट्रोल पंप के खुल जाने से इस इलाके के लोगों को तेल लेने के लिए लातेहार और अन्य जगह पर जाना पड़ता था वह नहीं जाना पड़ेगा और इस पंप के मालिक मुरारी साहू एवं वृंदा पांडे को शुभकामनाएं देते हुए ग्राहकों को बेहतर सुविधा प्रदान करने को कहा। मौके पर पंचायत समिति सदस्य उमर आलम, मनिका विधायक सरजू प्रखंड प्रतिनिधि सुनील प्रसाद, सौरभ सिंह, कामगार कांग्रेस के जिला अध्यक्ष कामिल अंसारी, गंगेश्वर उरांव, ज्योति प्रकाश दुबे, दिनेश पांडे, संतोष पांडे, फैज अहमद आदि सहित सैकड़ों लोगों मौजूद रहे।

### कुत्ते ने मचाया आतंक, तीन को काटकर किया घायल

चंदवा। बुधवार को चंदवा में आवारा कुत्ते ने जमकर तांडव मचाया। शहर से सटे तिलैयाटांड में आवारा कुत्ते ने दो बच्चों समेत एक युवक कुल तीन लोगों को काटकर घायल घायल कर दिया। घायलों में झामुमो नेता मो. सरफराज की पुत्री अदीबा परवीन 3 वर्ष, पुत्र मो. इरफान 14 वर्ष व भाई मो शाहिद आलम शामिल हैं। कुत्ते के हमले के बाद घायल तीनों को परिजनों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद अदीबा परवीन की गंभीर स्थिति को देखते बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

### महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उम्दा आस्था का सैलाब, श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

# श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर की सुख समृद्धि की कामना

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** महाशिवरात्रि पर बुधवार को पर्यटन क्षेत्र बरवाडीह प्रखंड के शिवालयों, मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। शिवालयों में सुबह से ही लोगों की भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने दूध, दही और घी से शिवजी का जलाभिषेक किया और दर्शन किए। बरवाडीह के प्राचीन पहाड़ी शिव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए पहुंचना शुरू हो गए थे। हर हर महादेव के नारों और भजन-कीर्तन से पूरा माहौल भगवान शिव की भक्ति में लीन था। देर शाम पहाड़ी शिव मंदिर से भगवान भोलेनाथ की बरात निकालने से पहले भोलेनाथ को सेहरा बांधा गया।

इसके बाद ढोल-नगाड़ों के साथ भोलेनाथ की बरात निकली, जो सुभाष चौक, विवेकानंद चौक और अम्बेडकर चौक होते हुए थाना परिसर स्थित शिव मंदिर पहुंची। जहां बरवाडीह सराती पक्ष से एसडीपीओ भरत राम, सर्किल इंस्पेक्टर अनिल कु.सिंह, अंचलाधिकारी मनोज कुमार बीडीओ रेशमा रेखा मिंज और थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार द्वारा बारातियों का भव्य रूप से स्वागत किया गया। इस दौरान पूरे विधि विधान के अनुसार शिव पार्वती का विवाह संपन्न हुआ। पुलिस प्रशासन द्वारा बारातियों और स्थानीय लोगों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया था।

### विधायक ने भी शिवालयों में टेका मत्था


दर्शन करने जाते विधायक।

इसके पूर्व विधायक रामचंद्र सिंह ने सभी क्षेत्रवासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कार्यकताओं के साथ बरवाडीह के पहाड़ी शिव मंदिर समेत विभिन्न शिवालयों में पहुंच भगवान शिव की पूजा अर्चना की और भोलेनाथ से क्षेत्रवासियों समेत पूरे देश के सुख -समृद्धि, प्रगति व विकास की कामना की। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि हमें अपनी संस्कृति और धर्म की राह पर चलने की सीख देता है।

**चैन स्नैचिंग गिरोह रहा सक्रिय**

महाशिवरात्रि पर पहाड़ी शिव मंदिर परिसर में अज्ञात शातिर बदमाशों ने कई महिलाओं के शरीर से जेवर गायब कर दिया। हाथ की सफाई ऐसी की जेवर गायब होने का अहसास तक श्रद्धालुओं को नहीं हुआ। काफी संख्या में चेन स्नैचिंग होने से मंदिर परिसर में हड़कंप मच गया। बदमाशों ने बांसडीह निवासी अनिता देवी, लेस्लीगंज की सविता कुमारी, लंका ग्राम के आतिश कुमार आदि कई लोगों का मंगलसूत्र व चैन गायब कर दिया। बता दें कि महाशिवरात्रि पर झारखंड समेत पड़ोसी राज्यों से भी ट्रेन और अन्य माध्यमों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्राचीन शिव मंदिर पहुंचते है। जिसका शातिर बदमाशों द्वारा फायदा उठाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने मौके पर पहुंच घटना की पड़ताल की।

### जान जोखिम में डालकर मंदिर पहुंचते है श्रद्धालु


जान जोखिम में डाल रेलवे ट्रैक पार करते श्रद्धालु।

महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं को पहाड़ी शिव मंदिर पहुंचने में काफी परेशानी उठनी पड़ रही थी। श्रद्धालु अपने छोटे छोटे बच्चों के साथ जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक पार करते हुए आवागमन कर रहे थे। सीआईसी सेक्शन होने के कारण लगातार मालगाड़ियों का परिचालन जारी रहता है। ऐसे में किसी अनहोनी घटना की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। जबकि दो दशकों से यहां फुट ओवरब्रिज बनाने की मांग चली आ रही है। जनप्रतिनिधियों द्वारा कई बार रेल के अधिकारियों को इस समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट कराया जा चुका है।

### शिवरात्रि के अवसर पर समाज सेवी ने लगाए 41 पौधे



**बारियातू।** प्रखंड के समाज सेवी झूलन प्रसाद भगत ने शिवरात्रि के दिन भगवान शिव के ध्यान ज्ञान और नवीनीकरण के मूल्यों के अवसर पर गाड़ी गांव मे 41 पेंड़ लगाए। जहां निर्मल सिंह, सुरेंद्र प्रसाद, भरत प्रसाद, देवनंदन प्रसाद, गजेंद्र प्रसाद, बैजनाथ प्रसाद सहित कई महिलाएं भी पेंड़ लगाने मे सहयोग किया। समाज सेवी झूलन ने कहा की भगवान शिव सभी जीव के भगवान हैं। आज फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि है। आज महाशिवरात्रि पूजा जलाभिषेक का शुभ मुहूर्त है। ईश्वर सिर्फ पूजन से ही खुश नहीं होते। अच्छे कर्म करने आवश्यकता है। मनुष्य को बेहतर जीवन जीने के लिए पर्यावरण, ऑक्सीजन, जल, जड़ी बूटी औषधि सहित अन्य चीजों के बिना जीवन नहीं जी सकते हैं। भगवान शिव सामाजिक प्राणी मनुष्य, जीव जंतु, पेंड़ पौधे सहित सभी की बातों को सुनते हैं और महशुस करते हैं। इंसान के लिए कर्म ही पूजा है। दिन प्रतिदिन पेंड़ो की जोरों से कटाई के कारण काफी नुकसान हो सकता है। इसलिए जितना पेंड़ कट रहा है उतना से भी अधिक आने वाले पीढ़ियों जीव जंतु, कृषि उत्पादन, अच्छी वर्षा, न्यूनतम तपमान के लिए पेंड़ लगाना जरुरी है। क्षेत्रवासियों से हर पर्व त्यौहार, शुभ कार्य मे अधिक से अधिक पेंड़ लगाने की आवश्यकता है।

# महाशिवरात्रि पर बासुकीनाथ धाम में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



बासुकीनाथ मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बासुकीनाथ।** महाशिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर अहले सुबह मंदिर का पट खुलते ही बासुकीनाथ धाम में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। शिव भक्त श्रद्धालु कतारबद्ध होकर जलार्पण के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। संपूर्ण मंदिर परिसर खचाखच श्रद्धालुओं से अटा पड़ा था। बोल बम और हर हर महादेव के नारे की गूंज सर्वत्र सुनाई दे रही थी। भक्तों के मुख से निकले जयकारे से श्रद्धालुओं की उत्साह देखते ही बनती थी। दिनभर भक्ति की सरिता में आस्था की डुबकी लगाने का सिलसिला चलता रहा। इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालु अपने अभीष्ट इच्छा की पूर्ति के लिए पंडा पुरोहितों संग धार्मिक अनुष्ठान करते देखे गये। दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए मंदिर कार्यालय के समीप शीघ्र दर्शनम कूपन श्रद्धालुओं को बेचे जा रहे थे। वहीं महाशिवरात्रि महोत्सव को भव्य एवं दिव्य बनाने के लिए आकर्षक तरीके से मंदिर को दुल्हन की भांति सजाया गया था। रंग बिरंगी रोशनियों से पूरा मंदिर परिसर नहाया हुआ था। देवनगरी की पवित्रता बनाए रखने के लिए स्वच्छता पर विशेष नजर रखी गई थी। उधर मंदिर में श्रद्धालुओं को सुगमतापूर्वक जलार्पण कराने के लिए भारी संख्या में पुरुष एवं महिला पुलिसकर्मी ड्यूटी पर तैनात नजर आए। इस दरमियान किसी भी अनहोनी से निपटने के लिए डॉक्टर एवं एंबुलेंस के साथ फायर ब्रिगेड को मुस्तैद रखा गया था। शाम को गाजे बाजे के बीच शिव बारात की आकर्षक झांकी निकाली गई। जिसमें अन्य राज्यों से आए श्रद्धालुओं के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल थे। इस प्रकार डीसी ए दोड्डे के नेतृत्व में जिला प्रशासन महाशिवरात्रि महोत्सव को सफल बनाने की कवायद में जुटी रही।

## शिव मंदिरों में दिन पर लगा रहा भक्तों का तांता



**दुमका।** शिवरात्रि के अवसर पर शहर के विभिन्न शिवालयों से देर शाम शिव-बारात निकली। गाजे-बाजे, ढ़ोल ताशे और साजों सज्जा के साथ मंदिरों से शिव बारात निकाली गई। शिव बारात विभिन्न मार्गो से होकर पुनः वापस मंदिर पहुंची। बुधवार की अहले सुबह से भक्तों की भीड़ मंदिरों में उमड़ी रही। श्रद्धालू शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना कर खुशहाली की कामना किया। शहर के शिव पहाड़ मंदिर, शिव-गोपाल मंदिर, गिलानपाड़ा शिव मंदिर, डंगालपाड़ा समेत अन्य शिव मंदिरों में दिन भर तांता लगा रहा। विधान से पुरोहित ने शिव-पार्वती का विवाह संपन्न होगा।

## एक नजर में

### बेरमो : आठ वर्षीय बच्ची का दुष्कर्म के बाद हत्या, मां समेत तीन आरोपी गिरफ्तार



बेरमो। बोकारो जिले के पेटरवार थाना क्षेत्र में 8 वर्षीय बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या के मामले में बच्ची की मां समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मृतका के पिता ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि वे अपने 8 वर्षीय बेटी और बेटे के साथ रिश्तेदार के शादी समारोह में महलीजारा गांव गए थे। 5 मई 2024 की रात करीब 9 बजे उनकी बेटी शादी समारोह से लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। अगले दिन सुबह 6 बजे बच्ची का शव गाँव के बाहर झाड़ियों में पड़ा मिला। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बोकारो ने एसआईटी टीम का गठन किया। जांच के दौरान सामने आया कि मृतका की मां रीना देवी का फेसबुक के माध्यम से एक व्यक्ति बाबू दास मुर्मू से प्रेम संबंध था, जो बाद में अवैध रिश्ते में बदल गया। बच्ची इन संबंधों का विरोध करती थी, जिससे नाराज होकर रीना देवी और उसके प्रेमी ने साजिश रची। आरोपियों ने शादी समारोह में मौजूद शिवनारायण बेसरा को शराब और पैसों का लालच देकर बच्ची से दुष्कर्म कराया, जिसके बाद बाबू दास मुर्मू ने भी बच्ची के साथ घिनौनी हरकत की। घटना के बाद गला दबाकर बच्ची की हत्या कर शव को झाड़ियों में फेंक दिया गया। जिसमें मृतिका की मां रीना देवी मृतिका की मां का प्रेमी बाबू दास मुर्मू शिवनारायण बेसरा मुख्य आरोपी, जिसने शराब के नशे में बच्ची से दुष्कर्म किया था। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। जांच टीम ने घटनास्थल से सभी संदिग्ध साक्ष्यों को इकट्ठा कर फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है।

### बेरमो विधायक की पहल से जम्मू कश्मीर से लाया गया प्रवासी मजदूर का शव



बेरमो/फुसरो। रोजगार की तलाश में गए बेरमो थाना क्षेत्र के करगली बाजार निवासी स्व धनेश्वर करमाली के 31 वर्षीय पुत्र कृष्णा करमाली का निधन शनिवार को जम्मू कश्मीर के कटरा में हो गया था। जिसका शव बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह के पहल पर मंगलवार कि देर रात्रि करगली बाजार लाया गया। मृतक कृष्णा करमाली विगत 12 फरवरी को अपने दोस्त पपलू, विक्की व अन्य दोस्त के साथ फुसरो से जम्मू कश्मीर रोजगार के लिए गया था। वहा उसकी मृत्यु हो गई। जिसकी जानकारी वहां के प्रशासन के द्वारा परिजन को मिला। परिजन ने बेरमो थाना में शव मांगवाने की गुहार लगाई। बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने शव को मनाने के लिए जम्मू कश्मीर पुलिस से बात की। साथ ही सतपाल सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, संतोष गुप्ता, बिट्टू रवानी आदि ने शव को मांगवाने का अथक प्रयास किया। इन लोगों ने कांग्रेस नेता अरुण सिंह से शव को जम्मू कश्मीर से बेरमो मंगवाने हेतु बात की। अरुण सिंह ने फौरन बेरमो विधायक श्री सिंह से बात कर शव को मंगवाने की व्यवस्था की। जम्मू कश्मीर पुलिस ने शव को निजी वाहन से सड़क माध्यम से मृतक के दोस्तों के साथ भेजवाया। निजी वाहन का ड्राइवर ने बताया कि वाराणसी में सड़क जाम होने के कारण आने मे देर हो गई, अन्यथा मंगलवार की सुबह की हम लोग यहां पहुंच जाते। वही शव के पहुंचने से परिजन का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। शव का अंतिम संस्कार मंगलवार की ही देर रात्रि कर दिया गया। मृतक कृष्णा तीन भाईयों व तीन बहनों में सबसे छोटा था। वह अपने पीछे पत्नी आरती देवी सहित दो पुत्र आठ वर्षीय नैतिक व सात वर्षीय प्रतिक को छोड़ गया।

## स्पीड न्यूज

### दुमका : सास-बहु की लड़ाई में दोनों आग से झुलसी, सास की मौत


**दुमका।** जिला के काठीकुंड थाना के बड़ा भुईभंगा गांव में सास-बहु के बीच हुई विवाद में सास की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सास किसी बात को लेकर तकरार हो गई। आवेश में आकर सास रानी पहाड़िन ने बहु सुंदरी को लेकर एक कमरे में बंद हो गई। आरोप है कि सास ने बहु को बंद कमरे में आग लगाकर हत्या का प्रयास की। इस घटना में सास और बहु दोनों आग में झुलस गये। यह घटना मंगलवार रात की है। किसी तरह सास बहु को कमरे से निकाल कर इलाज के लिए मंगलवार देर रात फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान बुधवार को सास की मौत हो गई। सूचना पर नगर थाना की पुलिस शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंपा। नगर थाना पुलिस काठीकुंड थाना को केस जांच को सौंपेगी।

### बोकारो स्टील सिटी के पुस्तकालय मैदान में बसंत मेला का आयोजन




बोकारो। बोकारो स्टील सिटी के पुस्तकालय मैदान में दिनांक 08-09 मार्च को दो दिवसीय बसंत मेला का आयोजन किया जाएगा। बीएसएल द्वारा विभागीय स्तर पर इसकी तैयारी आरम्भ कर दी गई है। बसंत मेला में बोकारो स्टील प्लांट के विभिन्न विभाग की कार्यप्रणाली एवं अन्य जानकारी से लोगों को अवगत कराने के लिए स्टाल्स लगाए जाएंगे। इनमें प्लांट के प्रमुख शॉप्स बोकारो जेनरल अस्पताल उद्यान क्रीड़ा एवं नागरिक सुविधाएं अग्निशमन सेवाएं सीएसआर जन संपर्क जैसे विभागों की ओर से भी स्टाल्स लगाए जाएंगें। बसंत मेला में पूरे देश की सभ्यता और संस्कृति की झलक को प्रस्तुत करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति की जाएगी। महिला समिति बोकारो की ओर से विविध वस्तुओं की प्रदर्शनी के साथ कमर्शियल स्टाल तथा फूड स्टाल भी लगाया जाएगा। मेला में स्टॉल की बुकिंग के लिए नगर सेवा विभाग के डीजीएम पीएस सिंह-मो नंबर 8986872608 एवं एजीएम राकेश बाबू वेलपूरी मो नंबर 8986872452 पर संपर्क किया जा सकता है।

### डीआइ ने सीओ एंड सीसी विभाग में सुरक्षा का लिया जायजा




बोकारो। बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने संयंत्र के सीओ एंड सीसी विभाग में सेफ्टी वॉक कर सुरक्षा पहलुओं का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ अधिशासी निदेशक संकार्य सीआर महापात्रा सीजीएम सुरक्षा बीके सरतापे सीजीएम तकनीकी लक्ष्मी दास सीओ एंड सीसी विभाग के विभागाध्यक्ष जीएम पीएस कुमार सहित विभाग के वरीय अधिकारी उपस्थित थे। निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने सेफ्टी वॉक के दौरान विभाग के अधिशासियों तथा कर्मियों से सुरक्षा पहलुओं पर चर्चा की। साथ ही उन्हें पीपीई के इस्तेमाल और सुरक्षा नियमों के अनुपालन का निर्देश दिया। निदेशक प्रभारी ने शॉप फ्लोर में बेहतर हाउस कीपिंग पर भी बल दिया तथा सुरक्षा पहलुओं को और पुख्ता बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# बोकारो : अवैध कॉलोनी बसाने के खिलाफ नोटिस तीन दिनों में खाली नही करने पर चलेगा बुलडोजर

मेडिकल कॉलेज के निर्माण में लगी कंपनी द्वारा सेक्टर-12 डी स्थित रणविजय स्मारक कॉलेज के समीप अवैध और अनाधिकृत रूप से बसायी गई लेबर कॉलोनी का मामला






अखिलेश कुमार सिंह

**बोकारो।** बोकारो में मेडिकल कॉलेज के निर्माण में लगी कंपनी द्वारा सेक्टर-12 डी स्थित रणविजय स्मारक कॉलेज के समीप अवैध और अनाधिकृत रूप से बसायी गई लेबर कॉलोनी बनाये जाने के मामले पर संज्ञान लेते हुए बोकारो स्टील प्रबंधन ने उसे तीन दिनों के अन्दर खाली करने का आदेश दिया है। इस आशय का नोटिस कॉलोनी में चिपका दिया गया है जिसमें कहा गया है कि अगर तीन दिनों के भीतर अवैध निर्माण को खाली नहीं किया गया तो प्रबंधन की ओर से उसे ध्वस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि बोकारो में मेडिकल कॉलेज बनाने के कार्य में लगी कंपनी ने सेक्टर 12 डी में न सिर्फ अवैध रूप से बड़ी कॉलोनी का निर्माण कर लिया बल्कि एक बड़े भू-भाग पर टीन की चादरों से ऊंची दीवार खड़ी कर दी और सेक्टर 12 की ओर से रणविजय स्मारक कॉलेज तथा नेशनल हाईवे पर जाने वाली सड़क को भी अपने घेरे में ले लिया है। दरअसल कोरोना महामारी के समय में नागरिकों की सुविधा के लिए बीएसएल प्रबंधन ने सेक्टर 12 में जिस जगह सब्जी मार्केट लगवाई थी उस जगह को भी मेडिकल कॉलेज बनाने वाली कंपनी ने अपने कब्जे में लेकर उसकी घेराबंदी कर दी है। इसके चलते अब नेशनल हाईवे के किनारे सब्जी विक्रेता अपनी दुकान सजाते है और इससे आसपास में दुर्घटनाओं की संभावना हमेशा बनी रहती है। नगर सेवा विभाग के अधिकारियों की भूमिका भी सवालों के घेरे में इस मामले में बीएसएल के नगर प्रशासन विभाग के अधिकारियों की संलिप्तता पर भी सवाल उठने लगे हैं। लोगों का मानना है कि जब बोकारो स्टील प्लांट के सुरक्षा विभाग के पास इतनी बड़ी फौज है तो फिर सेक्टर 12 डी में उसकी कई हेक्टेयर जमीन पर कब्जा कैसे हो गया और टीन की चादरों के पीछे सैकड़ों हरे-भरे पेड़ काटकर इतनी बड़ी कॉलोनी का निर्माण कैसे हो गया? इस अवैध निर्माण की ओर आखिर किसी का ध्यान आज तक क्यों नहीं गया? देश की महारत्न कंपनी सेल-बीएसएल को करोड़ों रुपए के राजस्व की हानि पहुंचाने में आखिर किसकी भूमिका रही? बोकारो स्टील प्लांट के संचार प्रमुख मणिकांत धान ने की गई कार्रवाई के संबंध में पूछने पर बताया कि नगर प्रशासन विभाग की ओर से वहां तीन दिनों के भीतर उस क्षेत्र से सभी अस्थायी निर्माण हटाने का नोटिस दिया गया है। अगर तीन दिनों के भीतर वे नहीं हटाते हैं तो बीएसएल द्वारा उसे ध्वस्त कर दिया जाएगा।

## पूर्व विधायक बबीता ने होसिर में की डायग्नोस्टिक जांच केंद्र का उदघाटन



बेरमो/ललपनिया। बुधवार को मंत्री योगेंद्र प्रसाद की धर्मपत्नी सह गोमिया क्षेत्र की पूर्व विधायक बबीता देवी ने गोमिया प्रखंड के होसिर स्थित डायग्नोस्टिक जांच केंद्र उदघाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। यहां उन्होंने केन्द्र का विधिवत उदघाटन फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा आज के परिवेश में ऐसे जांच केंद्र समय की मांग हैं। साथ ही उन्होंने जांच केन्द्र उपकरणो का जायजा भी लिया। यहां मौके पर संचालक द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। बता दें कि डायग्नोस्टिक जांच केंद्र में सभी प्रकार के पैथोलॉजी सम्बंधित जांच व गुणवत्तापूर्ण तरीके से आधुनिक उपकरणों व अनुभवी टेक्नीशियन द्वारा किया जाएगा। संचालक ने बताया की यहां न्यूनतम दर पर ही सभी प्रकार के पैथोलॉजिकल जांच किया जाएगा। इसके बाद में उन्होंने होसिर खेल मैदान में आयोजित ओएनजीसी कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन समारोह में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने विजेता व उप-विजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया और सभी को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने टूनामेंट के सफल आयोजन के लिए यूथ सेंटर होसिर के सभी सदस्यों को बधाई दी। मौके पर उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। खेल हमें शारीरिक और मानसिकरूप से मजबूत करने के साथ ही एकजुटता का महत्व भी सिखलाता है। राज्य सरकार खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए कृतसंकल्पित है। इस कार्यक्रम में पंसस महेश रविदास, झामुमो के वरीय नेता संतोष साव, किशोर साव, हीरालाल यादव, दिलीप यादव, टुनटुन राम, पंकज प्रजापति, कुंदन कुमार सहित भारी संख्या में लोग थे।

## बोकारो : हल्का क्षेत्रों व सीएचसी में लग रहा शिविर, हो रहा ऑन स्पॉट निष्पादन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीसी विजया जाधव के निर्देश पर जिले के विभिन्न अंचलों के हल्का क्षेत्र में विशेष राजस्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है जो 3 मार्च तक जारी रहेगा। इस क्रम में जिले के सभी अंचलों के विभिन्न हल्का क्षेत्रों में शिविर का आयोजन किया गया। जहां खतियानी रैयत के उत्तराधिकारियों एवं आपसी बंटवारा के आधार पर दाखिल झ खारिज के लिए आवेदन प्राप्त किए गए। शिविर में भूमि संबंधित अन्य समस्याओं का भी निराकरण संबंधित अंचल के अंचलाधिकारियों द्वारा किया गया। साथ ही अग्रतर कार्रवाई के लिए आवेदन प्राप्त किया गया। शिविर में काफी संख्या में आमजन शामिल हुए। वहीं जिले में दिव्यांगता जांच - पेंशन शिविर का भी आयोजन शुरू हुआ। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोमिया एवं चास में शिविर का आयोजन किया गया है जहां काफी संख्या में ग्रामीण आमजनों ने पेंशन से संबंधित समस्याओं को रखा। वहीं दिव्यांगजनों ने अपनी दिव्यांगता की जांच कराई।

शिविर में आम जनों का स्वास्थ्य जांच भी स्थानीय चिकित्सक एवं टीम द्वारा किया गया। शिविर में दिव्यांगजनों ने पंजीकरण कराया। अनेक लोगों ने आयुष्मान कार्ड बनवाया तथा अनेक ने मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता राशि व पेंशन आवेदन दिया एवं स्वास्थ्य जांच करवाया।

## बेरमो कोयलांचल में महाशिवरात्रि धूमधाम से मना



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** महाशिवरात्रि का पर्व आज श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। हर हर महादेव के जयकारा से बेरमो कोयलांचल गूंजमान रहा। भगवान शिव के जलाभिषेक को ले शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। सुबह होते ही शिवालयों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ने लगी। फुसरो नगर परिषद के प्रमुख शिव मंदिरों को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया गया है। फुसरो, शारदा कॉलोनी, ढ़ोरी कांटा, करगली गेट स्थित झारखंड व गांधी चौक शिव मंदिर, कुरपनीया, चलकरी बस्ती के शिव मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भक्त कतार में खड़े होकर भगवान शिव का जलाभिषेक पूजा अर्चना करने को लेकर अपनी बारी का इन्तेजार करते पाए गए।

इस महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव की बारात भी निकाली जाती है। बेरमो के कई मंदिर हैं जहां से हर साल आकर्षक झांकी के साथ शिव बारात निकलती है। भगवान शिव की भव्य बारात फुसरो नगर परिषद क्षेत्र में निकली जाएगी। इसमें देव मुनियों के साथ भूत-बेताल शामिल होंगे।

### पहाड़ी शिव मंदिर में अखंड हरिकीर्तन का आयोजन



बेरमो। फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत शारदा कॉलोनी स्थित पहाड़ी शिव मंदिर में सुबह से बाबा भोलेनाथ के श्रद्धालुओं की लगी लंबी कतार और अखंड हरिकीर्तन का आयोजन। कार्यक्रम को सफल आयोजन मे मंदिर कमिटि के साधु बाउरी, भोला दिगार, ललन मल्लाह, राजू दिगार, जयदेव बाउरी, गांधी बाउरी, राकेश दिगार, अमृत दिगार, सूरज दिगार, अजय जयसवाल, दीपक बाउरी, अजय दिगार, गुडडु दिगार, विवेक दिगार आदि जुटे हुए है।

## धनबाद ने जामताड़ा क्रिकेट टीम को 273 रनो के विशाल रनों से हराया




दुमका। झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में खेले जा रहे जिला स्तरीय अंडर 23 क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच में बुधवार को धनबाद ने जामताड़ा को 273 रनों के बड़े अंतर से पराजित किया। एटीएम क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मैच में धनबाद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। मैन ऑफ द मैच कुनैन कुरैशी के धुआंधार 12 छक्के और 16 चौके की मदद से नाबाद 161 रनों का विशाल स्कोर जोड़ा। वहीं 12 चौके और एक छक्के की मदद से अनुराग सिंह के नाबाद 100 रनों के बदौलत 50 ओवर में तीन विकेट खोकर 353 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। जामताड़ा की ओर से ऋतिक ने दो और आदित्य ने एक विकेट हासिल किए। जवाबी पारी में उत्तरी जामताड़ा की टीम 19 वे ओवर में महज 80 रनों पर ही ढेर हो गई। धनवाद की ओर से गेंदबाजी करते हुए मोहित ने तीन, चंदन, राजवीर और अमित ने दो-दो विकेट हासिल किए। इस मौके पर जेएससीए के टीआरडीओ बृजेश राय, निर्णायक अजय पाठक, अरबिंद कुमार सिंह, स्कोरर सौमित सामनता, जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारी के अलावा काफी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# एसकेएमयू के नेट समेत अन्य परीक्षाओं में आठ छात्रों ने किया सफलता हासिल



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के कमाल प्रदर्शन किया है। विश्वविद्यालय के एक साथ आठ छात्रों ने नेट की परीक्षा में सफलता हासिल किया है। जिसमें तीन छात्रों ने जेआरएफ, एक ने नेट एवं तीन छात्रों ने पीएचडी में नामांकन के लिए अर्हता प्राप्त किया।

यूजीसी नेट की परीक्षा में स्नातकोत्तर संथाली विभाग विश्वविद्यालय, दुमका के सत्र-2022-24 के छात्रों में जितेश टुडू, संजय एक्समस हेंब्रम और प्रीतम मुर्मू ने जेआरएफ की परीक्षा में सफलता हासिल किया है। जबकि पुष्पा मुर्मू ने असिस्टेंट प्रोफेसर एवं पीएचडी में नामांकन के लिए नेट की परीक्षा उत्तीर्ण हुई है। वहीं सत्र-23-25 तो देवलाल मुर्मू, कुलदीप सोरेन, सचिन कुमार सोरेन और मिरूनी हांसदा ने पीएचडी में नामांकन के लिए नेट की परीक्षा सफलता हासिल किया है। छात्रों ने इसका श्रेय अपने शिक्षक डॉ सुशील टुडू, डॉ शर्मिला सोरेन, डॉ निर्मल मुर्मू, डॉ अमित मुर्मू, डॉ होलिका मरांडी एवं प्रो सनातन मुर्मू को दिया है। छात्रों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत, सतत प्रयास और निर्धारित लक्ष्य सफलता का मंत्र है। इस संबंध में विभागाध्यक्ष डॉ सुशील टुडू ने बताया कि विभाग में सिलेबस की पढ़ाई के साथ छात्रों को सभी दिशा में सफलता का मार्गदर्शन नियमित रूप से करते रहते हैं।

इसी का परिणाम ही है कि इस बार सर्वाधिक संताली विभाग के छात्रों ने नेट की परीक्षा में सफलता प्राप्त किया है। केवल यही नहीं विभाग की छात्र-छात्राएं अन्य दिशा में भी आगे बढ़ रहे हैं।

## कोल इंडिया इंटर कंपनी एथलेटिक्स चैंपियनशिप
## बीएंडके के 4 प्रतिभागी ने जीता मेडल



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** सीसीएल बीएंडके एरिया की चार कर्मी दीपक कुमार, खुर्शीद हुसैन व दीपक कुमार यादव और महिला कर्मी पुष्पांजलि तिवारी ने कोल इंडिया इंटर कंपनी एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बीएंडके को गोल्ड, सिल्वर और कास्य पदक दिलाया है। बीएंडके के एकेकेओसीपी मे कलर्क ग्रेड, दीपक हाई जंप मे गोल्ड, जीएम यूनिट जूनियर डीईओ पुष्पांजलि हाई जंप मे कास्य, जीएम यूनिट जूनियर डीईओ दिनेश यादव पोल वोल्ट मे सिल्वर और करगली ओसी मे माईनिंग खुर्शीद हुसैन 400 मीटर दौड़ मे कास्य पदक स्पर्धा में मिला है। यह प्रतियोगिता 22-23 फरवरी को सिंगरैनी कोलियरीज, कोठागुडम में आयोजित की गई है। इस उपलब्धि ने बीएंडके के सभी कर्मचारियों को गौरवान्वित किया है। सीसीएल के 14 सदस्यीय दल ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया और अच्छा प्रदर्शन किया है। बीएंडके जीएम चितरंजन कुमार सहित कई अधिकारियों ने उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

## बोकारो : जनता दरबार में डीआरडीए निदेशक ने प्राप्त आवेदनों पर लिया संज्ञान



बोकारो। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर डीआरडीए निदेशक मेनका ने आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 15 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं/शिकायतों पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। इसके अलावा कुछ मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण सामान्य शाखा भूमि पर कब्जा बीएसएल कार्यपालक अभियंता, राजस्व कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, सीओ नावाडीह आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। मौके पर अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, डीटीओ वंदना शेजवलकर, सहायक निदेशक पीयूष, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### अब व्हाइट हाउस तय करेगा ट्रंप के दौरे में कितने पत्रकार होंगे

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस दशकों पुरानी परंपरा को तोड़ने जा रहा है।अब वह ही यह तय किया करेगा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के देश-विदेश के दौरे में कितने पत्रकार जाएंगे और कौन सवाल पूछेगा। इससे पहले व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स एसोसिएशन ही यह तय करता रहा है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स एसोसिएशन 111 साल पुराना संगठन है। वह लंबे समय से स्वयं ही यह निर्धारित करता रहा है कि कौन से पत्रकार राष्ट्रपति की दैनिक गतिविधियों में हिस्सा लेंगे। ट्रंप प्रशासन ने मंगलवार को कहा कि वह जल्द ही इसका चयन करेगा कि किन मीडिया आउटलेट्स को राष्ट्रपति प्रेस पूल में भाग लेने की अनुमति दी जाए।

### प्रीति जिंटा ने तीसरी बार लगायी संगम में डुबकी



**प्रयागराज।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने तीसरी बार प्रयागराज में संगम में डुबकी लगाई। जिंटा तीसरी बार महाकुंभ पहुंची,जहां उन्होंने संगम में डुबकी लगाई। प्रीति जिंटा ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह अपनी मां के साथ महाकुंभ गईं। उन्होंने वहां प्रार्थना करने और संगम में डुबकी लगाने की कई तस्वीर शेयर की। प्रीति ने पोस्ट के साथ लिखा, यह कुंभ मेले में मेरी तीसरी यात्रा थी और यह जादुई, दिल को छू लेने वाला और थोड़ा दुखद भी था। जादुई इसलिए क्योंकि मैं कितनी भी कोशिश करूं, मैं यह नहीं बता सकती कि मुझे कैसा महसूस हुआ। दिल को छू लेने वाला इसलिए क्योंकि मैं अपनी मां के साथ गई थी और यह उनके लिए खास महत्व रखता है।मैं जीवन और मृत्यु के चक्र से मुक्त होना चाहती थी, लेकिन मुझे जीवन और आसक्ति के द्वंद्व का एहसास हुआ।

### दो मई को खुलेंगे केदारनाथ के कपाट

**उखीमठ।** विश्व प्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट इस वर्ष ग्रीष्मकालीन दर्शनार्थ आगामी दो मई को प्रातः सात बजे, बैशाख, मास, मिथुन राशि, वृष लग्न में विधि- विधान से खुलेंगे। इससे पूर्व, 27 अप्रैल को भगवान भैरवनाथ जी की पूजा होगी। जबकि बाबा केदार की पंच मुखी डोली 28 अप्रैल को श्री ओंकारेश्वर मंदिर, उखीमठ से केदारनाथ धाम प्रस्थान करेगी।

### दिल्ली : कैग की रिपोर्ट सार्वजनिक हो : कांग्रेस

**नयी दिल्ली ।** कांग्रेस ने दिल्ली की आबकारी नीति पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट विधानसभा की पटल पर पेश करने का स्वागत किया है, लेकिन कहा है कि इसे सार्वजनिक कर लोक लेखा समिति (पीएसी) से इसकी जांच कराई जानी चाहिए। कांग्रेस के अध्यक्ष देवेंद्र यादव तथा वरिष्ठ नेता संदीप दीक्षित ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार ने कैग की 14 में से एक रिपोर्ट ही विधानसभा के पटल पर रखी है और साफ है की शराब नीति घोटाले में भाजपा शामिल है इसलिए रिपोर्ट को सार्वजनिक कर इस घोटाले को सबके सामने लाया जाना चाहिए। उन्होंने घोटाले की व्यापक जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि कांग्रेस को पहले से संदेह था कि इस नीति में बहुत सारी अनियमितताएं हैं जिससे सरकार के राजस्व पर असर पड़ने वाला है। दिल्ली कांग्रेस ने जांच एजेंसियों को शराब नीति से जुड़ी शिकायत भी की थी, जिसमें भाजपा के संलिप्त होने के भी सबूत थे।

# महाकुंभ में लड़ाकू विमानों ने श्रद्धालुओं को दी महासलामी

## जांबाज पायलटों ने हवा में दिखाई कलाबाजियां




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महाकुंभ नगर।** महाकुंभ पर महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व के दौरान भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने श्रद्धालुओं को महासलामी दी। बुधवार दोपहर वायुसेना के विमानों की तेज गर्जना सुन श्रद्धालुओं ने आसमान की ओर देखा तो गर्व और उत्साह से तालियां बजानी शुरू कर दीं। इस दौरान लोग जय श्री राम, हर हर गंगे, हर हर महादेव के साथ मोदी-योगी के भी जयकारे लगाने लगे। इसी के साथ वायुसेना के एयर शो के फोटो और वीडियो बनाकर श्रद्धालु सोशल मीडिया पर शेयर करने लगे। वायुसेना के अधिकारी के अनुसार महाकुम्भ में आए श्रद्धालुओं का अंतिम स्नान पर्व पर संगम क्षेत्र के ऊपर भव्य एयर शो से अभिवादन किया गया। इस पावन अवसर पर जहां गंगा तट पर डेढ़ करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु डुबकी लगा रहे थे, वहीं आकाश में सुखोई, एएन-32 और चेतक हेलीकॉप्टर आसमान से श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ा रहे थे। इस ऐतिहासिक पल ने श्रद्धालुओं को रोमांचित कर दिया। महाकुम्भ के समापन अवसर पर भारतीय वायुसेना के जांबाज पायलटों ने हवा में अद्भुत कलाबाजियां दिखाईं। विमानों की तेज गर्जना सुन श्रद्धालुओं ने आसमान की ओर देखा, जहां सुखोई और एएन-32 और चेतक का शानदार प्रदर्शन चल रहा था। इस रोमांचक नजारे को श्रद्धालुओं ने अपने मोबाइल कैमरों में कैद किया और सोशल मीडिया पर साझा किया। लोगों ने इसे महाकुम्भ का यादगार पल बताया। जिस वक्त महाकुम्भ में संगम के ऊपर एयर शो चल रहा था, उसे देख श्रद्धालु गर्व और उत्साह से तालियां बजाने लगे। महाकुम्भ के अंतिम दिन गंगा के तट पर जहां साधु-संतों और श्रद्धालुओं की आस्था की दिव्यता नजर आई, वहीं आकाश में वायुसेना की शौर्य और पराक्रम भी देखने को मिला। दोनों ने मिलकर इस महापर्व के समापन को ऐतिहासिक बना दिया।




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को स्वागत करते पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

# सामाजिक समरसता बढ़ाने के लिए संत समाज करे प्रयास

## बागेश्वर धाम में 251 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह

- राष्ट्रपति ने उपहार देकर नव दंपतियों के सुखमय जीवन की कामना की
- गुरुनानक, संत रविदास, कबीरदास, मीरा बाई जैसे कई संतों ने महिलाओं को समाज में उचित स्थान देने का संदेश दिया था : मुर्मू

**एजेंसी**

**भोपाल।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि हमारा देश महिलाओं के विकास से महिलाओं के नेतृत्व में विकास की ओर आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में बेटियों को सबल और सशक्त बनाने में सहयोग करना समाज और सरकार का कर्तव्य है। बेटियों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर ध्यान देना उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करने के लिए जन-जन को प्रतिबद्ध होना होगा। बेटियों के सशक्त होने से परिवार, समाज और देश सशक्त होगा। 2047 में स्वतंत्रता की शताब्दी तक देश को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य के साथ हम अग्रसर हैं। हम ऐसे भारत का निर्माण करें, जो न केवल आर्थिक दृष्टि से आत्मनिर्भर हो अपितु सामाजिक समरसता से भी परिपूर्ण हो। देश पर्यावरण की दृष्टि से समृद्ध हो और आध्यात्म से विश्व को राह दिखाने में सक्षम हो। ऐसे राष्ट्र निर्माण में संतों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने संत समाज से मानव कल्याण की भावना के साथ देश में सामाजिक समरसता बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास करने का आह्वान किया। राष्ट्रपति बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में स्थित बागेश्वर धाम में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति मुर्मु, राज्यपाल मंगुभाई पटेल तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में बागेश्वर धाम में 251 जोड़ों का सामूहिक विवाह हुआ। भव्य समारोह में राष्ट्रपति ने दाम्पत्य सूत्र में बंध रहे जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। राष्ट्रपति के सम्मुख जोड़ों की वरमाला रस्म संपन्न हुई। उन्होंने प्रतीक स्वरूप तीन जोड़ों को उपहार भेंट किए। श्री बागेश्वर धाम जन सेवा समिति द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में शामिल हुईं 251 बेटियों में से 108 बेटियां जनजातीय समुदाय की हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि समकालीन समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने और समाज को जागरूक करने के लिए पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की पहल सराहनीय है। गुरुनानक देवजी, संत रविदास, कबीरदास, मीरा बाई जैसे कई संतों ने अपने उपदेशों से महिलाओं को समाज में उचित स्थान दिलाने का संदेश दिया है। समाज को सन्मार्ग दिखाने की संत परंपरा के इस उद्देश्य को बागेश्वर धाम प्रभावी रूप से आगे बढ़ा रहे हैं।

### पेट्रोल में 20 फीसदी से अधिक होगा एथनॉल का मिश्रण : हरदीप पुरी

**गुवाहाटी।** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को कहा कि भारत पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण के अपने लक्ष्य को बढ़ाकर 20 प्रतिशत से अधिक होगा। उन्होंने कहा कि इस पर विचार करने के लिए नीति आयोग के तहत एक समिति गठित की गई है। एडवांटेज असम 2.0 व्यापार शिखर सम्मेलन में पुरी ने कहा कि 19.6 प्रतिशत मिश्रण पहले ही हासिल किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि हम 20 प्रतिशत से अधिक जैव ईंधन मिश्रण पर विचार कर रहे हैं। नीति आयोग समूह का गठन पहले ही किया जा चुका है और वे इस पर विचार कर रहे हैं। पुरी ने कहा कि हमने 2026 तक 20 प्रतिशत मिश्रण का लक्ष्य रखा था, हम पहले ही 19.6 प्रतिशत हासिल कर चुके हैं। मुझे यकीन है कि अगले महीने 20 फीसदी तक पहुंच जाएंगे। उन्होंने कहा कि देश में 1700 करोड़ लीटर मिश्रण की क्षमता है और 1,500 करोड़ लीटर का इस्तेमाल किया जा रहा है।

# भाजपा के सात विधायक बने मंत्री

## बिहार में नीतीश कुमार ने किया कैबिनेट का विस्तार

- संजय सरावगी, डॉ. सुनील कुमार, जीवेश मिश्रा, राजू सिंह, मोतीलाल प्रसाद, विजय मंडल और कृष्ण मंटू ने ली मंत्री पद की शपथ



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर मंत्रिमंडल का विस्तार करते हुए भाजपा कोटे से सात विधायकों को मंत्री बनाया है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने बुधवार को राजभवन में आयोजित एक सादे समारोह में नए मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्रिमंडल के अन्य सहयोगी और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री पद की शपथ लेने वालों में दरभंगा नगर से विधायक संजय सरावगी, बिहारशरीफ से डॉ. सुनील कुमार, दरभंगा के जाले विधानसभा क्षेत्र से विधायक जीवेश मिश्रा, मुजफ्फरपुर के साहेबगंज से विधायक राजू कुमार सिंह, सीतामढ़ी के रीगा से विधायक मोतीलाल प्रसाद, अररिया के सिकटी से विधायक विजय कुमार मंडल और अमनौर से विधायक कृष्ण कुमार मंटू शामिल हैं।



राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल आरिफ खां से मिलते नीतीश कुमार।

### डीएमके सरकार राष्ट्र विरोधी और भ्रष्टाचार का प्रतीक : अमित शाह



**चेन्नई।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने तमिलनाडु की डीएमके सरकार को राष्ट्र विरोधी और भ्रष्टाचार का प्रतीक बताया है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और उनके बेटे उदयनिधि स्टालिन को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि स्टालिन और उनके परिवार के सदस्य अपने भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए ही हिंदी विरोधी अभियान चला रहे हैं। मुख्यमंत्री स्टालिन पूरे राज्य में अभियान चला रहे हैं कि केंद्र सरकार गैर-हिंदी भाषी राज्यों पर हिंदी थोप रही है। उन्होंने घोषणा की है कि डीएमके सरकार राज्य में हिंदी को अनुमति नहीं देगी। अमित शाह ने कोयंबटूर में भाजपा के एक कार्यक्रम में स्टालिन के आरोपों पर कहा कि भाजपा-नीत राजग सरकार ने हिंदी को बढ़ावा देने और लोकप्रिय बनाने के लिए बहुत कुछ किया है। शाह ने कहा कि स्टालिन और उनके बेटे ने भ्रष्टाचार को संस्थागत रूप दिया है। शाह ने कहा कि स्टालिन सरकार को 2026 के विधानसभा चुनाव में उखाड़ फेंका जाएगा और भाजपा-नीत एनडीए तमिलनाडु में अगली सरकार बनाएगा, जो राज्य को विकास के पथ पर ले जाएगी।

# अमेरिका को खनिज भंडार सौंपेंगे जेलेंस्की

- युद्ध से तबाह हुए यूक्रेन को पुनर्निर्माण में मदद करेंगे ट्रंप



**एजेंसी**

**कीव।** संयुक्त राज्य अमेरिका और यूक्रेन एक बड़े समझौते पर सहमत हो गए हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की अमेरिका को देश का खनिज भंडार सौंपने को तैयार हो गए हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसके बदले युद्ध से तबाह हुए यूक्रेन को पुनर्निर्माण में यथासंभव सहयोग करेंगे। सीएनएन ने सूत्र के हवाले से यह खबर प्रसारित की है। इसमें कहा गया है कि समझौते के मसौदे से वह हर चीज हटा दी गई, जिस पर दोनों पक्षों में से किसी एक को भी आपत्ति हो सकती थी। हालांकि अभी तक अमेरिकी ने इसकी पुष्टि नहीं की है। हालांकि यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की आने वाले दिनों में वाशिंगटन की यात्रा कर सकते हैं।ऐसे संकेत राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को खुद दिए। उन्होंने ओवल ऑफिस से कहा कि सुना है वह शुक्रवार को आ रहे हैं। जेलेंस्की का आना अच्छा रहेगा। हम दोनों मिलकर समझौते पर हस्ताक्षर करना चाहेंगे। वाकई अमेरिका के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। इससे पहले सोमवार को भी कहा गया था कि यूक्रेन एक ऐसे समझौते पर सहमत होने के लिए तैयार है जो पुनर्निर्माण निधि में अमेरिका की भागीदारी चाहता है। वह इसके बदले संयुक्त राज्य अमेरिका को अपने दुर्लभ खनिज भंडार का बड़ा हिस्सा सौंप सकता है। सूत्र ने कहा था कि अमेरिकी अधिकारियों ने समझौते के मसौदे में शामिल सुरक्षा गारंटी का विरोध किया था। बताया गया है कि ट्रंप प्रशासन ने यूक्रेन से पहले की सहायता के बदले उसके खनिजों में 500 बिलियन डॉलर की हिस्सेदारी मांगी थी। जेलेंस्की ने इसे अस्वीकार कर दिया था। उल्लेखनीय है कि यूक्रेन के पास दुनिया के लगभग पांच प्रतिशत महत्वपूर्ण खनिज हैं। इनमें 19 मिलियन टन से भी अधिक ग्रेफाइट के भंडार हैं। यूक्रेन ग्रेफाइट का उत?पादन करने वाले शीर्ष पांच देशों में है। ग्रेफाइट का उपयोग इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी बनाने में किया जाता है। इसके अलावा यूरोप के सभी लिथियम भंडारों का एक तिहाई हिस्सा भी यूक्रेन में है। यह भी बैटरी में इस्तेमाल होता है। रूस के आक्रमण से पहले यूक्रेन वैश्विक स्तर पर 7 फीसद टाइटेनियम का उत्पादन करता था। यह हवाई जहाजों से लेकर बिजली संयंत्रों तक, विभिन्न प्रकार के उत्पादों के निर्माण में उपयोग की जाने वाली एक हल्की धातु है। यूक्रेन में दुर्लभ धातुओं के भी महत्वपूर्ण भंडार हैं। यह 17 तत्वों का एक समूह है। इनका उपयोग आधुनिक हथियारों, पवन टर्बाइनों, इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य उत्पादों के उत्पादन में किया जाता है। हालांकि, कुछ खनिज भंडारों पर रूस ने कब्जा कर लिया है। यूक्रेन के वित्तमंत्री यूलिया स्विरीडेन्को के अनुसार, रूस के कब्जे वाले क्षेत्रों में अब 350 बिलियन डॉलर के खनिज शामिल हैं।

### सरकार ने पेटीएम के साथ किया समझौता

**नयी दिल्ली।** भारत में फिनटेक और मैन्युफैक्चरिंग स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) और पेटीएम ने हाथ मिलाया है। इसके तहत कंपनी स्टार्टअप को मार्गदर्शन, बुनियादी ढांचा समर्थन, बाजार पहुंच तथा वित्त पोषण के अवसर उपलब्ध कराएगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि सरकार ने भारत में नवाचार को बढ़ावा देने और विनिर्माण तथा फिनटेक स्टार्टअप के विकास में तेजी लाने के लिए पेटीएम (वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते पर डीपीआईआईटी के निदेशक सुमीत कुमार जारंगल और पेटीएम के संस्थापक एवं सीईओ विजय शेखर शर्मा ने वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। मंत्रालय ने कहा कि इस सहयोग के तहत पेटीएम स्टार्टअप को मार्गदर्शन, बुनियादी ढांचा सहायता, बाजार पहुंच और वित्त पोषण के अवसर प्रदान करेगा।

